केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

16 वर्षों से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com



महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

# मालवा हेराल्ड

**सुविचार**

ग़लती तो जीवन का एक पन्ना है और रिश्ता पूरी किताब इसलिए सिर्फ़ एक पन्ने के लिए पूरी किताब मत फाड़ना

वर्ष : 16 अंक : 207 | उज्जैन, मंगलवार 6 जनवरी 2026 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपए

# केन्द्र और राज्य के बेहतर समन्वय से म.प्र. में सड़क परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आई उल्लेखनीय गति : केन्द्रीय सड़क मंत्री श्री गडकरी

### दिल्ली में हुए मंथन से सड़क नेटवर्क विस्तार को मिलेगी नई गति – मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने सिंहस्थ-2028 को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तावित सड़क परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन के लिए सुदृढ़, सुरक्षित और सुगम सड़क कनेक्टिविटी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मध्यप्रदेश में सड़क परियोजनाओं की संतोषजनक प्रगति के लिए राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य के बेहतर समन्वय से सड़क परियोजनाओं के क्रियान्वयन में उल्लेखनीय गति आई है। यह बात केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री गडकरी ने, मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार, सुदृढ़ीकरण एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन को नई गति प्रदान करने के उद्देश्य से दिल्ली में समीक्षा बैठक में कही। बैठक में केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव एवं म.प्र. विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर भी शामिल हुए।



केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के अंतर्गत ब्यूटीफिकेशन, ब्रिज निर्माण, पुलिया निर्माण तथा ब्लैक स्पॉट रेक्टिफिकेशन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सड़कें केवल यातायात का माध्यम नहीं, बल्कि क्षेत्रीय विकास और जनसुविधा का आधार होती हैं, इसलिए इनके सौंदर्यीकरण और सुरक्षा उपायों पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर प्राथमिकता के आधार पर सुधारात्मक कार्य किए जाएं।

सड़क निर्माण की गुणवत्ता को दें सर्वोच्च प्राथमिकता- केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सड़क परियोजनाओं में वृक्ष कटाई को न्यूनतम रखते हुए आधुनिक तकनीकों के माध्यम से ट्री ट्रांसप्लांट को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जिससे विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कॉन्ट्रैक्टर्स से सीधे संवाद कर प्रत्येक परियोजना की समीक्षा की और कहा कि सभी कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप ही किए जाएं।

केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने पेचवर्क सहित सड़क रख-रखाव कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि टोल टैक्स वाली सड़कों की स्थिति उत्कृष्ट होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि किसी टोल रोड पर सड़क की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाई जाती है, तो संबंधित टोल संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश देते हुए समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह मंथन बैठक केंद्र एवं राज्य सरकार के बीच संस्थागत समन्वय को और अधिक सुदृढ़ करेगी तथा राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के क्रियान्वयन में गति और गुणवत्ता दोनों सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि इस समीक्षा के माध्यम से लंबित एवं प्रगतिरत परियोजनाओं से जुड़ी व्यावहारिक चुनौतियों-जैसे भूमि अधिग्रहण, पर्यावरणीय स्वीकृतियां, निर्माण गुणवत्ता और समयबद्धता-पर समन्वित निर्णय लिए गए हैं, जिससे कार्यों को शीघ्रता से धरातल पर उतारा जा सकेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक मजबूत, आधुनिक और सुरक्षित सड़क नेटवर्क प्रदेश की आर्थिक प्रगति, औद्योगिक विकास, निवेश आकर्षण और पर्यटन विस्तार की आधारशिला है। राष्ट्रीय राजमार्गों के सुदृढ़ीकरण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि व्यापार, लॉजिस्टिक्स, कृषि विपणन और रोजगार सृजन को भी नया प्रोत्साहन मिलेगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र सरकार के सहयोग और राज्य सरकार की सक्रिय भूमिका से मध्यप्रदेश में सड़क अवसंरचना को नई दिशा मिलेगी तथा आम नागरिकों को सुरक्षित, सुगम और विश्वस्तरीय यातायात सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा।

लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कुशल नेतृत्व में राज्य में सड़क नेटवर्क को सुदृढ़ और आधुनिक बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का निर्माण कार्य तेज़ गति से प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं से आवागमन सुगम होगा, आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और आम नागरिकों को बेहतर परिवहन सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। उन्होंने राज्य में राष्ट्रीय राज्यमार्ग परियोजनाएँ तीव्र गति से प्रस्तावित करने के लिए केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने राज्य सरकार की परियोजनाओं में विकासात्मक उपलब्धियों की जानकारी भी साझा की।

मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को समय-सीमा में पूर्ण करने लिए में प्रति माह परियोजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के लिए हरसंभव सहयोग दिया जा रहा हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### 15वीं बार जेल से बाहर आया गुरमीत राम रहीम, लग्जरी गाड़ियों के काफिले से सिरसा डेरा रवाना



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** साध्वियों के यौन शोषण और पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में उम्रकैद की सजा काट रहा डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम 40 दिन की पैरोल पर फिर जेल से बाहर आ गया है। आज दोपहर वह रोहतक की सुनारिया जेल से बाहर आया और अपने काफिले में सिरसा आश्रम के लिए निकल गया। सजा के बाद से वह 15वीं बार पैरोल या फरलो लेकर जेल से बाहर आया है। रोहतक के डिविजनल कमिश्नर ने शनिवार को राम रहीम की पैरोल मंजूर की थी। 2026 में यह उसकी पहली रिहाई होगी। पैरोल डेरा सच्चा सौदा के दूसरे गुरु शाह सतनाम के जन्मदिन के अवसर पर दी गई है। सोमवार करीब साढ़े 11 बजे पैरोल मिलने के बाद वह अपने सफेद गाड़ियों के काफिले में सिरसा डेरे के लिए रवाना हुआ। राम रहीम को लेने के लिए सिरसा डेरे से लग्जरी गाड़ियों का काफिला पहुंचा था। इसमें दो बुलेट प्रूफ लैंड क्रूजर, दो फॉरच्यूनर व 2 अन्य गाड़ियां शामिल थीं। राम रहीम इस बार उत्तर प्रदेश में बागपत के बरनावा आश्रम में नहीं, बल्कि वह सिरसा स्थित डेरे में ही रहेगा। राम रहीम की सुरक्षा के लिए डेरे के आसपास पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। पिछली बार वह अगस्त 2025 में 40 दिन के पैरोल पर जेल से बाहर आया था और सिरसा डेरे में रहा था। अबकी बार भी 40 दिन की पैरोल सिरसा डेरे में ही कटेगी। राम रहीम की पैरोल अवधि के दौरान शाह सतनाम जी महाराज का जन्मदिन 25 जनवरी को है। इस दिन डेरा सच्चा सौदा की ओर से विशेष कार्यक्रम होता है। राम रहीम के सिरसा आगमन से पहले डेरा सच्चा सौदा में तैयारियां शुरू हो गई हैं और वहां हलचल तेज हो गई है। डेरा अनुयायियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। राम रहीम की यह 15वीं जेल रिहाई ने एक बार फिर हरियाणा की पैरोल नीति को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। पत्रकार रामचंद्र छत्रपति के बेटे अंशुल छत्रपति का कहना रहा है कि राम रहीम कोई सामान्य कैदी नहीं, बल्कि गंभीर अपराधों में दोषी एक हार्ड क्रिमिनल है। ऐसे में उसे बार बार राहत देना न्याय की भावना के खिलाफ है। वहीं, हरियाणा सरकार ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में दायर हलफनामे में राम रहीम को हार्ड क्रिमिनल मानने से इनकार किया है। सरकार का कहना है कि जेल रिकॉर्ड के अनुसार उसका आचरण संतोषजनक रहा है और उसे अच्छे चाल चलन वाला कैदी माना गया है। इसी आधार पर नियमों के तहत उसे पैरोल दी जाती रही है।

### शेख हसीना को वापस क्यों नहीं भेजते, मुस्तफिजुर को लौटाने पर असदुद्दीन ओवैसी का चैलेंज



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** बांग्लादेश के क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर किए जाने को लेकर AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने मुस्तफिजुर को बाहर निकालने के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब पहलगाम हमले के बाद भी भारत और पाकिस्तान ने क्रिकेट मैच खेला था तो अब बांग्लादेशी खिलाड़ी को बाहर क्यों किया गया है ओवैसी ने इस दौरान सरकार को बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत से वापस भेजने का चैलेंज दे दिया है। असदुद्दीन ओवैसी ने सरकार पर हमला बोलते हुए एक रैली में कहा, जनता को कहते हैं देखो हमने बांग्लादेशी को बिठा दिया। अरे एक और बिठाओ ना जो मोदी की बहन बन कर दिल्ली बैठी है। ओवैसी ने आगे लोगों से नारे लगवाते हुए कहा, मोदी जी सुनो ये आवाज आ रही हैज्उसको ले जाओ बांग्लादेश। ओवैसी ने आगे कहा कि सरकार एक क्रिकेट प्लेयर को बिठा कर ये मीडिया में ढिंढोरा बंटवा रही है, लेकिन भारत आज भी बांग्लादेश के साथ व्यापार करता है और इस पर कोई रोक नहीं लगी है।

## भारत के आत्मविश्वास को बढ़ाएगा स्वदेशी पोत समुद्र प्रताप, बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली/ जीएनएस।** पहले स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत समुद्र प्रताप की क्षमताओं का उल्लेख करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह पोत भारत के आत्मविश्वास को बढ़ाएगा क्योंकि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता एक रणनीतिक आवश्यकता है। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि समुद्री संसाधन किसी एक देश की संपत्ति नहीं हैं, बल्कि मानवता की साझा विरासत हैं। और, जब विरासत साझा होती है तो उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी साझा होती है। यही कारण है कि भारत आज विश्व मंच पर शांति, स्थिरता और पर्यावरण संबंधी जिम्मेदारी के सिद्धांतों के साथ मजबूती से खड़ा है।



सोमवार को रक्षा मंत्री ने गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में स्वदेशी रूप से डिजाइन एवं निर्मित भारतीय तटरक्षक बल के दो प्रदूषण नियंत्रण पोतों में से पहले पोत समुद्र प्रताप का जलावतरण किया। उन्होंने कहा कि 4,200 टन वजनी, 114.5 मीटर लंबे और 22 समुद्री मील प्रति घंटा से ज्यादा गति वाले इस पोत के जलावतरण से हमारी ताकत बढ़ेगी और देश का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। यह पोत हमारे सामूहिक संकल्प का प्रतीक है।

यह पोत उन्नत प्रदूषण पहचान प्रणालियों, प्रदूषण से निपटने के लिए विशेष नौकाओं और आधुनिक अग्निशमन क्षमताओं से लैस है। इसमें हेलीकाप्टर हैंगर और विमानन सहायता सुविधाएं भी हैं, जो इसकी पहुंच और प्रभावशीलता को काफी बढ़ा सकती हैं। राजनाथ ने विश्वास व्यक्त किया कि इन क्षमताओं के कारण यह पोत खराब समुद्री परिस्थितियों में भी स्थिर रूप से काम कर सकेगा, जिससे वास्तविक परिचालन में बहुत लाभ मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि तटरक्षक बल जिस तरह से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहा है, उससे देश के शत्रुओं को स्पष्ट संदेश दिया गया है कि यदि वे भारत की समुद्री सीमाओं पर बुरी नजर डालने या किसी भी प्रकार का दुस्साहस करने का साहस करते हैं, तो उन्हें करारा और मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

### टाटा समूह की बड़ी तैयारी, एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस के लिए नए चेहरे की तलाश जारी



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** टाटा समूह ने एअर इंडिया के लिए नए नेतृत्व की तलाश शुरू कर दी है, क्योंकि मौजूदा मुख्य कार्यपालक अधिकारी और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन का कार्यकाल अगले साल समाप्त होने वाला है।

टाटा समूह एअर इंडिया एक्सप्रेस के लिए भी नए प्रबंध निदेशक की नियुक्ति पर विचार कर रहा है, क्योंकि वहां वर्तमान एमडी आलोक सिंह का कार्यकाल 2027 में पूरा होगा।

मामले से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि विल्सन और टाटा समूह दोनों ही 2027 के बाद अनुबंध के नवीनीकरण के इच्छुक नहीं हैं, ऐसे में एअर इंडिया के शीर्ष पद के लिए उपयुक्त उम्मीदवारों की तलाश स्वाभाविक है।

हालांकि इस विषय पर टाटा समूह की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं आई है। नए प्रमुख के चयन की प्रक्रिया में तीन से छह महीने लग सकते हैं। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि यदि मौजूदा और आने वाले प्रमुख कुछ समय तक साथ काम करते हैं, तो नेतृत्व परिवर्तन की प्रक्रिया अधिक सहज हो सकती है।

## न्यायिक अधिकारियों के खिलाफ निराधार आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, अवमानना की कार्रवाई की चेतावनी

**नई दिल्ली/ जीएनएस।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मध्य प्रदेश के एक न्यायिक अधिकारी की बर्खास्तगी को रद कर दिया, जिन पर एक्साइज एक्ट के तहत आरोपितों को जमानत देने में भिन्न मापदंड अपनाने और भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप था।



पीठ ने ट्रायल कोर्ट के न्यायिक अधिकारियों के खिलाफ निराधार आरोपों की बढ़ती प्रवृत्ति पर गंभीरता से ध्यान दिया और ऐसे अधिकारियों की सुरक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया। जस्टिस जेबी पार्डीवाला और केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि न्यायिक अधिकारी को 27 वर्षों की दाग रहित सेवा के बाद उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना बर्खास्त किया गया। शीर्ष अदालत की अहम टिप्पणी

शीर्ष अदालत ने अवलोकन किया, यह कारण है कि ट्रायल कोर्ट के अधिकारी जमानत देने में हिचकिचाते हैं और उच्च न्यायालयों और सुप्रीम कोर्ट पर जमानत याचिकाओं का बोझ बढ़ता है।

## कर्नाटक में अवैध प्रवासियों को आवास देने के खिलाफ प्रदर्शन, सड़क पर उतरे भाजपा कार्यकर्ता

**नई दिल्ली/ जीएनएस।** भाजपा ने कांग्रेस शासित कर्नाटक सरकार के उस कदम के खिलाफ आवाज उठाई, जिसमें हाल ही में कोगिलु में अतिक्रमण के दौरान अपने निवास खोने वाले अवैध प्रवासियों को आवास प्रदान करने का निर्णय लिया गया था। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने कहा कि यदि आवश्यक हुआ तो भाजपा अदालत का दरवाजा खटखटाएगी।



भाजपा की ओर से यह प्रदर्शन बेंगलुरु की मुख्य सड़क पर स्थित कंट्री क्लब के पास आयोजित किया गया, जिसका नेतृत्व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र, विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक, विधान परिषद में विपक्ष के नेता चालावाड़ी नारायणस्वामी और अन्य भाजपा विधायक और एमएलसी कर रहे थे।

### आपने भगवान को भी नहीं छोड़ा, सबरीमाला सोने की चोरी मामले में पर सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड के पूर्व सदस्य केपी शंकरदास को सुप्रीम कोर्ट के बड़ा झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने सबरीमाला सोने की चोरी के मामले में कोरल हाई कोर्ट की टिप्पणियों को हटाने से इनकार कर दिया।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और एएसी शर्मा की बेंच ने कहा कि शंकरदास, जिन्होंने देवस्वोम बोर्ड की मीटिंग के मिनट्स पर साइन थे, वे चोरी के मामले की जिम्मेदारी से बच नहीं सकते।

जजों ने हाई कोर्ट के फैसले से पांच पैराग्राफ हटाने से इनकार कर दिया, जिसमें कहा गया था कि देवस्वोम बोर्ड के सदस्य केपी शंकरदास और विजयकुमार सोने की चोरी के मामले में जिम्मेदार थे। कोर्ट ने कहा कि इस स्टेज पर हाईकोर्ट की टिप्पणियों में दखल का कोई कारण नहीं है। पहले के एक आदेश में केरल हाईकोर्ट की सिंगल जज बेंच ने कहा था कि देवस्वोम बोर्ड के सदस्य शंकरदास और विजयकुमार सोने की चोरी के मामले में जिम्मेदार थे।

अपनी याचिका में शंकरदास ने तर्क दिया था कि हाईकोर्ट ने उन्हें सुने बिना उनके खिलाफ टिप्पणियां की हैं, जिससे निष्पक्ष जांच प्रभावित हो सकती है। उन्होंने अपनी उम्र और स्वास्थ्य समस्याओं का हवाला देते हुए राहत की मांग की थी।

## PM मोदी जानते थे कि मैं खुश नहीं हूं और..., रूसी तेल पर ट्रंप की नई धमकी

**नई दिल्ली/ जीएनएस।** अमेरिका राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के रूसी तेल की खरीद को लेकर फिर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि भारत मुझे खुश करने की कोशिश कर रहा था। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अच्छे व्यक्ति हैं। अमेरिका ने भारत पर रूसी तेल की खरीद के चलते 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। शुरुआती 25 फीसदी टैरिफ के ऐलान के साथ अमेरिका ने भारत पर जुर्माना भी लगाया था। भारत ने साफ किया था कि उसे रूसी तेल को लेकर अमेरिका और यूरोपीय संघ की तरफ से निशाना बनाया जा रहा है।



एयरफोर्स वन पर रविवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रंप ने रूसी तेल की खरीद के मुद्दे को उठाया। उन्होंने भारत को लेकर कहा, ...वो मुझे खुश करना चाहते थे...। पीएम मोदी बहुत ही अच्छे व्यक्ति हैं। वह बहुत अच्छे व्यक्ति हैं। वह जानते थे कि मैं खुश नहीं हूं। यह जरूरी है कि मुझे खुश रखा जाए। वो व्यापार करते हैं और हम बहुत जल्दी से टैरिफ बढ़ा सकते हैं...। अमेरिका के तीन प्रभावशाली सांसदों ने दिसंबर में ट्रंप की ओर से लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ को खत्म करने के लिए प्रस्ताव पेश किया था। इनमें साउथ कैरोलाइना से डेबोरा रॉस, टेक्सास के प्रतिनिधि मार्क वेसी और इलिनोइस के प्रतिनिधि राजा कृष्णमूर्ति शामिल थे। उनका कहना है कि गैर-जिम्मेदाराना शुल्क रणनीति के बुरे परिणाम होंगे, जिससे एक अहम साझेदारी कमजोर पड़ेगी।

अमेरिका और भारत के संबंधों के लिहाज से साल 2025 की शुरुआत बहुत अच्छी रही और पीएम मोदी ने फरवरी में वॉशिंगटन की यात्रा कर व्हाइट हाउस में ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में उनके साथ पहली द्विपक्षीय बैठक की। इससे एक महीने पहले, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 21 जनवरी को ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए अमेरिकी संसद भवन में अग्रिम पंक्ति में बैठकर कार्यक्रम में भाग लिया था और इसके कुछ घंटे बाद नए विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने जयशंकर समेत क्वाड के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी की।

लेकिन जैसे-जैसे महीने बीतते गए, द्विपक्षीय संबंध जो पूरी गति से आगे बढ़ रहे थे, उन्हें शुल्क और व्यापार को लेकर मतभेदों के रूप में बाधाओं का सामना करना पड़ा। ट्रंप ने संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए भारत और अन्य देशों की आलोचना की और कहा की कि वे अमेरिकी उत्पादों पर ऊंचे शुल्क लगाते हैं। ट्रंप ने भारत को अत्यधिक शुल्क लगाने वाला देश बताया और उनके व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने भारत को शुल्कों का महाराजा कहा। ट्रंप भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद के आलोचक रहे हैं और अगस्त में उन्होंने भारतीय आयात पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाया, जिससे भारत पर कुल शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया।अमेरिकी सांसदों ने ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए शुल्क की आलोचना की है।



# इंदौर जल त्रासदी ने उजागर की जल जीवन मिशन की कमजोरियाँ, सालों की अनदेखी चेतावनियों ने लीं बेकसूर जानें




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** दूषित पेयजल से इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में हुई मौतों ने न केवल भारत के सबसे स्वच्छ शहर की छवि को गहरा आघात पहुंचाया है, बल्कि मध्यप्रदेश में सुरक्षित पेयजल आपूर्ति को लेकर किए जा रहे सरकारी दावों पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सीवेज मिश्रित पानी के सेवन से अब तक कम से कम 17 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 200 से अधिक नागरिक गंभीर रूप से बीमार हुए हैं। यह पूरा इलाका नगर निगम की पाइपलाइन आधारित जल आपूर्ति पर निर्भर है, जिससे शहरी जल व्यवस्था की खतरनाक हकीकत सामने आ गई है।

यह त्रासदी इसलिए भी अधिक चिंताजनक है क्योंकि इंदौर में जल गुणवत्ता को लेकर चेतावनियाँ कोई नई नहीं थीं। सरकारी रिकॉर्ड बताते हैं कि वर्ष 2016-17 में शहर के 58 स्थानों पर जल प्रदूषण की पहचान की गई थी, जिनमें भागीरथपुरा भी शामिल था। ये चेतावनियाँ केंद्र और राज्य सरकार की जल गुणवत्ता निगरानी व्यवस्था के तहत दर्ज की गई थीं, लेकिन इनके बावजूद दीर्घकालिक सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए। स्थानीय निवासियों ने वर्षों तक बदबूदार और मटमैले पानी की शिकायतें कीं, जिन्हें तकनीकी खराबी मानकर टाल दिया गया। अब यह घटना निगरानी, रखरखाव और जवाबदेही की पूरी प्रणाली की विफलता को उजागर कर रही है।

केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना के तहत मध्यप्रदेश में नल कनेक्शन का तेजी से विस्तार हुआ है। हाल ही में राज्यसभा में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में हजारों जल आपूर्ति योजनाएं स्वीकृत की गई हैं और लाखों परिवारों तक नल से पानी पहुंचाया गया है। इसके लिए हजारों करोड़ रुपये का आवंटन भी किया गया। हालांकि विशेषज्ञों और सर्वे रिपोर्ट्स का कहना है कि केवल नल कनेक्शन देना पर्याप्त नहीं है। यदि नियमित जल परीक्षण, पाइपलाइन की सुरक्षा और सीवेज से बचाव की व्यवस्था नहीं हो, तो यही कनेक्शन जनस्वास्थ्य के लिए खतरा बन सकते हैं।

अन्य राज्यों की तुलना में मध्यप्रदेश की स्थिति और भी चिंताजनक दिखाई देती है। गोवा, हरियाणा, पंजाब और तेलंगाना जैसे राज्यों ने नल कनेक्शन के साथ-साथ जल गुणवत्ता परीक्षण और स्थानीय निगरानी पर विशेष ध्यान दिया है। वहीं मध्यप्रदेश में पुरानी पाइपलाइनों, सीवेज रिसाव, तेजी से बढ़ते शहरीकरण और विभागों के बीच समन्वय की कमी अब जानलेवा साबित हो रही है। बार-बार स्वच्छता में नंबर वन रहने वाले इंदौर में यह हादसा इस सवाल को जन्म देता है कि कहीं कचरा प्रबंधन की सफलता ने जल और स्वच्छता की गहरी खामियों को तो नहीं ढक दिया।

घटना के बाद अधिकारियों के निलंबन और मुआवजे की घोषणाएं जरूर हुई हैं, लेकिन जनस्वास्थ्य विशेषज्ञ मानते हैं कि यह कदम केवल बाद की कार्रवाई हैं, समाधान नहीं। इंदौर की यह जल त्रासदी स्पष्ट संदेश देती है कि साफ सड़कों और पुरस्कारों से सुरक्षित पेयजल की गारंटी नहीं मिलती। मध्यप्रदेश के लिए अब चुनौती केवल आंकड़े पूरे करने की नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करने की है कि स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल को एक योजना नहीं, बल्कि हर नागरिक का बुनियादी अधिकार माना जाए।

## माघ मेला - 2026 के दौरान प्रयाग स्टेशन पर कुछ ट्रेनों का अस्थायी ठहराव

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** माघ मेला- 2026 के अवसर पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उत्तर रेलवे द्वारा प्रयाग स्टेशन पर कुछ ट्रेनों को अस्थायी ठहराव प्रदान किया गया है। इस ठहराव में पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली कुछ ट्रेनें भी शामिल है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस अवधि के दौरान निम्नलिखित ट्रेनों को प्रयाग स्टेशन पर 02 मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान किया गया है जो कि तत्काल प्रभाव से 20 फरवरी 2026 तक प्रभावी रहेगा, जिसका विवरण इस प्रकार है।

प्रयाग स्टेशन पर अस्थायी ठहराव वाली प्रमुख ट्रेनें -

गाड़ी सं. 20416 इंदौर- वाराणसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस आगमन 01:24 बजे / प्रस्थान 01:26 बजे

गाड़ी सं. 20941 बांद्रा टर्मिनस- गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस आगमन 01:58 बजे / प्रस्थान 02:00 बजे

गाड़ी सं. 22468 गांधीनगर कैपिटल- वाराणसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस आगमन 20:48 बजे / प्रस्थान 20:50 बजे

गाड़ी सं. 22969 ओखा- वाराणसी एक्सप्रेस आगमन 23:23 बजे / प्रस्थान 23:25 बजे

इसके अतरिक्त अन्य कोई बदलाव नहीं किया गया हैं।

ट्रेनों के आगमन/प्रस्थान समय सहित अन्य अद्यतन जानकारियों के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर अवलोकन कर सकते हैं।

## मंत्री श्री सिलावट पहुंचे अरबिंदो अस्पताल, प्रभावितों से ली स्वास्थ्य उपचार की जानकारी



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट आज सोमवार को अरविंदो अस्पताल पहुंचें। उन्होंने भागीरथपुरा के प्रभावित भर्ती मरीजों से मिलकर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रभावितों के परिजनों को विश्वास दिलाया कि घबराएँ नहीं, राज्य शासन उनके साथ है। अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर समुचित निःशुल्क बेहतर उपचार किया जा रहा है। सभी प्रभावित मरीज शीघ्र स्वास्थ्य होकर अपने-अपने घरों को लोटेंगे। जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने प्रभावितों के परिजनों से भी स्वास्थ्य उपचार के सम्बंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अरविंदो अस्पताल के सभी डॉक्टरों को भी निर्देशित किया है कि वे अस्पताल में भर्ती प्रभावितों का उपचार और उनकी देखभाल पर विशेष ध्यान दें।

## डिब्बे तथा बोतल या अन्य किसी खुले रुप में पेट्रोल एवं अन्य ज्वलनशील पदार्थों के विक्रय पर प्रतिबंध

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इन्दौर नगर (मेट्रोपोलिटन) की सीमा में कानून व्यवस्था को कायम रखने/जन सामान्य के हित/जानमाल एवं लोक शांति को बनाये रखने हेतु पेट्रोल पंप से डिब्बे तथा बोतल या अन्य किसी खुले रुप में पेट्रोल एवं अन्य ज्वलनशील पदार्थों के विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा इस संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी किये गये हैं। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी।

## एफएचआरएआई का डेटा सुरक्षा और साइबर सुरक्षा संबंधी शिखर सम्मेलन सम्पन्न

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन वेस्टर्न इंडिया के सहयोग से गत दिवस इंदौर के ओमनी रेजिडेंसी में डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन नियम 2025 पर इंडस्ट्री जागरूकता शिखर सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस शिखर सम्मेलन का फोकस हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री के लिए भारत के नए डेटा सुरक्षा फ्रेमवर्क की स्पष्टता, तैयारी और सेक्टर-विशिष्ट की समझ विकसित करना था। यह शिखर सम्मेलन डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट 2023 के तहत अधिसूचित डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन नियम 2025 के संदर्भ में आयोजित किया गया था, जो डेटा गवर्नेंस के प्रति भारत के दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। चर्चाओं में इस बात पर प्रकाश डाला गया कि कैसे डेटा सुरक्षा एक मुख्य परिचालन और रणनीतिक प्राथमिकता के रूप में उभरा है, खासकर हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के लिए जो मेहमानों के जुड़ाव, सेवा वितरण और व्यवसाय वृद्धि के लिए बड़े पैमाने पर डिजिटल प्लेटफॉर्म और प्रौद्योगिकी संचालित सेवाओं पर निर्भर करता है। इस शिखर सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश सरकार के जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट उपस्थित हुए। इंडस्ट्री के नेतृत्व का प्रतिनिधित्व एफएचआरएआई के अध्यक्ष श्री सुरेंद्र कुमार जायसवाल एचआरएडब्ल्यूआई के अध्यक्ष श्री जिमी शॉ, एफएचआरएआई के मानद सचिव श्री गिरीश ओबेरॉय और एचआरएडब्ल्यूआई के कार्यकारी समिति सदस्य और इंदौर होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री सुमित सूरी ने किया। अन्य गणमान्य व्यक्तियों में एफएचआरएआई के तत्काल पूर्व अध्यक्ष श्री के श्यामा राजू और एफएचआरएआई के पूर्व अध्यक्ष श्री प्रदीप शेट्टी शामिल थे।

# इंदौर पुलिस की चाइनीज मांझा पर सख्ती लगातार जारी, विक्रेता और उपयोगकर्ता दोनों पर कड़ी कार्रवाई




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा मानव जीवन और पशु-पक्षियों के लिए घातक प्रतिबंधित चाइनीज मांझा के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस ने न केवल चाइनीज मांझा बेचने वालों के खिलाफ, बल्कि इसका उपयोग कर पतंग उड़ाने वालों पर भी वैधानिक कार्रवाई की है। हालिया कार्रवाई में थाना चंदन नगर, द्वारिकापुरी और अन्नपूर्णा पुलिस ने कुल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से जानलेवा चाइनीज मांझा जब्त किया है।

इंदौर पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर पूरे शहर में चाइनीज मांझा के क्रय-विक्रय और उपयोग पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस टीमें लगातार चेकिंग कर रही हैं और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में पुलिस थाना द्वारिकापुरी ने 4 जनवरी 2026 को मुखबिर की सूचना पर द्वारिकापुरी स्थित एक किराना दुकान से चाइनीज मांझा बेचते हुए आरोपी को पकड़ा। आरोपी के विरुद्ध धारा 223(ए), 125 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर प्रतिबंधित चाइनीज मांझा जब्त किया गया।

थाना चंदन नगर पुलिस ने भी मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए मदीना मस्जिद के पास से आरोपी अय्यूब मंसूरी, निवासी नंदन नगर नाले के पास, चंदन नगर, इंदौर को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से सात नग चाइनीज मांझा की गिरनियां बरामद की गईं। आरोपी के खिलाफ धारा 223(ए), 125 बीएनएस के अंतर्गत कार्रवाई की गई है और भविष्य में चाइनीज मांझा की बिक्री रोकने के उद्देश्य से उसकी दुकान को सील कर दिया गया है।

वहीं, पुलिस थाना अन्नपूर्णा ने अन्नपूर्णा मंदिर के पीछे मैदान में प्रतिबंधित चाइनीज मांझा से पतंग उड़ाते हुए आरोपी आशीष मोयल, उम्र 19 वर्ष, निवासी तात्ती परिसर, इंदौर को पकड़ा। आरोपी के पास से चाइनीज मांझा जब्त कर धारा 223 बीएनएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

पुलिस द्वारा सभी आरोपियों के खिलाफ विवेचना के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है तथा चाइनीज मांझा की खरीद-बिक्री के स्रोतों के संबंध में भी पूछताछ जारी है।

इंदौर पुलिस कमिश्नरेट ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि प्रतिबंधित चाइनीज मांझा का विक्रय, भंडारण और उपयोग गंभीर अपराध है। यह मांझा प्लास्टिक और धात्विक कणों से बना होता है, जो अत्यंत घातक है और किसी की जान जाने की स्थिति में यह गैर-जमानती अपराध की श्रेणी में आ सकता है। पुलिस द्वारा अवैध भंडारण करने वालों की दुकानों और गोदामों को सील किया जा रहा है तथा गंभीर मामलों में जिलाबदर जैसी सख्त कार्रवाई भी की जा रही है।

जनहित में इंदौर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि पतंगबाजी के दौरान केवल पारंपरिक सूती धागे का ही उपयोग करें और प्रतिबंधित मांझे से दूरी बनाए रखें। यदि कहीं गुप्त रूप से चाइनीज मांझा बेचा जा रहा हो तो तुरंत स्थानीय पुलिस या इंदौर पुलिस के क्राइम वॉच हेल्पलाइन नंबर 7049108283 पर सूचना दें, क्योंकि आपकी एक सूचना किसी की जान बचा सकती है।

# परदेशीपुरा पुलिस की त्वरित कार्रवाई, 24 घंटे में एटीएम ठगी के तीन आरोपी गिरफ्तार




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर के थाना परदेशीपुरा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एटीएम कार्ड एक्सचेंज कर धोखाधड़ी करने वाले तीन आरोपियों को घटना के मात्र 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त नई पल्सर मोटरसाइकिल भी जब्त की है। आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से एक बुजुर्ग फरियादी से एटीएम कार्ड बदलकर 55 हजार रुपये की ठगी को अंजाम दिया था।

पुलिस आयुक्त इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री अमित सिंह, पुलिस उपायुक्त जोन-2 श्री कुमार प्रतीक एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-2 श्री अमरेन्द्र सिंह के निर्देश पर शहर में साइबर अपराध, फर्जी ट्रांजेक्शन और एटीएम ठगी जैसे मामलों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में एसीपी परदेशीपुरा श्रीमती हिमानी मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी परदेशीपुरा आर.डी. कानवा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

दिनांक 3 जनवरी 2026 को थाना परदेशीपुरा में फरियादी श्री राजेश जोशी निवासी सत्यम विहार कॉलोनी, इंदौर ने शिकायत दर्ज कराई कि 2 जनवरी 2026 की सुबह करीब 10 बजे वह नंदानगर स्थित सहकारी संस्था के नीचे लगे एसबीआई एटीएम से रुपये निकालने गया था। एटीएम से पैसे नहीं निकलने पर वहां पहुंचे तीन युवकों ने मदद के बहाने उनका एटीएम कार्ड बदल लिया और नकली कार्ड थमा दिया। कुछ ही देर बाद फरियादी के मोबाइल पर रुपये कटने के तीन मैसेज आए, जिनमें कुल 55 हजार रुपये निकाले जाने की जानकारी मिली।

फरियादी की रिपोर्ट पर थाना परदेशीपुरा में धारा 318(4), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी द्वारा गठित टीम ने लगातार सीसीटीवी फुटेज खंगाले, तकनीकी साक्ष्य जुटाए और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। इसके आधार पर 3 जनवरी 2026 को पुलिस ने तीन संदिग्धों को बिना नंबर प्लेट की पल्सर मोटरसाइकिल के साथ रोका। सीसीटीवी फुटेज से हुलिया मिलान करने और सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपियों ने एटीएम कार्ड एक्सचेंज कर बुजुर्ग से 55 हजार रुपये ठगने की बात स्वीकार कर ली।

गिरफ्तार आरोपियों में रोहित भदौरिया उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम किशूपुरा जिला भिंड (मध्यप्रदेश), हर्षवर्धन चौहान उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम परडिया मैनपुरी (उत्तरप्रदेश) एवं अंकित परिहार उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम परडिया मैनपुरी (उत्तरप्रदेश) शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 125 सीसी बिना नंबर प्लेट की पल्सर मोटरसाइकिल जब्त की है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि ठगी की गई राशि में से 40 हजार रुपये उन्होंने अपने बैंक खाते में जमा कर दिए थे और अन्य वारदातों को अंजाम देने की फिराक में शहर में घूम रहे थे।

तीनों आरोपी वर्तमान में पुलिस अभिरक्षा में हैं और उनसे अन्य ठगी की घटनाओं के संबंध में गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस को इस मामले में और खुलासे होने की संभावना है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी आर.डी. कानवा, उपनिरीक्षक दीपक जामोद, प्रधान आरक्षक राजकुमार दुबे, आरक्षक मोहर सिंह, आरक्षक जैवेन्द्र गुर्जर एवं आरक्षक जितेन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## बगैर अनुमति के आयोजन करने पर प्रतिबंध

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर नगर मेट्रोपॉलिटन की सीमा में कानून व्यवस्था को कायम रखने/जन सामान्य के हित/जानमाल एवं लोक शांति को बनाये रखने हेतु इन्दौर नगरीय सीमा में बगैर अनुमति के आयोजन करने और अस्त्र-शस्त्र रखने के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। इस संबंध में पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह ने भारतीय नागरिक संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार इंदौर नगरीय सीमा में कोई भी धार्मिक संस्था/राजनैतिक संगठन/अन्य समूह जैसे वेतन भोगी, शासकीय कर्मचारी आदि संगठन जब तक किसी आयोजन की विधिवत् सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त नहीं कर लेते, तब तक उस आयोजन को करना प्रतिबंधित किया गया है। सभी प्रकार के जुलूस, धरना प्रदर्शन, धार्मिक आयोजन, विवाह आयोजन, जन्म दिवस आयोजन आदि में किसी भी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र अथवा विस्फोटक सामग्री का उपयोग व रखरखाव किया जाना भी प्रतिबंधित होगा। ऐसे जनसमूह जो एकत्रित होकर सार्वजनिक स्थानों पर यातायात बाधित कर आवागमन प्रभावित कर कानून व्यवस्था एवं लोक शांति भंग करते हैं, प्रतिबंधित होंगे। किसी भवन, सार्वजनिक स्थान एवं निजी स्थान पर एवं ऐसी किसी भी वस्तु जिससे किसी जन सामान्य को खतरा महसूस हो एवं आपत्तिजनक हथियार, अस्त्र-शस्त्र, विस्फोटक सामग्री का भण्डारण प्रतिबंधित होगा।

## भागीरथपुरा हादसे के चलते आरएसएस शताब्दी वर्ष का हिंदू सम्मेलन निरस्त, पीड़ितों के साथ खड़ा संगठन

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित जल के कारण हुई दुखद जनहानि ने पूरे समाज को गहरे शोक और पीड़ा में डाल दिया है। इस त्रासद घटना से सभी का हृदय द्रवित और उद्वेलित है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने इस कठिन समय में पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उनके साथ मजबूती से खड़े रहने का संकल्प दोहराया है।

भागीरथपुरा क्षेत्र की तीन बस्तियों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर स्थानीय समाज एवं संगठनों के सहयोग से हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जाना प्रस्तावित था। किंतु वर्तमान विषम परिस्थितियों और शोकाकुल वातावरण को दृष्टिगत रखते हुए यह सम्मेलन निरस्त करने का निर्णय लिया गया है।

संघ ने स्पष्ट किया है कि इस समय किसी भी प्रकार के आयोजन से अधिक आवश्यक पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा होना और उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध कराना है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक इस आपदा की घड़ी में सेवा भाव के साथ निरंतर सक्रिय हैं। स्थानीय स्वयंसेवक गली-गली जाकर लोगों से संपर्क और संवाद स्थापित कर रहे हैं तथा प्रभावित परिवारों को आवश्यक सहयोग प्रदान कर रहे हैं। साथ ही पीड़ितों को समय पर चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराने में प्रशासन और स्वास्थ्य सेवाओं के साथ समन्वय भी किया जा रहा है।

संघ ने दोहराया है कि इस कठिन समय में समाज की एकजुटता और मानवीय संवेदना ही सबसे बड़ा सहारा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सभी स्वयंसेवक और समाजजन पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं और आगे भी हर संभव सेवा व सहायता में सहभागी बने रहेंगे।

## भागीरथपुरा क्षेत्र में पेयजल एवं स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का कलेक्टर श्री वर्मा एवं निगम आयुक्त श्री सिंघल ने लिया जायजा



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा एवं नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल ने आज जिला प्रशासन और नगर निगम तथा स्वास्थ्य विभाग के अमले के साथ संयुक्त रूप से भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने भागीरथपुरा क्षेत्र में की जा रही पेयजल टैंकर व्यवस्था, सफाई, स्वास्थ्य एवं उपचार संबंधी व्यवस्थाओं का स्थल निरीक्षण कर जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान भागीरथपुरा क्षेत्र के प्रभावित स्थलों पर पेयजल टैंकरों की उपलब्धता, सफाई व्यवस्था, संजीवनी क्लिनिक के माध्यम से उपचार, नागरिकों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में की जा रही व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। इस अवसर पर कलेक्टर श्री वर्मा एवं निगम आयुक्त श्री सिंघल द्वारा समस्त अपर आयुक्तों, विभागीय अधिकारियों एवं एनजीओ टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

बताया गया कि झोन क्रमांक 04 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 11 स्थित भागीरथपुरा क्षेत्र में जल वितरण की पर प्रभावी नियंत्रण हेतु संपूर्ण क्षेत्र को 32 बीटों में विभाजित किया गया है। इन बीटों के माध्यम से जल वितरण पर नियंत्रण, स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति तथा संपूर्ण क्षेत्र में व्यापक सफाई अभियान की कार्यवाही सतत रूप से की जा रही है।

उक्त 32 बीटों में की जाने वाली कार्यवाहियों के नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण हेतु अपर आयुक्त श्री प्रखर सिंह, श्री अर्थ जैन, श्री आकाश सिंह, श्री आशीष पाठक, श्री अभय राजनगांवकर, श्री मनोज पाठक, श्री श्रृंगार श्रीवास्तव एवं श्री नरेंद्र नाथ पांडे को आवंटित बीट क्षेत्रों में संपूर्ण नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण का दायित्व सौंपा गया है।

# भागीरथपुरा क्षेत्र के घरों में कोबो टूल के माध्यम से रियल टाईम सर्वे

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्वास्थ्य विभाग ने भागीरथपुरा के प्रभावित क्षेत्र में भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. चंद्रशेखर गेडाम तथा जिला प्रशासन द्वारा आज कोबो टूल का प्रशिक्षण दिया गया। इस टूल के माध्यम से किसी भी स्थिति का रियल टाईम में वास्तविक मूल्यांकन किया जा सकता है। इस हेतु आज भागीरथपुरा क्षेत्र में विस्तृत सर्वे किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी के निर्देशन में लगभग 200 टीमें बनाई गई। प्रत्येक टीम ने पहले से मार्क किए गए घरों में कोबो टूल के माध्यम से रियल टाईम सर्वे किया। इसमें उन्होंने प्रत्येक घर में ओ.आर.एस. के 10 एवं जिंक की 30 टेबलेट वितरित की। इसके साथ-साथ ही एक क्लिनवेट ड्राप भी वितरित की गई। टीम द्वारा यह बताया गया कि क्लिनवेट 10 लीटर पानी में 08 से 10 बूंद डालकर, एक घंटा रखने के बाद उपयोग करें। इस प्रक्रिया से पानी शुद्ध होता है।

इसके साथ ही स्वास्थ्य परामर्श, टोल-फ्री नं. की जानकारी, दवाई का डोज पूरा करने का संदेश, पानी को उबालकर पीने की सलाह, संदिग्ध लक्षणों वाले व्यक्तियों का चिन्हांकन, हाथ धोने की विधि का प्रदर्शन बताया गया। जो व्यक्ति स्वस्थ होकर घर आ गए, उनका फॉलोअप की जानकारी भी ली गई। प्रत्येक टीम को 25 घंटों का दौरा करना था, प्रत्येक सब-टीम में चिकित्सक, नर्सिंग ऑफिसर, सी.एच.ओ., आशा एवं ए.एन.एम. सम्मिलित थी। आज इन टीमों ने 2745 घरों तक पहुँच बनायी, जिसमें लगभग 14 हजार लोगों तक पहुँचकर किट का वितरण कर आई.ई.सी. गतिविधि एवं परामर्श दिया। इस सर्वे का मुख्य उद्देश्य प्रभावित क्षेत्र में आम जन को क्लोरीनेटेड पानी उपलब्ध करवाना ताकि वे रोगाणु मुक्त जल का उपयोग स्वास्थ्य प्राप्त कर सकें। क्षेत्र में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार क्षेत्र में 05 एम्बुलेंस लगाई गई है, 24×7 चिकित्सकों की ड्युटी क्षेत्र में लगाई गई है, मरीजों को एम. व्हाय, चिकित्सालय, अरविंदो अस्पताल तथा बच्चों को चाचा नेहरु अस्पताल में रेफर किया जा रहा है, जो मरीज निजी चिकित्सालयों में जा रहे हैं, वहीं पर भी निःशुल्क उपचार, जाँच एवं औषधि हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी द्वारा निर्देशित किया गया है।

## यात्री बसों में फायर सुरक्षा के मानकों का पालन नहीं करने वालों के विरूद्ध परिवहन विभाग ने की बड़ी कार्रवाई

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** यात्री वाहनों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर परिवहन विभाग द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। परिवहन आयुक्त के निर्देश पर सोमवार को आरटीओ की टीम द्वारा तीन इमली बस स्टैंड और आसपास के क्षेत्रों में फायर मानको और आपातकालीन निकास के इंतजाम को लेकर विशेष जांच अभियान चलाया गया, जिसमें कुल 7 बसें जब्त की गईं। इनमें 3 स्लीपर कोच बसें शामिल हैं, जिनमें गंभीर सुरक्षा खामियां पाई गईं। अब इनके परमिट निरस्त किए जा रहे हैं।

एआरटीओ सुश्री अर्चना मिश्रा ने बताया कि जांच के दौरान सामने आया कि इन बसों में अग्नि सुरक्षा उपकरण, इमरजेंसी एग्जिट और पंजीयन के अनुसार निर्धारित बैठक क्षमता का पालन नहीं किया गया था। इसके चलते संबंधित स्लीपर कोच बसों के पंजीयन, फिटनेस और परमिट निरस्त करने के लिए मूल पंजीयन प्राधिकारी और संबंधित आरटीओ को पत्र लिखा जा रहा है। वहीं एक बस बिना वैध परमिट के संचालन करते हुए पाई गई, जिसे तत्काल जब्त कर लिया गया। जबकि एक बस का फिटनेस निरस्त किया गया है। निरीक्षण के दौरान पंजीयन और परमिट के अनुसार निर्धारित बैठक क्षमता में भी विसंगति पाई गई।

# धुंधड़का वेयर हाउस में चोरी का खुलासा, मैनेजर सहित गेहूँ मालिक का मुनीम भी शामिल, पांच गिरफ्तार

## दलौदा पुलिस को मिली सफलता, 300 क्विंटल गेहूँ सहित 3 पिकअप वाहन बरामद



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** दलौदा थाना पुलिस ने धुंधड़का वेयर हाउस में चोरी का खुलासा किया है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक शुभम व्यास एवं उनकी टीम ने चोरी से परदा उठाते हुए वेयर हाउस मैनेजर सहित गेहूँ मालिक का मुनीम को भी दबोचा है, जिन्हें मुख्य आरोपी ने अपराध में शामिल किया था। मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। दलौदा पुलिस ने सफल कार्रवाई कर चोरी गया 300 क्विंटल गेहूँ सहित 3 पिकअप वाहन बरामद किया है। आरोपियों ने डुप्लीकेट चाबी तैयार कर घटना योजनाबद्ध तरीके से घटना को दिया अंजाम दिया था। इस सफलता में मंदसौर ग्रामीण एसडीओपी कीर्ति बघेल का निर्देशन प्राप्त हुआ।

घटना अनुसार थाना दलौदा क्षेत्र के ग्राम धुंधड़का में स्थित कृषक वेयर हाउस से फरियादी संजय गर्ग निवासी मंदसौर ने 02 जनवरी ने शिकायत दर्ज कराई। बताया कि वेयरहाउस में रखे लगभग 300 क्विंटल गेहूँ चोरी हुआ है। इस पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। दौराने विवेचना घटना स्थल कृषक वेयर हाउस तथा आस पास के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज तथा माननखेडा टोल के फुटेज खंगाले गए। पाया कि ग्राम धुंधड़का में स्थित कृषक वेयरहाउस से लगभग 300 क्विंटल गेहूँ चोरी की घटना को अंजाम देने के लिए आरोपी दीपक पिता राजुलाल मैनेजर निवासी धोलका जिला रतलाम तथा वेयर हाउस के मेनेजर महिपालसिंह पिता किशोर सौलंकी निवासी कचनारा हाल मुकाम दलौदा ने गेहूँ मालिक के मुनीम लखन पिता मोहनलाल शर्मा के साथ मिलकर वेयरहाउस की डुप्लीकेट चाबियां बनवाई। वेयरहाउस के चौकीदार मोहनलाल पिता बगदीराम माली निवासी गुलियाना तथा राधेश्याम पिता रामलाल भांभी निवासी धुंधड़का को तैयार कर एक गिरोह को तैयार किया गया। वेयरहाउस में रात के समय कैमरो पर कपडा डालकर सभी कैमरो की पीनो को निकालकर बंद कर दिया जाता था। डुप्टीकेट चाबियां से वेयर हाउस के तालो को खोलकर वेयरहाउस मे रखे गेहँ को दीपक परमार पिता राजूलाल परमार निवासी धोलका जिला रतलाम ने अपने अन्य एक साथी द्वारा भेजी गई 3 पिकअप वाहनो में भरकर रात्रि के अंधेरे मे गेहूँ को चोरी किया जाता था। यही प्रक्रिया अपनाकर सभी 05 आरोपीयो द्वारा पिछले एक माह में वेयर हाउस से लगभग 300 क्विंटल गेहूँ को चोरी किया गया। वेयर हाउस के मेनेजर, गेहूँ मालिक के मुनीम, चौकीदार सहित चोरी का माल खरीदने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर चोरी हुआ लगभग 300 क्विंटल गेहूँ चोरी मे उपयोग 03 पिकअप वाहन कुल किमती लगभग 50 लाख आरोपीयो से जप्त कर 05 आरोपीयो को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त हुई। गिरफ्तार आरोपी में महिपालसिंह पिता किशोर सौलकी निवासी कचनारा हाल मुकाम दलौदा, मोहनलाल पिता बगदीराम माली निवासी गुलियाना थाना दलौदा जिला मंदसौर, राधेश्याम पिता रामलाल भांभी निवासी ग्राम धुंधडका, दीपक पिता राजूलाल परमार निवासी धोलका थाना बिलपांक जिला रतलाम, लखन पिता मोहनलाल शर्मा निवासी लेकोडा जिला उज्जैन हाल मुकाम भाट पिपलिया थाना अफजलपुर है। इस कार्रवाई में उनि शुभम व्यास थाना प्रभारी दलौदा, उनि आरएस पंवार, सउनि प्रमोदसिंह तोमर, प्रआर यादवेन्द्रसिंह, दिपेन्द्रसिंह, मुकेश भदोरिया, हरीश यादव, जितेन्द्रसिंह गौर, आरक्षक लाजपतराय सेन, विजय दडिंग, युवराजसिंह, गोपाल कृष्ण, कमलेश शर्मा, नारायण डाबी, कुलक्षेष्ठ, गजेन्द्रसिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उक्त टीम को पुलिस अधीक्षक विनोद मीना द्वारा पुरष्कृत किया जावेगा।

# प्रशासन गांव की ओर अभियान - जिले में साढे चार हजार हितग्राही लाभांवित



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नीमच जिले में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में सुशासन की दिशा में अभिनव पहल, प्रशासन गांव की और अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले में 22 दिसंबर 2025 से 6 जनवरी 2026 तक ग्राम पंचायत कलस्टर मुख्यालयों पर विशेष शिविर आयोजित किए जाकर, हितग्राहियों को लाभांवित किया जा रहा है। सोमवार को आयोजित शिविरों में महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा,राजस्व पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा साढे चार हजार हितग्राहियों को सेवाएं प्रदान कर लाभांवित किया गया है।

विशेष राजस्व शिविरों में 2880 आवेदन प्राप्त - 586 निराकृत- प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत सोमवार को जिले में आयोजित विशेष राजस्व शिविरों में कुल 2880 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 586 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष 2294 आवेदन लंबित रखे जाकर, संबंधित तहसीलदार द्वारा उनका समय सीमा में निराकरण करने की कार्यवाही की जा रही है। अभियान के तहत नामांतरण के 629, बंटवारा के 266, सीमांकन के 54, कब्जा विवाद के 22, रास्ता विवाद के 76, खसरे नक्क्षे में बटांकन के 273, राजस्व पुलिस के मध्यस्थता संबंधी 19 आवेदन प्राप्त हुए है। राजस्व रिकार्ड मे आदेश अमल के 222, बी1 वाचन उपरांत रिकार्ड सुधार के 526 आवेदन, ग्राम आबादी के प्रस्ताव 38, फार्मर रजिस्ट्री के 224, आरओआर केवायसी के 420, नक्क्षे में त्रुटिसुधार के 133 आवेदन प्राप्त हुए है। इनमें से कुल 586 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया है।

125 ईकेवायसी अपडेट, 803 आवास हितग्राहियों का सत्यापन- प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत सोमवार को जिले में आयोजित शिविरों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 10 स्थानों पर वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। मनरेगा के 163 हितग्राहियों की ई-केवायसी अपडेट, प्रधानमंत्री आवास के 803 हितग्राहियों का चेकर सत्यापन, 385 आवास हितग्राहियों की समग्र सिंडिंग, 125 हितग्राहियों की समग्र आईडी समस्या का समाधान, पेंशन योजना के हितग्राहियों के 48 नये आवेदन प्राप्त कर, उनका सत्यापन, शौचालय निर्माण के नवीन 74 हितग्राहियों का चिंहाकन, संबल कर्मकार के 46 नये हितग्राहियों का पंजीयन किया गया है। अमृत सरोवर, डगवेल, खेत तालाब , मां की बगिया के 2 कार्यो के मस्टर जारी कर मजदूरी की बुकिंग की गई।

# नीमच में खेल महाकुंभ, स्व. कश्मीरीलाल अरोरा की स्मृति में राज्य स्तरीय सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ भव्य शुभारंभ

## 125 से अधिक खिलाड़ी दिखाएंगे अपना दम



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में स्वर्गीय कश्मीरीलाल गंगानगर अरोरा स्मृति मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ 5 जनवरी को नीमच में हुआ। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 5 से 9 जनवरी 2026 तक लायंस डेन एवं टाउन हॉल, नीमच में आयोजित की जा रही है, जिसमें प्रदेशभर के शीर्ष खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रायोजक एवं समाजसेवी अरुल अशोक अरोरा ने स्वर्गीय कश्मीरीलाल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता में पुरुष एकल, पुरुष युगल, महिला एकल, महिला युगल एवं मिश्रित युगल वर्गों में रोमांचक मुकाबले खेले जा रहे हैं। इस राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 125 से अधिक सीनियर खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता के विजेताओं को कुल 1 लाख की पुरस्कार राशि के साथ आकर्षक ट्रॉफियां प्रदान की जाएंगी। मुकाबलों की निष्पक्षता एवं उच्च स्तरीय संचालन सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय स्तर के रेफरी एवं प्रशिक्षित अंपायर नियुक्त किए गए हैं।

इस प्रतियोगिता का आयोजन नीमच जिला बैडमिंटन संघ एवं लायंस क्लब नीमच के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य नीमच सहित प्रदेश के खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना है।

यह प्रतियोगिता न केवल खिलाड़ियों के लिए बल्कि पूरे जिले के लिए गौरव, उत्साह और प्रेरणा का केंद्र बनेगी। प्रतियोगिता को लेकर खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है और नीमच एक बार फिर खेल नगरी के रूप में अपनी पहचान मजबूत करता नजर आ रहा है।

# आदिवासी नायक राणा पूंजा भील की प्रतिमा की मांग को लेकर जयस संगठन का धरना निरंतर जारी



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आदिवासी नायक राणा पूंजा भील की प्रतिमा की मांग को लेकर जयस संगठन का धरना प्रदर्शन निरंतर जारी है। जयस की मांग के समर्थन मे कई सामाजिक एवं राजनैतिक सदस्यों का समर्थन मिल रहा है। प्रतिमा नही लगेगी तब तक अनिश्चीत धरना जारी रहेगी।

यह जानकारी जयस के जिला मीडिया प्रभारी अनिल तंवर द्वारा देते हुए बताया की जय आदिवासी युवा शक्ति जयस संगठन मंदसौर के अनिश्चितकालीन धरने पर सोमवार को विपिन जैन विधायक मंदसौर द्वारा समर्थन दिया गया। रविवार को भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने पहुंचकर आश्वासन जताया। जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, जिला उपाध्यक्ष विनय दुबेला और नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रीतेश चावला ने धरना स्थल पर पहुंचकर संगठन के पदाधिकारियों से चर्चा की। पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने स्पष्ट आश्वासन दिया कि वीर राणा पूंजा भील की मूर्ति स्थापना के लिए नगर पालिका परिषद में प्रस्ताव पारित कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी नायक राणा पूंजा भील के सम्मान में यह मूर्ति शीघ्र स्थापित की जाएगी। इस अवसर पर भाजपा नेता अंशुल बैरागी भी मौजूद रहे, जिन्होंने शासन-प्रशासन से मूर्ति स्थापना की मांग को दोहराया।धरने में अन्य भाजपा पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। जयस संगठन के कार्यकर्ताओं ने नेताओं के इस आश्वासन पर संतोष जताया और धरना जारी रखने का कहा कि संतुष्ट पूर्ण जवाब का प्रतीक्षा करेंगे तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। यह कदम आदिवासी समुदाय के गौरवपूर्ण इतिहास को सम्मान देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं पर तत्परता से कार्यवाही करें - कलेक्टर




**रीवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि सभी अधिकारी कमिश्नर्स-कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं पर तत्परता से कार्यवाही करें। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इसकी हर माह समीक्षा की जा रही है। इसके साथ-साथ विभागीय रैंकिंग में सुधार के प्रयास करें। सभी एसडीएम अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत गठित खण्ड स्तरीय समिति की बैठक प्रत्येक त्रैमास में आयोजित करें। संबंधित अधिकारी सड़क सुरक्षा समिति, जिला पोषण समिति, जिला स्वास्थ्य समिति तथा अन्य समितियों की हर माह बैठक आयोजित कराकर कार्यवाही विवरण ऑनलाइन दर्ज कराएं। उप संचालक कृषि प्राकृतिक खेती के लिए पंजीकृत 1750 किसानों द्वारा ली गई फसलों की जानकारी प्रस्तुत करें। ड्रिप इरिगेशन में निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति कराएं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एक बगिया माँ के नाम योजना के तहत वृक्षारोपण की अद्यतन जानकारी दें। कलेक्टर ने कहा कि उप संचालक पशुपालन कामधेनु योजना में बैंकों में दर्ज 21 आवेदनों का निराकरण कराएं। साथ ही स्वीकृत 13 प्रकरणों में ऋण अनुदान का वितरण कराएं। नवीन गौशालाओं का पंजीयन तत्काल कराएं।

# अवैध मदिरा विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्यवाही

**रतलाम/ प्रवीण व्यास/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशानुसार तथा सहायक आबकारी आयुक्त डॉ. शादाब अहमद सिद्दीकी के मार्गदर्शन में, एवम् सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री पी सी केरवार नेतृत्व में, अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं संग्रहण के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत आज 5 जनवरी को वृत्त सैलाना प्रभारी अधिकारी श्री चेतन वैद द्वारा वृत क्षेत्र में जांच के दौरान अवैध मदिरा विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई की गई। गश्त के दौरान आबकारी टीम द्वारा ग्राम शिवगढ में दरिवाय सिंह के कब्जे से 22 केन पावर बियर, चरण सिंह के कब्जे से 20 पाव लंदन प्राइड व्हिस्की, 20 पाव देशी मदिरा प्लेन के, अंतिम पिता जालू के कब्जे से 15 केन पावर बियर ,राजेश निनामा पिता कैलाश से 10 पाव देशी मदिरा, हिमेश पिता लक्ष्मण से 5 लीटर हाथ भट्टी व 10 पाव देशी मदिरा, राजू पिता सुखराम से 8 लीटर हाथ भट्टी, मंगली बाई पति गुडिया से 7 लीटर हाथ भट्टी अवैध रूप से मदिरा जब्त की गई । उक्त कार्यवाही मे आबकारी उपनिरीक्षक अभिषेक वाईकर आरक्षक रामचरण पंवार, सैनिक चेतराम सम्मिलित थे। आरोपी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

# केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो नीमच की टीम और निजी स्लीपर बस, जब मुखबिर ने दी अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की सूचना तो एक्शन में आए अधिकारी, फिर भारी मात्रा में अफीम बरामद, आरोपी चढ़े हत्थे



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध सतत और प्रभावी कार्रवाई के क्रम में केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन), नीमच ने 03 जनवरी 2026 की रात एक बड़ी सफलता हासिल की। इस कार्रवाई में निजी स्लीपर बस के माध्यम से जोधपुर जा रही 14.815 किलोग्राम अवैध अफीम और 2.5 लाख नकद बरामद किए गए। इस प्रकरण में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

विश्वसनीय सूचना के आधार पर सीबीएन नीमच की विशेष टीम ने नयागांव टोल प्लाजा पर रात्रि में रणनीतिक नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध बस को रोका गया और गहन तलाशी ली गई। बस के चालक एवं परिचालक द्वारा छुपाई गई प्लास्टिक की थैली में पीले रंग के सेलो टेप से लिपटे पैकेट मिले। पैकेट खोलने पर हीट-सील्ड प्लास्टिक पैकेट्स में कुल 14.815 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद हुई।

इसके अतिरिक्त, बस के स्टीयरिंग के पास 2.5 लाख नकद राशि भी जब्त की गई, जिसे अवैध मादक पदार्थ तस्करी से अर्जित धन माना गया। सीबीएन ने बस के चालक और परिचालक को हिरासत में लिया और बरामद अफीम, नकद राशि तथा कल्पना ट्रैवल्स की स्लीपर बस को जब्त कर लिया। दोनों आरोपियों पर नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो ने बताया कि मामले की आगे की जांच प्रगति पर है और तस्करी से जुड़े अन्य नेटवर्क, स्रोत एवं प्राप्तकर्ताओं की पहचान के लिए गहन विवेचना की जा रही है। सीबीएन ने यह स्पष्ट किया कि मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत समाज को नशामुक्त बनाने के लिए सख्त और निरंतर कार्रवाई जारी रखेगा।

# नगर पालिका प्रत्येक वार्ड में दल गठित कर पेयजल स्रोतों की जांच सुनिश्चित करे-कलेक्टर अदिति गर्ग



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में नगर पालिका सभागृह में साप्ताहिक अंतर-विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की संपूर्ण पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल स्त्रोतों की स्थिति, जल गुणवत्ता एवं जल जांच की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक नगरीय निकाय अपने-अपने वार्डों में टीम गठित कर सभी पेयजल स्त्रोतों की जांच करे तथा किसी भी स्त्रोत को खुला न छोड़ा जाए। टंकी, पाइपलाइन एवं कुओं की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए और इसका निर्धारित शेड्यूल बनाया जाए।

कलेक्टर ने कहा कि ड्रेनेज सिस्टम और पेयजल आपूर्ति आपस में मिक्स न हो, इसकी विशेष निगरानी की जाए। यदि कहीं पाइपलाइन क्षतिग्रस्त या मिश्रित पाई जाती है तो तत्काल मरम्मत या प्रतिस्थापन कराया जाए। सभी लंबित पेयजल शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें तथा दूषित पानी की शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करें।

उन्होंने निर्देश दिए कि शत-प्रतिशत आबादी को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाए। फिल्टर प्लांट, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) सहित सभी संयंत्रों की नियमित सफाई कराई जाए तथा पीएचई विभाग के साथ समन्वय कर मासिक जल परीक्षण कराया जाए। एसडीएम द्वारा रैंडम सैंपलिंग कर जल जांच कराई जाए। कलेक्टर ने कहा कि जिन वार्डों एवं गांवों में नगर पालिका के पेयजल स्त्रोत उपलब्ध नहीं हैं, उन्हें चिन्हित कर आगामी सात दिवस में स्त्रोतों की जांच पूर्ण की जाए। इसके लिए प्रत्येक वार्ड में दल गठित कर निरीक्षण कराया जाए।

# श्री क्षत्रिय युवक संघ का संस्कार शिविर सम्पन्न, अनुशासित जीवन जीने की कला सिखाई, कई विषय पर दिया मार्गदर्शन



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** श्री क्षत्रिय युवक संघ के तत्वावधान में राजपूत पद्मावती हॉस्टल, मंदसौर में आयोजित चार दिवसीय पूर्णतः आवासीय संस्कार शिविर का समापन अनुशासन, संस्कार और सेवा भावना के साथ हुआ। शिविर प्रभारी प्रेमसिंह रणधा (जैसलमेर) अपनी 14 सदस्यीय अनुभवी टीम ने शिविर का संचालन किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के बालकों एवं युवाओं में क्षात्र धर्म की भावना, सामाजिक कर्तव्यबोध, नैतिक मूल्यों, अनुशासन तथा संस्कारों का विकास करना रहा। चार दिनों तक चले इस शिविर में शिविरार्थियों को कम संसाधनों में भी सादगीपूर्ण, संयमित एवं अनुशासित जीवन जीने की कला सिखाई गई।

बौद्धिक सत्रों के माध्यम से समय के महत्व, आत्मसंयम, तमोगुण से दूरी, चरित्र निर्माण, राष्ट्र एवं समाज के प्रति दायित्व जैसे विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। शिविर में कुल 91 शिविरार्थियों ने भाग लिया। इनमें मध्यप्रदेश के मंदसौर, नीमच, रतलाम, उज्जैन, भोपाल, शाजापुर तथा राजस्थान के चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, उदयपुर, जैसलमेर सहित विभिन्न जिलों से आए राजपूत समाज के बालक एवं युवक शामिल रहे। शिविरार्थियों ने विभिन्न शैक्षणिक, बौद्धिक, खेलकूद एवं अनुशासनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए खेल-खेल में संस्कारों को आत्मसात किया। यह चार दिवसीय शिविर पूर्णतः आवासीय एवं निःशुल्क रहा। शिविर में सम्मिलित सभी युवाओं के लिए आवास, भोजन, दिनचर्या एवं अन्य समस्त व्यवस्थाएं स्थानीय राजपूत समाज द्वारा की गईं। समाजजनों ने सेवा भावना के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। शिविर के दौरान समय-समय पर आयोजित बौद्धिक कार्यक्रमों में विभिन्न समाजजनों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की तथा अपने अनुभवों के माध्यम से युवाओं का मार्गदर्शन किया। प्रशिक्षकों ने शिविरार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं सामाजिक समरसता की भावना विकसित करने पर विशेष जोर दिया। उल्लेखनीय है कि श्री क्षत्रिय युवक संघ द्वारा देश के विभिन्न प्रांतों में इस प्रकार के संस्कार शिविरों का निरंतर आयोजन किया जाता है। इसी परंपरा के अंतर्गत मंदसौर जिले में भी समय-समय पर ऐसे शिविर आयोजित होते रहे हैं, जिनका दायित्व एवं संचालन जिले के राजपूत समाजजन स्वयं करते हैं। समापन अवसर पर शिविर प्रभारी प्रेमसिंह रणधा एवं संघ के पदाधिकारियों ने शिविरार्थियों से शिविर में सीखे गए संस्कारों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र, समाज और संस्कृति के प्रति समर्पण के संकल्प के साथ हुआ।

# राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण करे समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

**रतलाम/ प्रवीण व्यास/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह द्वारा सोमवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, समयावधि पत्रों, समाधान पोर्टल एवं अन्य विषयों पर विभागवार समीक्षा कर विभाग प्रमुखों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत वैशाली जैन एडीएम, डॉ शालिनी श्रीवास्तव सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व न्यायालय में लंबित अविवादित नामान्तरण एवं बंटवारे के प्रकरणों मे त्वरित आदेश पारित कर उनका निराकरण दर्ज करने के निर्देश दिए। सी एम हेल्पलाइन के प्रकरणों मे एल 1 स्तर पर ही शिकायतों का समाधान कर पोर्टल पर जवाब दर्ज करने के निर्देश सभी विभाग प्रमुखों को दिये।

# 400 ग्राम एमडी ड्रग्स व 5 किलो डोडाचूरा बरामद, 4 गिरफ्तार, एक फरार

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भानपुरा थाना निरीक्षक आरसी दांगी ने गरोठ एसडीओपी विजय यादव के संज्ञान में लाकर मादक पदार्थ धरपकड़ की कार्रवाई की है। थाने की भैसोदामण्डी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक बलवीर सिंह यादव एवं टीम ने 400 ग्राम एमडी ड्रग्स व 5 किलो 100 ग्राम डोडाचूरा के साथ मौके से दो आरोपी दबोचे हैं, जिनसे पूछताछ में दो और आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। एक नामजद आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार 04 जनवरी को सउनि शारदा प्रसाद तिवारी को मुखबीर सूचना प्राप्त हुई। इस पर मय टीम द्वारा दुधाखेडी माताजी मंदिर बायपास रोड पहुंच कर विधिसंगत कार्यवाही कर मुखबीर बताये अनुसार बिना नंबर की पल्सर मोटर साइकिल से आरोपी महेन्द्र सिंह पिता रामसिंह सौधिया राजपूत उम्र 34 वर्ष निवासी ढाकनी थाना गरोठ जिला मंदसौर, शंकर सिंह पिता भगवानसिंह चौहान जाति सौंधिया राजपूत उम्र 32 साल नि. उन्हेल नागेश्वर थाना उन्हेल जिला झालावाड राजस्थान को कुल 400 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी व 5 किलो 100 ग्राम डोडाचूरा के साथ गिरफ्तार किया गया।

# सम्पादकीय

## वेनेज़ुएला संकटः अमेरिकी निरंकुशता और वैश्विक कानूनों का हनन

वेनेजुएला पर अमेरिकी सैन्य कार्रवाई और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी ने एक बार फिर यह प्रश्न खड़ा कर दिया है कि क्या अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था वास्तव में नियम-कानूनों से संचालित होती है या फिर ताकतवर राष्ट्रों की इच्छा ही वैश्विक न्याय का नया मानदंड बन चुकी है। निश्चित तौर पर वेनेजुएला पर अमेरिकी हमला महाशक्तियों की निरंकुशता को दर्शा ही रहा है, यह वैश्विक कानूनों का अतिक्रमण भी है, जो अमेरिकी दादागिरी का त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण संकेत है, वह केवल लैटिन अमेरिका तक सीमित घटना नहीं है, बल्कि समूची दुनिया के लिये एक खतरनाक मिसाल है। अमेरिका ने जिस तरह से वेनेजुएला में सैन्य कार्रवाई करके वहां के राष्ट्रपति को गिरफ्तार किया है, उससे जुड़े कूटनीतिक, राजनीतिक और अन्तराष्ट्रीय कानून संबंधी सवाल जो खड़े हुए ही हैं, पर अमेरिका को हस्तक्षेप का अवसर देने के लिये मादुरो की नीतियां भी चर्चा में आई हैं। वेनेज़ुएला पर अमेरिकी हमले की वजहें हो सकती है, लेकिन ट्रंप को यह तो सुनिश्चित करना ही होगा कि यह राष्ट्र अस्थिरता का अड्डा न बन जाये।

अमेरिका और उसके राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप स्वयं को वैश्विक शांति का मसीहा घोषित करते नहीं थकते, लेकिन उनकी नीतियां और कार्रवाइयाँ बार-बार युद्ध, हस्तक्षेप और सत्ता परिवर्तन की मानसिकता को उजागर करती हैं। यह वही अमेरिका है जो एक ओर लोकतंत्र, मानवाधिकार और संप्रभुता की दुहाई देता है, तो दूसरी ओर एक संप्रभु राष्ट्र पर आक्रमण और उसके राष्ट्रपति को गिरफ्तार करके अमेरिका ले जाना अंतर्राष्ट्रीय दादागिरी का दुर्लभ उदाहरण है। उससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि ट्रंप ने ऐलान किया है कि सत्ता परिवर्तन होने तक वाशिंगटन इस लैटिन अमेरिकी देश का संचालन करेगा। यह एक खतरनाक परंपरा है, जिसकी पुनरावृत्ति अमेरिकी महाद्वीप से बाहर होने की आशंका भी बलवती हो सकती है। इसमें दो राय नहीं कि निकोलस मादुरो के पतन के बाद वेनेज़ुएला में मिश्रित प्रतिक्रिया होगी। अंतर्राष्ट्रीय साजिशों से मादुरो को लगातार खलनायक बनाने की कोशिशों में एक वैश्विक तंत्र लगा हुआ था। इस तरह की दोहरी नीतियां केवल विडंबनापूर्ण नहीं, बल्कि वैश्विक शांति के लिये घातक है। वेनेज़ुएला संकट को केवल मादुरो बनाम अमेरिका के टकराव के रूप में देखना वास्तविकता को सरलीकृत करना होगा। इसमें संदेह नहीं कि मादुरो सरकार पर आर्थिक कुप्रबंधन, दमनकारी नीतियों, चुनावी अनियमितताओं और मानवाधिकार हनन जैसे गंभीर आरोप रहे हैं। लाखों वेनेज़ुएलावासी देश छोड़ने को मजबूर हुए, अर्थव्यवस्था चरमरा गई और जनता त्रस्त हुई। लेकिन यह भी उतना ही सत्य है कि किसी देश की आंतरिक विफलताओं को आधार बनाकर बाहरी सैन्य हस्तक्षेप को वैध ठहराना अंतर्राष्ट्रीय कानूनों की आत्मा के विरुद्ध है। यदि यही मापदंड हो, तो दुनिया के अनेक देशों में बाहरी हस्तक्षेप का अंतहीन सिलसिला शुरू हो सकता है।

दरअसल, वैश्विक कूटनीति के जानकारों का मानना है कि वेनेज़ुएला के मामले में अमेरिका की असली चिंता न लोकतंत्र है और न ही मानवाधिकार, बल्कि वहां के विशाल तेल भंडार हैं। वेनेज़ुएला विश्व के सबसे बड़े तेल भंडारों में से एक पर बैठा देश है और ऊर्जा संसाधनों पर नियंत्रण की अमेरिकी भूख कोई नई बात नहीं है। इराक, लीबिया और अफगानिस्तान इसके उदाहरण हैं, जहां 'लोकतंत्र स्थापना' के नाम पर हस्तक्षेप हुआ, लेकिन परिणामस्वरूप अस्थिरता, गृहयुद्ध और मानवीय संकट ही पैदा हुआ। ट्रंप का यह बयान कि मादुरो को पकड़ने के अभियान का खर्च वेनेज़ुएला के तेल राजस्व से वसूला जाएगा, इस पूरे घटनाक्रम की मंशा को बेनकाब करता है। यह कथन स्पष्ट करता है कि यह कार्रवाई न्याय या नैतिकता से नहीं, बल्कि संसाधनों पर नियंत्रण की साम्राज्यवादी सोच से प्रेरित है। किसी देश के प्राकृतिक संसाधनों पर इस तरह दावा करना उपनिवेशवादी मानसिकता का आधुनिक संस्करण है।

इस अमेरिकी कार्रवाई के भू-राजनीतिक परिणाम भी गहरे और दूरगामी होंगे। रूस और चीन ने इसे नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था के लिये गंभीर खतरा बताया है। मादुरो के आलोचक रहे कुछ अमेरिकी सहयोगी देश भी अब खुलकर चिंता जता रहे हैं। यह संकट वैश्विक ध्रूवीकरण को और तेज कर सकता है। विशेष रूप से चीन को इस घटनाक्रम से अपनी क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं, विशेषकर ताइवान पर अमेरिकी आलोचना को कमजोर करने का अवसर मिल सकता है। यदि अमेरिका स्वयं संप्रभुता का उल्लंघन करता है, तो वह दूसरों को किस नैतिक आधार पर संयम की सलाह देगा? वेनेज़ुएला संकट का एक और चिंताजनक पहलू वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाला प्रभाव है। तेल उत्पादन और आपूर्ति में किसी भी प्रकार की अनिश्चितता का सीधा असर अंतर्राष्ट्रीय बाजारों पर पड़ता है। तेल कीमतों में उछाल पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को झकझोर सकता है, विशेषकर विकासशील देशों को। भारत जैसे देशों के लिये यह स्थिति अत्यंत संवेदनशील है, जहां ऊर्जा आयात पर निर्भरता अधिक है। यही कारण है कि भारत ने इस घटनाक्रम पर संतुलित रुख अपनाते हुए चिंता व्यक्त की है और दोनों पक्षों से संवाद व कूटनीतिक समाधान की वकालत की है।

## आत्मारूपी दर्पण का दर्शन ही धर्म पथ की यात्रा का प्रारंभ है



श्री माताजी प्रणित सहजयोग ध्यान हमें हमारी बाह्य भौतिकता से मुक्त कर हमारे आत्मस्वरुप पर ध्यान करने की कला सिखाता है। यूं तो हम हमारी पंच ज्ञानेंद्रियों से केवल बाह्य जगत देख रहे हैं परंतु आत्मसाक्षात्कार प्राप्ति के बाद हम अपने आंतरिक सौंदर्य की झलक देख सकते हैं। ईश्वर की महिमा को अनुभूत कर सकते हैं। जब हमारी आदि मां कुंडलिनी भवसागर को पार करती है तो हममें धर्म जागृत होता है। धर्म की इस चैतन्यमयी अमृत धारा का अनेक गुणों के रूप में आप आनंद ले सकते हैं। परंतु इसे आप किसी पर थोप नहीं सकते है। हर किसी को धर्म रस का यह अमृतपान स्वयं ही करना होता है। धर्म आपकी अपनी एकाग्रता है, भीतर की ओर।

जैसे आप किसी को कुछ दान देना चाहते हैं तो वह केवल आपके और परमात्मा के बीच की बात होती है उसका बाहर कोई दिखावा नहीं होता। धर्म का आनंद तभी महसूस किया जा सकता है जब वह स्वयं तक सीमित हो वह साझा नहीं किया जा सकता। गुण साझा नहीं किए जा सकते। यदि कोई व्यक्ति गुणी है तो आप उसका समर्थन कर सकते हैं लेकिन उस धर्म का आनंद वह रस हृदय में गिरता है उसका आनंद कोई और नहीं भोग सकता। आप अपनी पवित्रता का आनंद स्वयं लेते हैं और यह बहुत सुखद व मधुर होता है। इसे पाने के लिए आपको अपने आत्मरूपी दर्पण को जानना होगा। इसे जानने के लिए श्री माताजी ने एक सुंदर दृष्टांत दिया है। वे कहते हैं, ईश्वर जो सौंदर्य का स्त्रोत हैं वे अपने ही सौंदर्य को नहीं देख सकते। जैसे एक मोती अपने भीतर प्रवेश करके अपने सौंदर्य को नहीं देख सकता, आकाश अपने सौंदर्य को नहीं समझ सकता। सूर्य व तारे अपनी प्रभा को नहीं देख सकते, इसी प्रकार सर्व शक्तिमान ईश्वर भी अपने स्वरूप को नहीं देख सकते उन्हें एक दर्पण की आवश्यकता होती है और इसी कारण उन्होंने इस सुंदर सृष्टि को अपने दर्पण के रूप में रचा है। प्रकृति के अनेक घटकों की रचना करने बाद उन्होंने मनुष्य की रचना की, परंतु अनेक योनियों में भटकने के बाद मिले इस जीवन को हम नशीले पदार्थ, अतिवाद, भौतिकता आदि में फंसकर नष्ट कर देते हैं। इसीलिए फंसता है क्योंकि वह नहीं जानता कि वह कितना महान है आनंद दायक और संपूर्ण है। परम पूज्य श्री माताजी कहते हैं कि हमने आप सभी साधकों के लिए एक दर्पण की खोज की है - वह है आत्मा का दर्पण। श्री माताजी कहते हैं, कि आत्म साक्षात्कार के पश्चात जो भी साधक आत्मा को अपनी चेतना, अपने चित्त में लाएगा वह उसमें अपना सुंदर प्रतिबिंब देख सकेगा और अपने भीतर के सारे कुविचार, कुसंस्कार और विनाशकारी चीजों को अनायास ही छोड़कर अपनी आनंद यात्रा पर निकल सकेगा।

# सौंदर्य की नई भाषाः जब महिलाएं बोलती हैं, मेरा शरीर, मेरे नियम

एक लड़की आईने के सामने खड़ी है। समाज कहता है ङ्क पतली हो जाओ, गोरी बनो, परफेक्ट बनो। लेकिन वह मुस्कुराती है और कहती है, ÷मेरा शरीर, मेरे नियम!÷ यह नारा आज लाखों महिलाओं की आवाज बन चुका है। बॉडी पॉजिटिविटी आंदोलन ने महिलाओं को सिखाया है कि सुंदरता का मतलब सिर्फ एक सांचे में फिट होना नहीं। यह आंदोलन आत्म-सम्मान, स्वीकृति और स्वतंत्रता का प्रतीक है। बॉलीवुड की चकाचौंध से लेकर सोशल मीडिया की दुनिया तक, महिलाएं अब अपने शरीर को शर्म की बजाय गर्व का विषय बना रही हैं। भारत में यह आंदोलन तेजी से फैल रहा है, जहां सदियों से महिलाओं के शरीर पर नियंत्रण की कोशिशें हुई हैं। अब समय आ गया है कि हम इस बदलाव को समझें और अपनाएं।

बॉडी पॉजिटिविटी का मूल अर्थ है हर प्रकार के शरीर को बिना शर्त स्वीकार करना ङ्क चाहे वह दुबला हो, स्थूल, गोरा, सांवला या कोई भी आकार-प्रकार। यह आंदोलन 1960 के दशक में अमेरिका में फैट एक्सेप्टेंस मूवमेंट से शुरू हुआ, और सोशल मीडिया ने इसे वैश्विक बनाया। भारत में लंबे समय तक बॉलीवुड और विज्ञापनों ने %जीरो फिगर% को आदर्श बनाया, जिससे अनगिनत महिलाएं बॉडी इमेज इश्यूज और ईटिंग डिसॉर्डर की शिकार हुईं। लेकिन अब महिलाएं कह रही हैं कि उनका शरीर उनका निजी क्षेत्र है, कोई और तय नहीं करेगा कि वह कैसी दिखेंगी। सोशल मीडिया पर प्लस-साइज इन्फ्लुएंसर्स अपनी अनफिल्टर्ड तस्वीरें शेयर कर रही हैं, और लाखों महिलाएं इससे प्रेरित होकर खुद को प्यार करना सीख रही हैं। यह बदलाव सिर्फ दिखावे का नहीं, बल्कि गहरे मानसिक परिवर्तन का है।

भारत में बॉडी पॉजिटिविटी को नई दिशा और मजबूती देने में सोशल मीडिया की भूमिका बेहद अहम रही है। अनेक महिलाएं अपने डिजिटल मंचों पर बिना झिझक अपनी निजी कहानियां साझा कर रही हैं। वे खुलकर बताती हैं कि बचपन में 'मोटी' या 'काली' जैसे शब्दों से मिले तानों ने उनके मन पर कितने गहरे घाव छोड़े, और उस पीड़ा से निकलकर आत्मविश्वास तक पहुंचना कितना कठिन रहा। इसी ईमानदारी ने लाखों महिलाओं को खुद को स्वीकार करने की हिम्मत दी है। फैशन इंडस्ट्री में भी यह बदलाव साफ दिखाई देता है, जहां अब रैंप पर विविध शरीर आकारों की मौजूदगी बढ़ी है। कपड़ों के बाजार में भी सोच बदली है और विस्तृत साइज विकल्प सामने आ रहे हैं। महिलाएं अब साफ शब्दों में कह रही हैं कि वे अपने शरीर के अनुसार कपड़े चाहती हैं, न कि कपड़ों के अनुसार खुद को बदलना। यही सोच उन्हें मानसिक स्वतंत्रता दे रही है, जहां बॉडी शेमिंग का डर धीरे धीरे कमजोर पड़ रहा है।

'मेरा शरीर, मेरे नियम' का नारा केवल वजन या शरीर के आकार तक सीमित नहीं रह जाता, बल्कि यह महिलाओं के समग्र अधिकारों की मुखर अभिव्यक्ति बन चुका है। इसमें अपने कपड़े खुद चुनने की आज़ादी है, अपने शरीर से जुड़े निर्णय स्वयं लेने का साहस है और प्रजनन से जुड़े फैसलों पर अधिकार की स्पष्ट मांग भी शामिल है। भारतीय समाज में, जहां परिवार और रिश्तेदार अक्सर महिलाओं के शरीर पर टिप्पणी करने या उसे नियंत्रित करने का अधिकार अपने हाथ में समझ लेते हैं, यह नारा एक सशक्त प्रतिरोध की तरह उभरता है। महिलाएं अब ऑनलाइन आलोचनाओं और ट्रोलिंग को चुपचाप सहने के बजाय आत्मविश्वास से जवाब दे रही हैं। डिजिटल मंचों पर शरीर के प्राकृतिक पहलुओं को सामान्य बताने की कोशिशें तेज़ हुई हैं। मध्य आयु की महिलाएं भी इस सोच से जुड़ रही हैं, जो लंबे समय तक चुप्पी ओढ़े रहीं। इससे नई पीढ़ी तक यह संदेश पहुंच रहा है कि सुंदरता किसी एक ढांचे में नहीं, बल्कि विविधता में अपनी असली पहचान पाती है।

इस आंदोलन के सामने चुनौतियां कम नहीं हैं। कई बार बॉडी पॉजिटिविटी को व्यावसायिक ब्रांड केवल प्रचार का साधन बना लेते हैं, जहां असली सामाजिक बदलाव पीछे छूट जाता है। कुछ महिलाएं जब अपनी फिटनेस यात्रा शुरू करती हैं, तो उन्हें ही यह कहकर निशाना बनाया जाता है कि वे आंदोलन की भावना के खिलाफ जा रही हैं। भारत में गोरेपन की क्रीमों, स्लिमिंग उत्पादों और डाइट उद्योग का प्रभाव आज भी गहरा और व्यापक है। इसके बावजूद सकारात्मक परिवर्तन इन बाधाओं से कहीं अधिक मजबूत बनकर उभरा है। स्कूलों और कॉलेजों में अब इस विषय पर खुली चर्चाएं होने लगी हैं। माताएं अपनी बेटियों को यह सिखा रही हैं कि हर शरीर अलग, अनोखा और सुंदर होता है। यह आंदोलन नारीवादी सोच का अहम हिस्सा बन चुका है, जहां महिलाएं अपने शरीर की वास्तविक स्वामिनी बन रही हैं। इसका असर उनके करियर, रिश्तों और पूरे जीवन पर सकारात्मक रूप से दिखाई दे रहा है।

बॉडी पॉजिटिविटी को जीवन में अपनाने के लिए बड़े प्रयास नहीं, बल्कि छोटे और सच्चे कदम ही पर्याप्त होते हैं। हर सुबह आईने में खुद को देखकर प्रशंसा करना आत्मस्वीकृति की शुरुआत हो सकती है। सोशल मीडिया पर उन्हीं मंचों से जुड़ना जरूरी है जो सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं। व्यायाम को सजा नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और खुशी का माध्यम बनाना चाहिए। दोस्तों और परिवार के साथ शरीर को लेकर खुलकर बातचीत करना भी बेहद जरूरी है। भारत में यह आंदोलन अब महानगरों से निकलकर गांवों तक पहुंच चुका है, जहां महिलाएं अपनी पारंपरिक वेशभूषा में भी पूरा आत्मविश्वास महसूस कर रही हैं। विभिन्न अभियानों के माध्यम से यह सोच और मजबूत हो रही है। महिलाएं यह समझने लगी हैं कि उनका शरीर सम्मान और स्नेह का पात्र है, आलोचना का नहीं। यह परिवर्तन समाज को अधिक समावेशी, संवेदनशील और मानवीय बना रहा है।

'मेरा शरीर, मेरे नियम' सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि यह एक पूर्ण क्रांति बन चुका है। यह महिलाओं को सदियों से उनके ऊपर थोपे गए शर्म और सामाजिक दबाव से मुक्त कर रहा है। भारतीय समाज में, जहां सौंदर्य के मानक हमेशा सख्त और कठोर रहे हैं, यह आंदोलन अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रभावशाली साबित हो रहा है। हर महिला को यह याद रखना चाहिए कि वास्तविक सुंदरता बाहरी रूप में नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, आत्म-सम्मान और आत्म-स्वीकृति में निहित होती है। समाज बदल रहा है, लेकिन हमें भी इसमें सक्रिय भूमिका निभानी होगी। अगली बार जब कोई आपके शरीर पर टिप्पणी करे, तो गर्व के साथ कहें ङ्क मेरा शरीर, मेरे नियम! यह आंदोलन तब तक चलेगा जब तक हर महिला खुद को पूरी तरह अपनाने और सम्मान देने के लिए स्वतंत्र न हो जाए। इसमें शामिल होकर, खुद से प्रेम करना और दूसरों को प्रेरित करना न केवल व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि यह समाज में सकारात्मक बदलाव की भी जीत है।

**-कृति आरके जैन**

## हाशिये पर जाती पढ़ाई और फाइलों में उलझता शिक्षक तंत्र

हरियाणा की शिक्षा व्यवस्था आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहाँ प्रश्न केवल संसाधनों की कमी का नहीं, बल्कि प्राथमिकताओं के गहरे संकट का है। हालिया रिपोर्टें यह उजागर करती हैं कि जिस शिक्षा व्यवस्था पर समाज के बौद्धिक और नैतिक भविष्य का दारोमदार है, वही व्यवस्था प्रशासनिक उदासीनता और अव्यवस्थित नीतियों की भेंट चढ़ती जा रही है। शिक्षक, जो किसी भी राष्ट्र के निर्माण की बुनियादी इकाई होता है, आज कक्षा के बजाय फाइलों और सरकारी आदेशों के बोझ तले दबा हुआ है। परिणामस्वरूप पढ़ाई हाशिये पर चली गई है और पूरा तंत्र औपचारिकताओं की गिरफ्त में जकड़ा दिखाई देता है।

सरकारी स्कूलों में लगभग 29,800 शिक्षकों के पद रिक्त होना किसी सामान्य प्रशासनिक चूक का संकेत नहीं है, बल्कि यह एक दीर्घकालिक लापरवाही का प्रतिफल है। उच्च शिक्षा की स्थिति और भी चिंताजनक है, जहाँ कॉलेजों में प्रोफेसरों के लगभग आधे पद खाली पड़े हैं। यह केवल संख्या का प्रश्न नहीं है, बल्कि उस शैक्षणिक शून्य का संकेत है जो धीरे-धीरे पूरी पीढ़ी को प्रभावित कर रहा है। जब शिक्षक-छात्र अनुपात असंतुलित होगा, तो शिक्षा की गुणवत्ता स्वतः ही गिरावट की ओर जाएगी।

एक ही शिक्षक से कई-कई कक्षाओं और विषयों को संभालने की अपेक्षा की जा रही है। ऐसे में न तो विषय की गहराई संभव है और न ही छात्रों को व्यक्तिगत मार्गदर्शन मिल पाता है। शिक्षक थकान, दबाव और समयाभाव से जूझता हुआ केवल पाठ्यक्रम पूरा करने की औपचारिकता निभा रहा है। शिक्षा का उद्देश्य, जो जिज्ञासा, विवेक और आलोचनात्मक सोच विकसित करना होना चाहिए, वह केवल परीक्षा-केंद्रित गतिविधि बनकर रह गया है।

स्थिति को और विकट बनाता है शिक्षकों पर थोपे गए गैर-शैक्षणिक कार्यों का बोझ। लगभग पच्चीस प्रकार के ऐसे कार्य हैं, जिनका शिक्षा से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है, किंतु उनका सबसे बड़ा भार शिक्षक को ही उठाना पड़ता है। चुनाव ड्यूटी, जनगणना, सर्वेक्षण, विभागीय रिपोर्टें, विभिन्न पोर्टलों पर डेटा अपलोड, छात्रवृत्ति और पहचान पत्रों का सत्यापन—इन सबके बीच शिक्षक की मूल भूमिका कहीं खो जाती है। शिक्षक अब ज्ञान का संवाहक नहीं, बल्कि एक बहुउद्देशीय सरकारी कर्मचारी बनता जा रहा है।

जब शिक्षक का अधिकांश समय कागज़ी कार्यों और प्रशासनिक दबावों में व्यतीत होगा, तो कक्षा की तैयारी, नवाचार और विद्यार्थियों के साथ संवाद के लिए समय कहाँ बचेगा? यह प्रश्न केवल शिक्षक के कार्यभार का नहीं है, बल्कि पूरी शिक्षा व्यवस्था की सोच पर सवाल खड़ा करता है। क्या हम शिक्षक को एक बौद्धिक मार्गदर्शक मानते हैं या मात्र आदेश पालन करने वाला कर्मचारी? इस अव्यवस्था का सीधा प्रभाव माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा के परिणामों में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

**- डॉ सत्यवान सौरभ**

# क्रिकेट जो संवाद था, कैसे बन गया टकराव का मंच



क्रिकेट, जिसे कभी पड़ोसी देशों के बीच संवाद और सौहार्द का माध्यम माना जाता था, आज उसी मैदान पर राजनीतिक कटुता की गहरी लकीरें खींचता दिखाई दे रहा है। बांग्लादेशी तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान की आईपीएल से अचानक रिहाई ने खेल की सीमाओं को लांघते हुए भारतङ्कबांग्लादेश संबंधों को विवाद के केंद्र में ला खड़ा किया है। जनवरी 2026 की शुरुआत में बीसीसीआई द्वारा कोलकाता नाइट राइडर्स को दिया गया यह निर्देश केवल एक खिलाड़ी का करियर प्रभावित करने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उसने यह प्रश्न खड़ा कर दिया कि क्या अब क्रिकेट भी कूटनीति और आक्रोश का उपकरण बन चुका है। मैदान पर गेंद नहीं, बल्कि अविश्वास और नाराज़गी उछलती दिखाई दे रही है।

इस पूरे विवाद की जड़ें बांग्लादेश की आंतरिक राजनीतिक अस्थिरता में छिपी हैं। शेख हसीना सरकार के पतन के बाद वहां अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर बढ़ते हमलों की खबरों ने भारत में तीखी प्रतिक्रिया को जन्म दिया। अगस्त 2025 से जनवरी 2026 के बीच हिंसा, आगजनी और हत्याओं की घटनाओं ने सामाजिक माध्यमों और राजनीतिक मंचों पर उबाल पैदा कर दिया। दिपु चंद्र दास की लिंचिंग जैसी घटनाएं केवल मानवीय त्रासदी नहीं रहीं, बल्कि वे पड़ोसी देश के साथ भावनात्मक रिश्तों पर भी चोट करने लगीं। इसी आक्रोश की छाया क्रिकेट तक पहुंच गई, जहां खेल अब भावनाओं का बंधक बनता दिख रहा है।

आईपीएल 2026 की नीलामी में मुस्ताफिजुर रहमान की बोली एक बड़े क्रिकेटीय क्षण के रूप में दर्ज हुई थी। आधार मूल्य से कई गुना अधिक, 9.20 करोड़ रुपये में केकेआर द्वारा खरीदे गए इस गेंदबाज को उनकी घातक कटर और अनुभव के लिए चुना गया था। चेन्नई और दिल्ली जैसी टीमों से भिड़ंत के बाद मिली यह राशि उनकी लोकप्रियता और उपयोगिता को दर्शाती थी। लेकिन कुछ ही हफ्तों में यह निवेश राजनीतिक दबावों के आगे बेमानी हो गया। बीसीसीआई का आदेश आते ही आईपीएल की चमक फीकी पड़ गई और खेल के व्यावसायिक तर्क भावनात्मक शोर में दब गए।

बीसीसीआई द्वारा दिए गए संक्षिप्त और अस्पष्ट कारणों ने विवाद को और हवा दी। 'वर्तमान परिस्थितियों' का हवाला देकर की गई रिहाई ने यह स्पष्ट कर दिया कि क्रिकेट प्रशासन भी अब राजनीतिक माहौल से अछूता नहीं रहा। यह फैसला पाकिस्तानी खिलाड़ियों के आईपीएल बहिष्कार की याद दिलाता है, जब कूटनीतिक तनाव ने खेल के दरवाजे बंद कर दिए थे। इस बार भी सोशल मीडिया पर दबाव, राष्ट्रवादी भावनाएं और राजनीतिक बयानबाज़ी निर्णायक भूमिका में दिखीं। इससे क्रिकेट की स्वायत्तता और निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग गए हैं।

भारत में जहां इस कदम को कुछ वर्गों ने 'राष्ट्रीय भावनाओं की रक्षा' बताया, वहीं बांग्लादेश में इसे अपमान और भेदभाव के रूप में देखा गया। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए मुस्ताफिजुर का एनओसी रद्द कर दिया और भारत में आईपीएल प्रसारण पर रोक लगाने की धमकी दी। इतना ही नहीं, उन्होंने आईसीसी से टी20 विश्व कप 2026 के मैच भारत से श्रीलंका स्थानांतरित करने की औपचारिक मांग भी की। यह प्रतिक्रिया केवल एक खिलाड़ी के समर्थन में नहीं थी, बल्कि राष्ट्रीय सम्मान और संप्रभुता की घोषणा बन गई, जिसने रिश्तों में और खटास घोल दी।

टी20 विश्व कप 2026 इस पूरे विवाद की सबसे अहम अंतरराष्ट्रीय कड़ी के रूप में उभरता दिखाई दे रहा है। भारत में प्रस्तावित बांग्लादेशी मैचों को लेकर सुरक्षा आशंकाओं का हवाला देते हुए श्रीलंका स्थानांतरित करने की औपचारिक मांग की गई है। ब्ष्ट्क ने आईसीसी को पत्र भेजकर यह अनुरोध किया है, जिसने टूर्नामेंट की तैयारियों पर सवाल उठाए हैं। यदि यह मांग स्वीकार हुई, तो यह एक खतरनाक उदाहरण बनेगा कि राजनीतिक तनाव किस तरह वैश्विक खेल आयोजनों की रूपरेखा बदल सकता है। इसका सीधा असर विश्व कप की गरिमा, निष्पक्षता और अंतरराष्ट्रीय भरोसे पर पड़ना तय है।

भारत और बांग्लादेश के क्रिकेट संबंधों का इतिहास उतारङ्कचढ़ाव और सहयोग की मिली-जुली कहानियों से भरा रहा है। 2011 विश्व कप से लेकर कई द्विपक्षीय श्रृंखलाओं तक, क्रिकेट ने दोनों देशों को करीब लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मुस्ताफिजुर जैसे खिलाड़ी इसी सेतु के प्रतीक रहे हैं, जिन्हें सीमाओं से परे सम्मान और प्रशंसा मिली। किंतु वर्तमान घटनाक्रम ने उस सौहार्द की नींव को हिला दिया है। 1971 के युद्ध की स्मृतियां, हालिया हिंसा और बढ़ता अविश्वास रिश्तों को फिर से संदेह और दूरी की दिशा में धकेल रहा है।

इस पूरे प्रकरण में राजनीतिक हस्तक्षेप सबसे निर्णायक तत्व बनकर उभरा है। भारत में कुछ नेताओं ने केकेआर और बीसीसीआई के फैसले को राष्ट्रभावना से जोड़कर सही ठहराया, जबकि अन्य ने इसे खेल की निष्पक्षता पर आघात बताया। यह विवाद दिखाता है कि मामला केवल समर्थन या विरोध तक सीमित नहीं, बल्कि खेल संस्थाओं की स्वायत्तता से भी जुड़ा है। सोशल मीडिया पर इतना उबाल रहा कि शाहरुख खान तक निशाने पर आ गए, जहां भावनाएं विवेक पर भारी पड़ती दिखीं। नतीजतन क्रिकेट धीरे-धीरे खेल से अधिक राजनीतिक प्रतीक बनता जा रहा है, जो लोकतांत्रिक संवाद के बजाय ध्रुवीकरण को बढ़ावा दे रहा है।

आगे की राह और अधिक धुंधली व अनिश्चित होती दिखाई दे रही है। द्विपक्षीय श्रृंखलाएं, खिलाड़ियों का आदानङ्कप्रदान और संयुक्त क्रिकेट आयोजन सभी गंभीर सवालों के घेरे में आ खड़े हुए हैं। यदि यह तनाव लंबा खिंचता है, तो भारतङ्कबांग्लादेश के क्रिकेट संबंध भी उसी राह पर बढ़ सकते हैं, जहां राजनीति ने खेल को वर्षों तक जकड़े रखा। आईसीसी के हस्तक्षेप की संभावना भले मौजूद हो, लेकिन ठोस राजनीतिक इच्छाशक्ति के बिना किसी स्थायी समाधान की उम्मीद कमजोर है। यह हालात वैश्विक क्रिकेट के लिए चेतावनी हैं कि बढ़ता राजनीतिक दखल अंततः खेल की आत्मा को खोखला कर देगा।

मुस्ताफिजुर रहमान की रिहाई अब केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं रह गई, बल्कि वह एक गहरे प्रतीक के रूप में उभर आई है। यह घटना साफ संकेत देती है कि क्रिकेट अब सिर्फ मैदान का खेल नहीं, बल्कि राष्ट्रीय पहचान, सामूहिक भावनाओं और राजनीतिक सोच का विस्तार बन चुका है। यह क्षण दोनों देशों के लिए आत्ममंथन का है कि वे क्रिकेट को संवाद और विश्वास का माध्यम बनाए रखना चाहते हैं या उसे टकराव का अखाड़ा बनने देंगे। यदि समय रहते संतुलन नहीं साधा गया, तो वह क्रिकेटीय आत्मा, जो कभी सीमाओं को जोड़ती थी, धीरेङ्कधीरे धुंध में खो सकती है।

**-प्रो. आरके जैन**

# जिन्ना का पाकिस्तान इंटरनेशनल मोनेटरी फंड के सामने नतमस्तक



जिन्ना के सपनों का पाकिस्तान आज अपने सबसे भीषण आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक संकट के दौर से गुजर रहा है, जहां वह इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड के सामने पूरी तरह नतमस्तक दिखाई देता है और उसका तथाकथित आयरन फ्रेंड चीन भी आंखें फेर चुका है, पाकिस्तानी रुपया डॉलर के मुकाबले ऐतिहासिक रूप से गिरकर लगभग 287 के स्तर तक पहुंच गया है, विदेशी मुद्रा भंडार सिमटकर मात्र 3.10 अरब डॉलर रह गया है जो मुश्किल से 15 दिनों के आवश्यक आयात को ही संभाल सकता है, ऐसे में महंगाई, बेरोजगारी और भुखमरी ने पूरे देश में त्राहि-त्राहि मचा दी है, आईएमएफ की शर्तों को मानने की मजबूरी में पाकिस्तान सरकार ने गैस के दामों में लगभग 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है और बिजली की कीमतों में प्रति यूनिट कई रुपये का इजाफा कर दिया है, जिसका सीधा असर आम जनता पर पड़ा है।

पंजाब से लेकर बलूचिस्तान और सिंध तक लोग सड़कों पर उतर आए हैं, विरोध और विद्रोह की आवाजें तेज हो रही हैं, आटा 250 रुपये किलो में भी मुश्किल से मिल रहा है, चावल गायब है और शक्कर आम आदमी के लिए कड़वी सच्चाई बन चुकी है, प्रधानमंत्री नवाज शरीफ द्वारा दिवालियेपन की कगार पर पहुंचने की स्वीकारोक्ति इस बात का प्रमाण है कि पाकिस्तान अब केवल कर्ज लेकर कर्ज चुकाने के दुष्चक्र में फंस चुका है, संयुक्त अरब अमीरात और खाड़ी देशों का सहायता से इनकार करना और चीन द्वारा सीपीईसी परियोजनाओं में कार्यरत अपने नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्वयं उठाने का संकेत देना पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय साख के पतन को दर्शाता है, आतंकवाद को राज्य नीति का औजार बनाकर जिन्ना के पाकिस्तान ने जो रास्ता चुना था उसी का परिणाम है कि आज वह वैश्विक स्तर पर अलग-थलग पड़ गया है, जहां एक ओर भारत 15 अगस्त 1947 के बाद लोकतंत्र, विकास और वैश्विक सहयोग के रास्ते पर चलते हुए विश्व की प्रमुख आर्थिक और सामरिक शक्तियों में शामिल हो चुका है, वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान आतंकवाद, अस्थिरता और गलत नीतियों के कारण कंगाली और अराजकता की ओर बढ़ गया है, श्रीलंका जैसे हालात की आशंका अब केवल संभावना नहीं बल्कि वास्तविकता के बेहद करीब है, इसके बावजूद कश्मीर को लेकर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर राग अलापना पाकिस्तान के राजनीतिक नेतृत्व के मानसिक दिवालियापन को उजागर करता है, आज पाकिस्तान के पास अपनी आवाम को बचाने के लिए न तो संसाधन हैं और न ही विश्व का भरोसा, केवल आईएमएफ की कठोर शर्तें ही उसे कुछ समय की सांस दे सकती हैं, लेकिन यदि उसने आतंकवाद से दूरी, आर्थिक सुधारों और पड़ोसी देशों के साथ व्यवहारिक नीति की ओर आमूलचूल परिवर्तन नहीं किया तो वह दिन दूर नहीं जब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष भी उससे हाथ खींच लेगा और पाकिस्तान इतिहास में एक असफल राष्ट्र के रूप में दर्ज हो जाएगा।

## संजीवनी

राह में तूफ़ान को स्वीकार कर लिया,
चोट को मुस्कान सा स्वीकार कर लिया।
धूप में जलते हुए पाँवों में ताज़ा दर्द था,
रिवाज के नाम पर घाव का सम्मान रख लिया।
बूंद बनकर टूट जाना भी गँवारा था मगर,
सागर की दिशा में अपने को अनजान रख लिया।
लोग कहते कि अब टूटे हुए दिल का क्या,
हमने टूटे मन को अपनी पहचान रख लिया।
हमने सोचा कि पल में सुकून आ जाएगा,
परेशानी को खुद का समाधान रख लिया।
रात भर आंसू पिघलते रहे तकिये पर मगर,
सबेरे ही हँसकर दर्द का अरमान रख लिया।
संजीव ठोकरों की गूँज से सीखा सफ़र हमने,
हार को भी जीत का पहला पैमान रख लिया।

**-संजीव ठाकुर**

# राष्ट निर्माण में अपनी प्रतिभा लगाये युवा- गायत्री परिवार

## कड़ाके की ठंड और घने कोहरे से भी गायत्री साधकों का उत्साह का कम नहीं हुआ

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के मार्गदर्शन में देशभर में गुरु माता परम वंदनीया भगवतीदेवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष को मनाने के लिए जोर-शोर से तैयारी चल रही है, इसी कड़ी में गायत्री परिवार की शाखा देवास द्वारा ग्राम राजोदा के 51 घरों में बड़ी श्रद्धा और संवर्धन के साथ गृह-गृह गायत्री यज्ञ संपन्न किए जिसका एक ही उदेश्य था 51 घरों को देव परिवार बनाना द्य



गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि रविवार को ग्राम राजोदा में बड़ी श्रद्धा से 51 घरों को गायत्री यज्ञ के माध्यम से देव परिवार बनाया गया द्य आयोजन की शुरुआत देव संस्कृति विश्वविद्यालय की देव कन्याएं दिव्या तांबडे, हर्षिता चौहान एवं वर्षा कुमारी ने श्री वेदमाता गायत्री, परम पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्यजी एवं वंदनीया माता भगवतीदेवी शर्मा का पूजन अर्चन व दीप प्रज्जवलित कर ग्राम में जन जागरण रैली निकाली गई जिसमें जोरदार नशा मुक्ति के नारे लगाये गए जो लोगों को प्रभावित कर रहे थे द्य कड़ाके की ठंड और कोहरे के बीच बड़ी श्रद्धा से गायत्री साधकों और यज्ञमानों ने पूरे गांव में रैली निकाल कर गायत्री यज्ञ का संदेश दिया द्य रैली में प्रज्ञा गीतों की शानदार प्रस्तुति गायत्री शक्तिपीठ की देव कन्याओं एवं गायत्री परिवार के डॉ. रूपसिंह नागर, दिनेश चौधरी ने दी द्य गायत्री परिवार के जिला समन्वयक हरिराम जिराती एवं युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक प्रमोद निहाले ने कहा कि वर्ष 2026 गायत्री परिवार की संस्थापिका माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी है इसके अंतर्गत देशभर में बड़ी तैयारी चल रही है इसी के अन्तर्गत ग्राम राजोदा में 51 घरों में बड़ी श्रद्धा से पुनीत गृह गृह गायत्री यज्ञ किए गए द्य गायत्री यज्ञ के माध्यम से यजमानों के जीवन में परिवर्तन कर उनके जीवन को नशा मुक्त, साधनामय, आडंबर मुक्त और गायत्रीमय बनाना हैं द्य युवाओं से जन्म शताब्दी वर्ष में राष्ट निर्माण हेतु अपनी योग्यता व क्षमता को लगाने की अपील की साथ ही नशा नहीं करने का संकल्प दिलाया द्य आयोजन को सफल बनाने मे गायत्री परिवार के रमेशचन्द्र मोदी, ओ. पी. श्रीवास्तव, प्रदीप दुबे, राधा राठौड़, विकास चौहान, हजारीलाल चौहान, सतीश शर्मा, दिलीप पाटीदार, मंजू पटेल, सरिता पाटीदार, श्रद्धा निहाले, राजेंद्र चौधरी, भागीरथ पटेल, भरत चौधरी सहित सैकड़ों परिजनों का विशेष सराहनीय योगदान रहा द्य वरिष्ठ परिजन राजेंद्र चौधरी ने आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी का आभार माना एवं सदैव सहयोग की अपेक्षा की।

## जनसुनवाई की मासिक रिपोर्ट कलेक्टर कार्यालय एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय में करेंगे प्रस्तुत

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली जनसुनवाई में भूमि, रास्ता सहित अन्य विवाद संबंधित आवेदकों की पुलिस एवं राजस्व विभाग एक साथ सुनवाई करेंगे । कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने निर्देश दिए हैं कि जिले में राजस्व से संबंधित कई प्रकरण जिनमें रास्ता विवाद तथा अन्य भूमि संबंधी मामलों में राजस्व एवं पुलिस की ओर से संयुक्त कार्यवाही करें तथा पुलिस एवं राजस्व विभाग एक साथ संयुक्त रूप से जनसुनवाई करें ताकि प्रकरणों का त्वरित एवं सकारात्मक निराकरण किया जा सके। कलेक्टर सिंह ने जिले में प्रति मंगलवार होने वाली जनसुनवाई में संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), तहसीलदार एवं थाना प्रभारी को एक साथ संयुक्त रूप से सुनवाई कर तथा प्राप्त आवेदनों का त्वरित एवं सकारात्मक निराकरण करने के निर्देश दिये है। उन्होंने सुनवाई की मासिक रिपोर्ट जिला कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक को प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिये है।

## देवास विधानसभा में 12 एवं 13 जनवरी को होगा सांसद खेल महोत्सव का आयोजन

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवास फिटनेस को बढ़ावा देने एवं स्थानीय खेल प्रतिभाओं की पहचान करने के उद्देश्य से देवास विधानसभा में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन देवास-शाजापुर सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में 12 एवं 13 जनवरी को किया जायेगा। सांसद खेल महोत्सव आयोजन के संबंध में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपर कलेक्टर सोलंकी ने सांसद खेल महोत्सव के सफल संचालन के संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। सासंद खेल महोत्सव अंतर्गत 12 से 13 जनवरी 2026 को कबड्डी, फुटबॉल, वालीबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, रस्साकसी, बास्केटबॉल, सॉफ्ट टेनिस, सॉफ्ट बॉल ऐथलेटिक्स प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी। बैठक में प्रतियोगिता संयोजक सुदेश सांगते ने सासंद खेल महोत्सव में आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में जिला खेल अधिकारी देवास सुश्री सेना गाडरिया, सीएमएचओ श्रीमती सरोजनी जेम्स बेक, उपायुक्त नगर निगम जाकिर जाफरी, जावेद पठान, राहुल व्यास, मनीष जायसवाल, सहायक संचालक (शिक्षा) शिवनंदन प्रजापति, सीएमओ सोनकच्छ अमरदास सैनानी, सीएमओ हाटपीपल्या श्रीमती सविता सोनी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## 10वीं, 12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षा शुरू

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर के बस स्टैंड स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में सोमवार से कक्षा 10वीं और 12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गई। पहले दिन कक्षा 12वीं के छात्रों ने कृषि एवं भूगोल विषय की परीक्षा दी, जिसमें लगभग 69 विद्यार्थी शामिल हुए। परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। विद्यालय के प्राचार्य हेमंत यादव ने बताया कि प्री-बोर्ड परीक्षाएं विद्यार्थियों को वार्षिक बोर्ड परीक्षा के लिए तैयार करने और उनकी तैयारी का आकलन करने के उद्देश्य से आयोजित की जाती हैं। इन परीक्षाओं का मुख्य लक्ष्य छात्रों को बोर्ड परीक्षा के वास्तविक वातावरण से परिचित कराना, उनकी कमजोरियों की पहचान करना और समय प्रबंधन का अभ्यास कराना है। प्राचार्य ने बताया कि सोमवार को कक्षा 12वीं का पेपर हुआ, जबकि मंगलवार को कक्षा 10वीं की परीक्षा होगी।

## शत प्रतिशत हो कचरा संग्रहण की वसूली, अवैध नल कनेक्शन धारकों पर होगी कार्यवाही

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** लक्ष्य के अनुरूप वसूली को लेकर आयुक्त दलीप कुमार ने सम्पत्तिकर एवं यूजर चार्जेस की बैठक आहुत कर उपायुक्त वित्त दीपक पटेल एवं राजस्व अधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव को दिशा निर्देश जारी किये। आयुक्त ने राजस्व वसूली के लक्ष्य को पूरा करने के लिये सहायक राजस्व निरीक्षकों से वार्ड वार वसूली की जानकारी ली। व्यवसायिक क्षेत्रों के वार्डों में विशेष फोकस करते हुए व्यवसायिक दुकानों एवं मॉल की नस्ती कर सम्पत्तिकर का असिसमेंट कर राशि वसूलने के निर्देश देते हुए ऐसे बकायादार जिन्होंने सूचना पत्र देने के पश्चात भी बकाया राशि का भुगतान नहीं किया है उन पर कुर्की की कार्यवाही निरन्तर करने के निर्देश दिये हैं। वार्ड क्र. 5,6,7,8,9,31,32 एवं 17 में प्रतिदिन के दिये गये लक्ष्य के अनुरूप राशि नहीं वसूलने पर संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षकों को सूचना पत्र दिये जाने हेतु कहा। वहीं वार्ड क्र. 17 में ग्रीन बेल्ट पर बने व्यावसायिक भवनों, दुकानों के स्वामित्वों के द्वारा सम्पत्तिकर की राशि जमा नहीं करने पर सूचना पत्र जारी करने के साथ कार्यवाही किये जाने हेतु कहा। वार्ड क्र.38,42,43,44 एवं 45 में वसूली हेतु त्वरित सुधार के निर्देश दिये। शत प्रतिशत हो कचरा संग्रहण की वसूली। ऐसे संस्थान जिनके द्वारा कचरा ज्यादा निकाला जाता है और उनसे संग्रहण शुल्क की राशि कम वसूली जाती है ऐसे संस्थान स्कूल, ढाबा, हास्पिटल आदि व्यावसायिक संस्थानों की जांच कर यूजर चार्जेस वसूल करें। निगम सीमा क्षेत्र में व्यवसाय करने वाले छोटे बड़े व्यवसायकों को निगम का लायसेंस लेना अनिवार्य होगा। अवैध नल कनेक्शनों की जांच के निर्देश के साथ वैध करने की कार्यवाही निर्धारित शुल्क जमा कर करें। जिन वार्डों में जल कर की वसूली कम आ रही है या जो जल उपभोक्ता के द्वारा जल कर नहीं जमा किया जा रहा हैं मौके पर नल कलेक्शन विच्छेद करने के साथ पंचनामा तैयार करने के निर्देश जलकर अधिकारी एवं वसूलीकर्ता को दिये गये।

# जल वितरण एवं पानी की गुणवत्ता को लेकर विधायक ने की निगम अधिकारी व कर्मचारियों के साथ बैठक

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर मे हो रहे जल वितरण को लेकर विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार ने निगम आयुक्त दलीप कुमार के साथ निगम बैठक हाल मे जल प्रदाय से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ शहर मे किये जा रहे जल वितरण एवं पानी की गुणवत्ता को लेकर विस्तृत चर्चा की।




सभी वार्डो मे पानी वितरण का समय एवं पानी वितरण मे कुछ स्थानो पर आ रही समस्या पर विधायक ने अधिकारियों से जानकारी लेते हुये तत्काल निराकरण हेतु कहा। पेयजल वितरण सिस्टम को ओर बेहतर बनायें इसमे पार्षदों का सहयोग लें। शहर की पानी की टंकियों को हर 3 माह मे साफ करवाने के साथ ही टंकियों पर साफ सफाई की दिनांक को अंकित किया जाये। वार्डो मे पीने के पानी की सप्लाई लाईन को निरंतर चेक करें। वार्डो मे जलप्रदाय की पाईप लाईन डालने या अन्य विभागीय कार्य किये जाते हैं तो वार्ड पार्षद को अवगत करायें। जनप्रतिनिधियों को विश्वास मे लेकर वार्डो मे किये जा रहे कार्य ओर आसानी से होगें। विधायक ने वार्डो की मूलभूत सुविधाओं को लेकर पार्षदगणों से चर्चा कर वार्डो मे आ रही समस्या को नोट करने ओर निराकरण करने की कार्यवाही करने के निर्देश कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती को दिये।

कालेज एवं स्कुलों की पानी की टंकियां साफ हो। समय समय पर इनकी भी जांच हो की व्यवस्था पर सभापति रवि जैन ने चर्चा कर स्कुल के संस्थापकों से रिपोर्ट लिये जाने हेतु कहा। वार्डो मे जहां अवैध नल कनेक्शन हों को वैध करने की कार्यवाही पर भी चर्चा श्री जैन ने की।

आयुक्त ने कहा कि पानी की गुणवत्ता को लेकर पानी सप्लाय के समय नलों एवं घरों पर जाकर निगम की टीम द्वारा पानी की जांच की गई जो मानक स्तर पर सही पाई गई। कुछ वार्डो मे पानी की समस्या थी उसका तत्काल निराकरण किया गया है। पानी का अपव्यय रोकने के लिये नागरिकों को नलों मे टोटी लगाने हेतु जागरूक किया जायेगा। सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को वार्डो मे पानी सप्लाय को लेकर सख्त निर्देश दिये गये है कि किसी भी वार्ड मे गंदे पानी की समस्या उत्पन्न नही होवे का विशेष ध्यान रखें।

बैठक में निगम नेता सत्तापक्ष मनीष सेन, निगम स्वास्थ्य समिती अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिह बैस, लोक निर्माण समिती अध्यक्ष गणेश पटेल, शहर गरीबी उपशमन समिती अध्यक्ष शीतल गेहलोत, पार्षद राजा अकोदिया, बाली घोसी, राहूल दायमा, महेश फुलेरी, नेता प्रतिपक्ष प्रतिनिधि राहूल पवार, पार्षद प्रतिनिधि प्यारे मियां पठान, वसीम हुसैन, महेन्द्र देशमुख, निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, आरती खेडेकर, प्र. कार्यपालन यंत्री सौरभ त्रिपाठी, सहायक यंत्री दिनेश चौहान, प्र. स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया व निगम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने बनाए माडल

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल में सोमवार को जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का मुख्य विषय जादू नहीं, विज्ञान है, समझना समझाना आसान है÷ था। इसमें जिले के अलग-अलग विकासखंडों से आए विद्यार्थियों ने विज्ञान मॉडल और नाटिकाओं के माध्यम से अपनी वैज्ञानिक समझ का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम प्रभारी ओम प्रकाश पाटीदार ने बताया कि प्रदर्शनी में चयनित विद्यार्थियों ने ऐसे माडल प्रस्तुत किए, जिनसे यह समझाया गया कि कई चीजें जो जादू जैसी लगती हैं, उनके पीछे विज्ञान के नियम काम करते हैं। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियां दर्शकों के लिए काफी रोचक रहीं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शुजालपुर से मास्टर ट्रेनर राघवेंद्र परमार, मोहन बड़ोदिया से राधेश्याम लववंशी और कालापीपल से गोविंद पाटीदार सहित कई शिक्षक और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

अंधविश्वास दूर करने का प्रयास

विकासखंड शिक्षा अधिकारी के.के. अवस्थी ने बताया कि इस विज्ञान मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करना और प्रयोगों के जरिए अंधविश्वास को दूर करना है। नाटिकाओं और माडलों के माध्यम से बच्चों ने यह संदेश दिया कि हर घटना का वैज्ञानिक कारण होता है। विज्ञान नाटिकाओं का मूल्यांकन रविकांत त्रिपाठी, नमिता पटेरिया और गोविंद पाटीदार ने किया। वहीं विज्ञान मॉडलों का मूल्यांकन सियाराम पाटीदार, राहुल जाखड़ और राधेश्याम सूर्यवंशी द्वारा किया गया।

## हटा बादलों और कोहरे का पहरा, एक सप्ताह और सताएगी सर्दी

### तीन दिन बाद निकली धूप, सर्द हवाओं ने कंपकंपाया



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** वर्ष 2026 की शुरूआत भीषण सर्दी से हुई थी जो अब तक सर्द बना हुआ है। हालांकि सोमवार को मौसम जरूर साफ हुआ और धूप खिली, लेकिन सर्द हवाओं ने यह राहत भी छीन ली। दिनभर चली सर्द हवाओं के आगे धूप की राहत भी फीकी साबित हुई। मौसम विभाग की माने तो अभी एक सप्ताह और सर्दी से राहत की कोई संभावना नहीं है। इस दिन न्यूनतम तापमान भी 7.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

शनिवार की तरह रविवार रात को भी नगर में घना कोहरा छाया रहा। इस दौरान विजिबिलिटी इतनी कम थी कि आमने-सामने दिखाई देना भी मुश्किल हो रहा था। सुबह भी कोहरे से नगरवासियों को राहत नही मिली और दोपहर 12 बजे तक लोगों को परेशानी उठाना पड़ी। हालांकि इसके बाद धूप जरूर खिली, लेकिन हवाओं का दौर जारी रहा जिससे लोगों को दिनभर गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा। मौसम विभाग की माने तो अभी भी सुबह-सुबह घने कोहरे का सामना नगरवासियों को करना पड़ेगा।

अधिकतम 19, न्यूनतम तापमान 7.8- नगर में मौसम के हाल का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। सोमवार को भी नगर का अधिकतम तापमान 20 डिग्री से भी नीचे पहुंच गया। जबकि न्यूनतम तापमान 9 डिग्री से घटकर 7.8 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि आगामी दिनों में तापमान 6 या 5 डिग्री भी पहुंच सकता है। उन्होंने बताया कि आगामी एक सप्ताह सर्दी का यही हाल रहेगा जिससे राहत मिलने की संभावना नहीं है।

कोहरे के कारण भिड़े ऑटो-कार, दो घायल- रविवार रात को घना कोहरा होने के कारण वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी वजह से नवीन कॉलेज के सामने एक ऑटो रिक्शा और चार पहिया वाहन की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिससे दो लोग घायल हो गए।

# शीतलहर की दृष्टि से उपायुक्त श्री जाफरी ने मध्यरात्रि में शहर के आश्रय स्थलों का किया निरीक्षण

### टीम नगर निगम ने तत्परता से जिला चिकित्सालय से सात और बस स्टैंड से दो जरूरतमंद लोगों को रैन बसेरे में पहुंचाया

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** तापमान में लगातार आ रही गिरावट एवं शीतलहर की स्थिति को देखते हुए नगर निगम उपायुक्त जाकिर जाफरी ने 4 जनवरी रविवार की मध्यरात्रि में शहर के तीनों आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया जाकर जिला चिकित्सालय से 7 और बस स्टैंड से 2 जरूरतमंद लोगों को निगम के वाहन से रैन बसेरे में पहुंचाया। इस दौरान आश्रय स्थलों में रह रहे जरूरतमंद एवं बेघर व्यक्तियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा भी लिया।



निगम स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के हरेन्द्रसिंह ठाकुर ने बताया कि उपायुक्त श्री जाफरी ने भोलेनाथ रोड, साई मंदिर, उज्जैन रोड इटावा बस स्टेण्ड आश्रय स्थल का मध्यरात्रि टीम नगर निगम के एन. यू.एल. एम. विभाग के सिटी मिशन मैनेजर विशाल जगताप, आश्रय स्थल के प्रभारी जितेंद्र मेहता और हेमंत श्रीवास सहित अन्य कर्मचारीयों के साथ निरीक्षण किया साथ ही त्वरित कार्रवाई करते हुए महात्मा गांधी जिला चिकित्सालय परिसर और ए.बी.रोड स्थित बस स्टैंड परिसर का भ्रमण कर जरूरतमंदों को आश्रय स्थलों तक पहुंचाने की पहल की। नगर निगम की टीम ने खुले स्थान पर सो रहे लोगों को समझाइश दी कि शासन द्वारा की गई आश्रय स्थल की सुविधा का लाभ लेवे। बस स्टैंड परिसर से ग्राम हाटपिपल्या जाने वाले एक आदिवासी दंपति किसन को बच्चे सहित और जिला चिकित्सालय से लक्ष्मण मौर्य, रामनिवास अखंड, खातेगांव के रामविलास, रमेश लोधी और सलमान को आश्रय स्थलों में पहुंचाया गया।

उपायुक्त श्री जाफरी ने आश्रय स्थलों में उपलब्ध कंबल, बिस्तर, गर्म पानी, प्रकाश व्यवस्था एवं स्वच्छता की स्थिति का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शीत ऋतु के दौरान कोई भी व्यक्ति खुले में सोने के लिए मजबूर न हो, यह सुनिश्चित करे। उन्होंने निर्देशित किया कि आश्रय स्थलों में नियमित निगरानी रखी जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त व्यवस्थाएं तत्काल उपलब्ध कराई जाएं साथ ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर जरूरतमंदों को आश्रय स्थलों तक पहुंचाने के लिए वाहन की व्यवस्था भी की जाए।

# कुर्मी क्षत्रिय पाटीदार समाज का संभागीय अधिवेशन सम्पन्न

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** 4 जनवरी 2026 को देवास के स्थानीय किग जार्ज स्कूल प्रागण में कुर्मी क्षत्रिय पाटीदार समाज का अधिवेशन सम्पन्न हुआ। इसमें इन्दौर एवं उज्जैन संभाग के 15 जिलो के समाज के पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं सरदार पटेल समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष माल्यापर्ण के साथ प्रारंभ हुआ। अतिथियों का पुष्पाहार के द्वारा सम्मनित करने के साथ स्वागत भाषण का वाचन रूपचन्द सूर्या ने किया। समाज सेवी नवीन नाहर ने अपने सार गर्भित भाषण में देश की उन्नति में कुर्मी पाटीदारो की सहभागिता एवं देश में कुर्मी पाटीदारो संख्या पर प्रकाश डाला तथा समाज का प्रतिनिधित्व शासन में बढ़ाने पर जोर दिया। राजेश पटेल सांस्कृतिक सचिव मध्यप्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज ने देवास नगर में समाज द्वारा किये गये सामाजिक कार्यो का



विस्तार से व्योरा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे पूर्व सांसद एवं मंत्री म.प्र. एवं पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष रामकृष्ण कुसमारिया ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि हमारे समाज के सरदार वल्लभ भाई पटेल ने जब 562 रियासतो को एकत्रित कर देश में अहम भूमिका निभाई तब हम उन्ही के वंशज होने के नाते हम समाज के सभी वर्गो को एकत्रित क्यो नही कर पा रहे है। हमें समाज के सभी वर्गो को जोडने का सामूहिक प्रयास किया जाना चाहिए। पूर्व मंत्री म.प्र.शासन एवं समाज के प्रान्तीय अध्यक्ष रामखेलावन पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा समाज बहुत सम्पन्न है तथा उर्जा से भरा हुआ है, सामुहिक प्रयास किया जावे तो देश में महती भूमिका समाज अदा कर सकता है। गुजरात के स्वजातिय पटेल समूदाय की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए उनके विश्व व्यापी होने पर उनसे शिक्षा ग्रहण की बात कही। शाजापुर के विधायक अरूण भीमावत ने समाज की प्रशंसा करते हुए देवास के स्वजाति बंधुओं द्वारा किये जा रहे कार्यो की प्रशंसा की। कार्यक्रम को हीरालाल पाटीदार अध्यक्ष पर्यावरण परिषद भारत, मनोहर पाटीदार संयोजक इन्दौर महानगर, धर्मेश चौधरी विधिसलाहकार कुर्मी समाज भोपाल, जी. एल. पटेल महामंत्री प्रदेश कुर्मी समाज, तेज कुमार गौर अध्यक्ष युवा संगठन सहित अन्य वक्ताओं ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नंदकिशोर पाटीदार महामंत्री म.प्र. पाटीदार समाज सहित करीब 22 अतिथियों ने अपने उद्बोधन दिए। मुख्य अतिथि द्वारा अलका कनोजिया को दिए गए विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया। समाज द्वारा किया गया नवाचार पुरोहित प्रशिक्षण में देवास से चार प्रशिक्षित को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन देवास समाज अध्यक्ष के. के.गौर ने किया तथा अन्त में आभार बबलू पाटीदार ने माना। कार्यक्रम में 200 से अधिक समाज के पदाधिकारी एवं समाज जन ने भाग लिया।

## सभी नगरीय निकाय पानी का नमूना लेकर जाँच करवाए - कलेक्टर

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सभी नगरीय निकाय पेयजल वितरण के अंतिम छोर से पानी के नमूने लेकर जाँच करवाएं। उक्त निर्देश कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने आज सम्पन्न हुई विभागीय समन्वय एवं समयसीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिये। कलेक्टर सुश्री बाफना ने निर्देश दिये कि सभी नगरीय निकाय पेयजल वितरण के अंतिम छोर से पानी के नमूने लेकर जाँच करवाएं। साथ ही जिस किसी वार्ड एवं घरों में खराब पानी की शिकायत मिलती है तो तत्काल पानी का सेम्पल लेकर जाँच करवाएं।

कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायत सीईओ को जिले की बड़ी ग्राम पंचायतों में वितरित किये जा रहे पेयजल का सेम्पल लेकर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की लेब से जाँच कराने के निर्देश भी दिये। कलेक्टर सुश्री बाफना कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को जलजीवन मिशन के अंतर्गत पूर्ण हो चुकी जलजीवन मिशन की नलजल योजनाओं को हस्तांतरित करने एवं अपूर्ण नलजल योजनाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये।

# आज के नेरेटिव वार में युवाओं को अध्ययनशील और तर्कनिष्ठ होना आवश्यक -आशुतोष सिंह ठाकुर

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर के एक निजी फार्म हाउस में रविवार रात्रि यंग थिंकर्स फोरम, देवास चौप्टर द्वारा भारत बोध एवं युवाओं से जुड़े विषयों पर बॉन फायर डिस्कशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विचारवान युवाओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम का प्रथम सत्र यंग थिंकर्स फोरम के मालवा प्रांत संयोजक यश भार्गव ने लिया। उन्होंने भविष्य का भारत और युवाओं की भूमिका विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका निर्णायक है और उन्हें वैचारिक रूप से सशक्त होना होगा। इसके पश्चात एक अनौपचारिक ओपन माइक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें युवाओं ने गीत, कविताएं एवं रचनात्मक प्रस्तुतियां दीं। समापन सत्र में यंग थिंकर्स फोरम के निदेशक आशुतोष सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने फोरम की स्थापना की परिकल्पना को साझा करते हुए कहा कि यंग थिंकर्स फोरम का उद्देश्य युवाओं में ज्ञानवर्धन और भ्रम-निवारण करना है। उन्होंने कहा कि आज के समय में कुछ भी न्यूट्रल नहीं है, ऐसे में युवाओं को नेरेटिव वार में अध्ययनशील और तर्कनिष्ठ होना अत्यंत आवश्यक है, तभी वे ब्रेनवॉश से बच सकते हैं। इस सत्र में ठाकुर ने युवाओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी दिए। परिचर्चा का संचालन जिला सह संयोजक अदिति भट्ट ने किया।

## बडोदिया के थाना प्रभारी को तिलावद चौकी भेजा, एसआई को कोतवाली शाजापुर की जवाबदारी

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में पुलिस प्रशासन ने बड़े पैमाने पर तबादले किए हैं। पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत ने आदेश जारी कर 60 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का स्थानांतरण किया है। ये तबादले तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं।

जारी आदेश के अनुसार विशेष शाखा शाजापुर में पदस्थ बृजेश मिश्रा को बड़ोदिया का थाना प्रभारी बनाया गया है। बडोदिया के थाना प्रभारी एसआई घनश्याम बैरागी को तिलावद चौकी पदस्थ किया गया है। वहीं, मंडी शुजालपुर में पदस्थ एसआई मनोहर सिंह को कोतवाली थाना शाजापुर पदस्थ किया गया है। स्थानांतरित किए गए अधिकारियों और कर्मचारियों में निरीक्षक, उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक और आरक्षक शामिल हैं। इन्हें जिले के विभिन्न थानों, चौकियों, पुलिस लाइन, महिला थाना, यातायात शाखा और विशेष शाखाओं में नई पदस्थापना दी गई है। इन तबादलों में थाना प्रभारी स्तर से लेकर आरक्षक स्तर तक के कर्मी प्रभावित हुए हैं। कई अधिकारियों को नई थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि कुछ को पुलिस लाइन, यातायात थाना, महिला सुरक्षा शाखा और डीसीबी में पदस्थ किया गया है।

खबर का असर

# अब नहीं होना पड़ेगा मरीजों को एक्स-रे के लिए परेशान




## खबर छपते ही हॉस्पिटल में पहुंची एक्स-रे प्लेट




**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** नगर के शासकीय अस्पताल में एक माह से एक्स-रे की प्लेट नहीं होने से रोजाना सैकड़ो मैरिज एक्स-रे प्लेट नहीं होने से उनका एक्स-राय नहीं हो पा रहा था मरीज को मजबूरी में निजी अस्पताल में एक्सीडेंट के लिए जाने के लिए विवश हो रहे थे तहसील की सबसे बड़े शासकीय अस्पताल में एक माह तक स-र प्लेट का ना होना और इसकी सूचना वरिष्ठ कार्यालय को देने के बाद भी इतना विलंब जिससे यहां मरीज को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था जिसको लेकर हमने प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था समाचार प्रकाशित होते ही हड़कंप मच गया और उसके बाद जिम्मेदार जागे और आनंद-फानन में एक ही दिन में एक्स-रे प्लेट की व्यवस्था की गई बताया जाता है कि उज्जैन में एक्सरे प्लेट नहीं होने से देवास से प्लेट मंगाई गई है खैर इस बात से हमें कोई लेना-देना नहीं की प्लेट कहां से आई है लेकिन आखिर प्लेट आई ही गई।

अब यहां सवाल यह उठता है कि खबर प्रकाशन के एक दिन बाद एक्सरे प्लेट आ गई तो पिछले एक माह से किसका इंतजार किया जा रहा था आखिर क्यों पहले नहीं मंगवाई गई या भेजी गई मरीजों को परेशान किया गया इसका जिम्मेदार कौन खैर देर से ही सही बड़नगर में के शासकीय अस्पताल में स-र की प्लेट आ गई है अब मरीजों को एक्स-रे के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा उन्हें निजी अस्पताल में जाने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा इसके लिए जिम्मेदारों को बहुत-बहुत धन्यवाद!

# सीएमओ के व्यवहार से नाराज पूर्व विधायक मुरली मोरवाल पहुंचे नगर पालिका

## नगर पालिका मुर्दाबाद, भ्रष्ट प्रशासन होश में आओ के नारे लगाए

**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** रविवार को वाटर वर्कस के कर्मचारियों द्वारा जाली चोरी कर उसे भंगार में बेचने तथा कर्मचारियों को भंगार की दुकान पर जाल बेचते हुए नेता प्रतिपक्ष अजहरुद्दीन एवं पार्षद पति फकीर मोहम्मद द्वारा पकड़े जाने और उसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष, सीएमओ सहित अन्य कर्मचारियों को इसकी सूचना देकर मौके पर पुलिस बुलाकर दोषी कर्मचारियों को थाने पहुंचाया था लेकिन उक्त जाली चोरी के मामले में चार कर्मचारियों के शामिल होने की बात सामने आई थी।

लेकिन नगर पालिका द्वारा कार्रवाई के लिए थाने पर जो पत्र भेजा उसमें दो ही कर्मचारियों के नाम थे। सीएमओ द्वारा कांग्रेस पार्षदों के साथ अनुचित व्यवहार करने से उससे नाराज पूर्व विधायक मुरली मोरवाल शहर कांग्रेस अध्यक्ष रईस कुरैशी, अजहरुद्दीन, पार्षद पति फकीर मोहम्मद, सहित कांग्रेस कार्यकर्ता नगर पालिका पहुंचे तथा जाली चोरी मैं दो लोगों के ही नाम भेजना सीएमओ द्वारा कांग्रेस पार्षदों के साथ व्यवहारीकता से बात नहीं करने एवं अन्य मुद्दों को लेकर नगर पालिका गेट पर नगर पालिका मुर्दाबाद भ्रष्ट प्रशासन हाउस में आओ जैसे नारे भी लगाए और नगर पालिका गेट पर ही सीएमओ मंसाराम निघवाल से उनके द्वारा किए गए व्यवहार के बारे में बात की गई उसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष मौके पर पहुंचे और सभी को शांत करते हुए सब नगर पालिका सभागृह में ले गए वहां विस्तृत चर्चा कर उन्हें संतुष्ट किया और जिन मांगों को लेकर विपक्ष नेता प्रतिपक्ष अजहरुद्दीन पूर्व विधायक साथ लेकर आए थे उनका जल्द ही निराकरण करने का आश्वासन दिया पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने कहा कि अभी तो हम कुछ लोग यहां आए हैं यदि हमारी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आगे और भी उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## बाकी माता बस्ती में निकली भगवा यात्रा

**खरगोन/ अंजू त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शहर में सामाजिक सांस्कृतिक व बौद्धिक कार्यक्रमों का आयोजन जारी है। इसी कड़ी में बाकी माता बस्ती में भी 11 जनवरी 2026 रविवार को विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। हिंदू सम्मेलन के निमित्त रविवार शाम 4 बजे जमींदार मोहल्ला स्थित गणेश चैक से भगवा यात्रा निकली, जो भावसार मोहल्ला, घाटी मार्ग, नीमावाडी, जंबू मोहल्ला, गोल बिल्डिंग, माली मोहल्ला, तलाई मार्ग, ब्रह्माणपुरी सहित बाकी माता बस्ती की विभिन्न गलियों में भ्रमण करते हुए पुनः गणेश चौक पहुंची, जहां समापन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में पुरूष, महिलाएं व बच्चे शामिल हुए। पीले चावल व आमंत्रण पत्र देकर दिया जा रहा सम्मेलन का आमंत्रण बाकी माता बस्ती हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा बताया कि 11 जनवरी को आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन के लिए बस्ती में निवासरत सभी हिंदू परिवारों के घर-घर जाकर दरवाले की डेल पर पीले चावल रखकर तथा आमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम के लिए आमंत्रण दिया जा रहा है।

## अख्तर डेयरी का अकस्मिक निरीक्षण पानी की टंकी में पाई गई गंदगी और काई

**जबलपुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला प्रशासन द्वारा गठित गरूड़ दल ने आज सोमवार को रांझी तहसील के ग्राम गौरैयाघाट स्थित अख्तर डेयरी का अकस्मिक निरीक्षण किया। तहसीलदार रांझी मौसमी केवट के नेतृत्व में की गई।

# निःशुल्क इलेक्ट्रिक कृत्रिम हाथ योजना, जरूरतमंदों को मिलेगा निःशुल्क इलेक्ट्रिक कृत्रिम हाथ

**सीहोर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सड़क दुर्घटना या अन्य किसी हादसे में हाथ गंवाने वाले अथवा जन्म से ही हाथ नहीं होने वाले जरूरतमंद नागरिकों के लिए बड़ी खुशखबरी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सीहोर डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि 15 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे नागरिक जिनका एक या दोनों हाथ कोहनी के नीचे नहीं है अथवा किसी दुर्घटना में कट गए हैं, उन्हें निःशुल्क इलेक्ट्रिक कृत्रिम हाथ उपलब्ध कराए जाएंगे।

इलेक्ट्रिक कृत्रिम हाथ लगने के बाद व्यक्ति रोजमर्रा के कार्य जैसे पकड़ना, उठाना, बनाना, लिखना सहित अपने दैनिक कार्य कर सकेगा तथा कार और बाइक चलाने में भी सक्षम हो सकेगा। ÷हमें उन हाथों को थामना है जिनके हाथ नहीं हैं÷ टैगलाइन के साथ पुणे की संस्था इनाली फाउंडेशन के सहयोग से नेशनल हेल्थ मिशन द्वारा यह पहल की जा रही है, जिसके तहत कृत्रिम हाथ निर्माण एवं प्रदाय हेतु अनुबंध किया गया है।

जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र क्म्ब्‌ द्वारा जिले के समस्त कार्यकर्ता, फील्ड वर्कर एवं आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से लगातार स्क्रीनिंग की जा रही है। अब तक लगभग 30 पात्र व्यक्तियों को चिन्हांकित किया जा चुका है। समस्त नागरिकों से अपील की है कि 15 वर्ष से अधिक आयु के वे सभी व्यक्ति जिनका हाथ कोहनी के नीचे कटा हुआ है (ठमसवू म्सइवू), वे जिला चिकित्सालय स्थित क्म्ब्‌ सीहोर में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में भोपाल में एक विशेष प्रोस्थेसिस (कृत्रिम हाथ) शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें पात्र मरीजों को कृत्रिम हाथ उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए जानकारी एवं पंजीयन हेतु क्म्ब्‌ सीहोर से तत्काल संपर्क किया जा सकता है।

बाजार में इलेक्ट्रिक कृत्रिम हाथ की कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपए होती है, लेकिन नेशनल हेल्थ मिशन द्वारा पुणे की स्वयंसेवी संस्था इनाली फाउंडेशन के साथ किए गए अनुबंध के माध्यम से यह सुविधा जरूरतमंदों को पूर्णतः निःशुल्क प्रदान की जाएगी।

# सीएमओ के व्यवहार से नाराज पूर्व विधायक मुरली मोरवाल पहुंचे नगर पालिका

## नगर पालिका मुर्दाबाद, भ्रष्ट्र प्रशासन होश में आओ के नारे लगाए

**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** रविवार को वाटर वर्कस के कर्मचारियों द्वारा जाली चोरी कर उसे भंगार में बेचने तथा कर्मचारियों को भंगार की दुकान पर जाल बेचते हुए नेता प्रतिपक्ष अजहरुद्दीन एवं पार्षद पति फकीर मोहम्मद द्वारा पकड़े जाने और उसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष, सीएमओ सहित अन्य कर्मचारियों को इसकी सूचना देकर मौके पर पुलिस बुलाकर दोषी कर्मचारियों को थाने पहुंचाया था लेकिन उक्त जाली चोरी के मामले में चार कर्मचारियों के शामिल होने की बात सामने आई थी।

लेकिन नगर पालिका द्वारा कार्रवाई के लिए थाने पर जो पत्र भेजा उसमें दो ही कर्मचारियों के नाम थे। सीएमओ द्वारा कांग्रेस पार्षदों के साथ अनुचित व्यवहार करने से उससे नाराज पूर्व विधायक मुरली मोरवाल शहर कांग्रेस अध्यक्ष रईस कुरैशी, अजहरुद्दीन, पार्षद पति फकीर मोहम्मद, सहित कांग्रेस कार्यकर्ता नगर पालिका पहुंचे तथा जाली चोरी मैं दो लोगों के ही नाम भेजना सीएमओ द्वारा कांग्रेस पार्षदों के साथ व्यवहारीकता से बात नहीं करने एवं अन्य मुद्दों को लेकर नगर पालिका गेट पर नगर पालिका मुर्दाबाद भ्रष्ट प्रशासन हाउस में आओ जैसे नारे भी लगाए और नगर पालिका गेट पर ही सीएमओ मंसाराम निघवाल से उनके द्वारा किए गए व्यवहार के बारे में बात की गई उसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष मौके पर पहुंचे और सभी को शांत करते हुए सब नगर पालिका सभागृह में ले गए वहां विस्तृत चर्चा कर उन्हें संतुष्ट किया और जिन मांगों को लेकर विपक्ष नेता प्रतिपक्ष अजहरुद्दीन पूर्व विधायक साथ लेकर आए थे उनका जल्द ही निराकरण करने का आश्वासन दिया पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने कहा कि अभी तो हम कुछ लोग यहां आए हैं यदि हमारी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आगे और भी उग्र आंदोलन किया जाएगा।



# प्रकाश पर्व पर महिदपुर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, विशाल नगर कीर्तन ने बांधा समा

## 359वें प्रकाश पर्व पर लड़ीवार साहिब पाठ, प्रभात फेरी, नगर कीर्तन व गुरु का अटूट लंगर संपन्न



**महिदपुर/ यश असावरा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** दशमेश पिता धन-धन श्री गुरु गोबिंदसिंह जी महाराज का 359वां प्रकाश पर्व महिदपुर नगर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर स्थानीय गुरुद्वारा साहब में लड़ीवार साहिब पाठ का आयोजन किया गया, जिसकी समाप्ति 5 जनवरी 2026 को हुई। पाठ की समाप्ति के उपरांत कथा-कीर्तन एवं गुरु का अटूट लंगर आयोजित किया गया।

प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 28 दिसंबर से प्रभात फेरी का आयोजन प्रारंभ हुआ, जिसका समापन 3 जनवरी को हुआ। इसी क्रम में 4 जनवरी रविवार को विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। नगर कीर्तन गुरुद्वारा साहब से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ पुनः गुरुद्वारा साहब पहुँचा।

नगर कीर्तन में कोटा से आए वीर खालसा गतका अखाड़े द्वारा शानदार एवं रोमांचक प्रदर्शन किया गया, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

दशमेश पिता धन-धन श्री गुरु गोविंदसिंह जी महाराज के जन्मोत्सव आयोजन अंतर्गत निकले विशाल नगर कीर्तन चल समारोह का नगर के हृदय स्थल चौक बाजार में भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज यादव,वरिष्ठ सुधीर मुणत, अर्जुनसिंह ठाकुर एवं मित्र मंडल ने अखाड़े के उस्ताद एवं कलाकारों का पुष्पमाला से स्वागत कर पंच प्यारो का भी पुष्प मालाओं से स्वागत किया वहीं रथ में सवार परम पवित्र गुरु ग्रंथ साहब का पूजन कर आशीर्वाद लिया। श्री रणजीत हनुमान मंदिर भक्त मंडल द्वारा केशरिया दुपट्टा पहनाकर पुष्प मालाए पहनाकर स्वागत सम्मान किया ।

इसी प्रकार स्थानीय कोठारी भवन पर समाजसेवी विजयसिंह गौतम मित्र मंडल के द्वारा भी चल समारोह का स्वागत कर पंच प्यारों को पुष्प मालाए पहनाकर गुरु ग्रंथ साहब का पूजन कर आशीर्वाद लिया ।

प्रकाश पर्व पर निकले नगर कीर्तन का अखंड हिंदू सेना प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज प्रजापत मित्र मंडल द्वारा भी पूरे संगत का पुष्प माला से स्वागत कर गुरु ग्रंथ साहब का पूजन कर आशीर्वाद लिया गया ।

नगरवासियों एवं सर्व समाज के सामाजिक,सांस्कृतिक, व्यापारिक, धार्मिक, राजनीतिक संगठनो द्वारा विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर नगर कीर्तन का भव्य स्वागत किया गया।

नगर कीर्तन की समाप्ति के पश्चात संगत के लिए गुरु का अटूट लंगर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर भाई प्रताप सिंह द्वारा मधुर कीर्तन के माध्यम से संगत को निहाल किया गया।

गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के प्रधान सरदार सतपाल सिंह गांधी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रकाश पर्व के आयोजन का उद्देश्य गुरु साहिब की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुँचाना है। वहीं संस्था के प्रवक्ता सरदार गुरप्रीत सिंह दुआ ने संगत एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु गोबिंदसिंह जी महाराज का जीवन त्याग, साहस और मानवता की प्रेरणा देता ।

## विश्व ब्रेल लिपि दिवस के अवसर पर भव्य समारोह संपन्न



**जबलपुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** विश्व ब्रेल लिपि दिवस के अवसर पर शासकीय प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान जबलपुर में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सुश्री सुमन श्रीवास्तव, सदस्य सचिव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर, उपस्थित थीं। समारोह में ब्रेल लिपि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, सीनियर मैनेजर पीएनबी श्री कमल नारायण वर्मा ने नॉन डिजिटल एवं डिजिटल ब्रेल लिपि पर प्रेजेंटेशन दिया। दृष्टिबाधित दिव्यांगों ने ब्रेल लिपि से लिखकर अपना प्रदर्शन किया। समारोह में ब्रेल शिक्षण के लिए सहायक उपकरणों का उपयोग, एनईपी 2020 के समावेशी शिक्षा के दृष्टिकोण की समझ और ब्रेल के महत्व, दृष्टिबाधित छात्रों के लिए प्रभावी शिक्षण रणनीति और समावेशी वातावरण बनाने के लिए शिक्षकों और छात्रों को प्रेरित किया गया। सदस्य सचिव ने अपने उद्बोधन में दिव्यांगों के लिए कानूनी सहायता की जानकारी दी। इस अवसर पर दृष्टिबाधित दिव्यांगों का शाल श्रीफल देकर सम्मान किया गया। समारोह का संचालन डॉ. नंदिनी शर्मा और श्री राकेश अग्रवाल ने किया।

## सबका दल बजरंग दल पहुंचा सारंगपुर के प्रसिद्ध काका रेस्टोरेंट पर



**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मदाना गांव के लोकप्रिय सामाजिक कार्यकर्ता एवं विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह जी राजपूत का जन्मदिन था जहां सुबह से लेकर देर रात तक जगह-जगह उनका जन्मदिन मनाया जा रहा था वही विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता द्वारा सारंगपुर स्थित प्रसिद्ध काका रेस्टोरेंट पहुंचकर सादगी पूर्वक जन्मदिन मनाया माला पहनाकर जन्मदिन की शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर मदाना के प्रधानाचार्य मुकेश जी विश्व हिंदू परिषद के जिला पदाधिकारी महेंद्र सिंह रघुवंशी अध्यापक भवानी सिंह जी नगर अध्यक्ष भीम सिंह जी मेवाड़ा अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के गोलाना तहसील अध्यक्ष कृपाल सिंह सिसोदिया मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध ढोलक मास्टर संदीप राजपूत रवि कुंभकार आदि ने श्री धर्मेंद्र सिंह राजपूत को माला पहनाकर जन्मदिन की शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सीएमओ के व्यवहार से नाराज पूर्व विधायक मुरली मोरवाल पहुंचे नगर पालिका

## नगर पालिका मुर्दाबाद, भ्रष्ट प्रशासन होश में आओ के नारे लगाए

**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** रविवार को वाटर वर्कस के कर्मचारियों द्वारा जाली चोरी कर उसे भंगार में बेचने तथा कर्मचारियों को भंगार की दुकान पर जाल बेचते हुए नेता प्रतिपक्ष अजहरुद्दीन एवं पार्षद पति फकीर मोहम्मद द्वारा पकड़े जाने और उसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष, सीएमओ सहित अन्य कर्मचारियों को इसकी सूचना देकर मौके पर पुलिस बुलाकर दोषी कर्मचारियों को थाने पहुंचाया था लेकिन उक्त जाली चोरी के मामले में चार कर्मचारियों के शामिल होने की बात सामने आई थी। लेकिन नगर पालिका द्वारा कार्रवाई के लिए थाने पर जो पत्र भेजा उसमें दो ही कर्मचारियों के नाम थे। सीएमओ द्वारा कांग्रेस पार्षदों के साथ अनुचित व्यवहार करने से उससे नाराज पूर्व विधायक मुरली मोरवाल शहर कांग्रेस अध्यक्ष रईस कुरैशी, अजहरुद्दीन, पार्षद पति फकीर मोहम्मद, सहित कांग्रेस कार्यकर्ता नगर पालिका पहुंचे तथा जाली चोरी मैं दो लोगों के ही नाम भेजना सीएमओ द्वारा कांग्रेस पार्षदों के साथ व्यवहारीकता से बात नहीं करने एवं अन्य मुद्दों को लेकर नगर पालिका गेट पर नगर पालिका मुर्दाबाद भ्रष्ट प्रशासन हाउस में आओ जैसे नारे भी लगाए और नगर पालिका गेट पर ही सीएमओ मंसाराम निघवाल से उनके द्वारा किए गए व्यवहार के बारे में बात की गई उसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष मौके पर पहुंचे और सभी को शांत करते हुए सब नगर पालिका सभागृह में ले गए वहां विस्तृत चर्चा कर उन्हें संतुष्ट किया और जिन मांगों को लेकर विपक्ष नेता प्रतिपक्ष अजहरुद्दीन पूर्व विधायक साथ लेकर आए थे उनका जल्द ही निराकरण करने का आश्वासन दिया पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने कहा कि अभी तो हम कुछ लोग यहां आए हैं यदि हमारी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आगे और भी उग्र आंदोलन किया जाएगा।



## विशाल हिंदू सम्मेलन को लेकर व्यापक तैयारियां प्रारंभ



**महिदपुर/ यश असावरा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** हिंदू जागरण की नई दिशा को नई ऊर्जा एवं चेतना प्रदान करने हेतु सर्व हिंदू समाज द्वारा सनातन संस्कृति सनातन धर्म एवं सामाजिक एकता के प्रतीक विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन संघ रचना अनुसार महिदपुर नगर को 5 बस्तियों में बाँटा गया है। नगर की माधव बस्ती, शिवाजी बस्ती, मधुकर बस्ती, केशव बस्ती, बजरंग बस्ती समस्त बस्तियों मे पृथक पृथक दिनांक को किया जावेगा । सभी बस्तीयो मे आयोजन को लेकर बस्ती की बैठक मे संयोजक एवं सह संयोजक के रूप मे क्रमश - मनोज प्रजापत,महेश जोशी,सुधीर मुणत ,अशोक बोथरा,स्वस्तिक ठाकुर,ललित जैन,कैलाशचंद्र ठाकुर, विष्णु मालवीय ,संतोष मालवीय,निलेश बच्छावत को दायित्व दिया गया हे । सम्मेलन में आयोजन स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम ,भजन ,कीर्तन के साथ ही भारत माता की आरती का आयोजन संपन्न होगा । समस्त हिंदू समाज से विशेष अनुरोध है कि उक्त विराट हिंदू सम्मेलन में अपना अमूल्य समय एवं सहयोग देकर अपनी देशभक्ति का परिचय देंगे का कष्ट करे ।

# सभी नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल की व्यवस्था सुदृढ़ करे- कलेक्टर



**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में सोमवार कलेक्ट्रेट सभागृह बड़वानी में समय-सीमा एवं अंतर्विभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसेवा से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में दिए गए निर्देश 1.पाइपलाइन रिसाव की पहचान व नियंत्रण और जलापूर्ति एवं पेयजल गुणवत्ता को लेकर निर्देश- शहर में बिछाई गई जल वितरण प्रणाली का 07 दिवस में सर्वे किया जाकर ऐसे क्षेत्र जहाँ पर सघन आबादी अथवा 20 वर्ष से अधिक पुरानी पाईपलाईन का चिन्हांकन करने। पुराने एवं बार-बार लीकेज होने वाली पाईपलाईन, नालियों/सीवर पाईपलाईन के समीप अथवा नीचे से गुजरने वाली पाईपलाईनों का चिन्हांकन किया जाये।

चिन्हांकन में पाये गये रिसाव का 48 घंटे के भीतर मरम्मत सुनिश्चित किया जाये।जल शोधन संयंत्र तथा उच्च स्तरीय टंकियाँ की साफ-सफाई का 07 दिवस के अंदर निरीक्षण किया जाये।सभी जल शोधन संयंत्रों ,प्रमुख जल स्त्रोतों तथा उच्च स्तरीय टंकियों पर तत्काल जल नमूना परीक्षण कराया जाये।क्लोरीनेशन सिस्टम की 24 घंटे निगरानी की जाये तथा उच्च स्तरीय टंकियों एवं प्रत्येक वार्ड/ डिस्ट्रिक्ट मीटरिंग एरिया में संचालन-संधारण के अमले/अमृत मित्र/सफाई मित्र के माध्यम से रैंडम सैंपलिंग की जाकर जल की गुणवत्ता का परीक्षण किया जाये। चयनित घरेलू प्रशिक्षण पर रैसीडुअल क्लोरीन हेतु रैंडम सैंपलिंग की जाये। रैसीडुअल क्लोरीन की मात्रा 0.2 पीपीएम से कम एवं 1 पीपीएम से अधिक नहीं होनी चाहिये।रैसीडुअल क्लोरीन की मात्रा कम पाये जाने पर जल संशोधन संयंत्र एवं उच्च स्तरीय टंकिया पर क्लोरीन की बूस्टिंग की जाये।

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, उज्जैन**
**राजस्व विभाग (सम्पत्तिकर), झोन क्रं-05**
**(नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना)**

**क्रमांक : सम्पत्तिकर/झोन-05/2025** — **उज्जैन, दिनांक 05/01/26**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक 01 कविता पति सुनील 02 सुनील पिता प्रहलाद सिंह के द्वारा आवेदन पत्र दिनांक 28/10/2025 को प्रस्तुत कर उल्लेखित किया है कि वार्ड क्रमांक 40 अंतर्गत सम्पत्ति (भवन/भूमि) भू.क्र. 40, श्रीनाथ एवेन्यु कॉलोनी पंवासा उज्जैन का नामांकन आवेदक के द्वारा स्वयं के नाम से किये जाने के लिए आवेदन पत्र के संलग्न सम्पत्ति मेसर्स श्री बिल्डर एवं डेवलपर्स 01 उदयकांत पिता जगदीश गुप्ता 02 राजेश पिता रामचन्द्र जी पालीवाल निवासी सेठी नगर आवेदक के पक्ष में सम्पादित पंजीकृत विक्रय पत्र की छायाप्रति (स्व प्रमाणित) प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति (भवन/भूमि) का नामांकन आवेदक के नाम से किये जाने का निवेदन किया है। इसका प्रकरण क्रमांक - 2713/2025-7 पीटी है।

अतः इस नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस की समय सीमा में उक्त सम्पत्ति (भवन/भूमि) के नामांकन करने में किसी भी वैध वारिस/उत्तराधिकारी/व्यक्ति/संस्था/वित्तीय संस्था/बैंक/न्यायालयीन प्रकरण आदि से संबंधित की कोई आपत्ति हो, तो ऐसी स्थिति में नया प्रमाण (अभिलेख) के कार्यालय, राजस्व विभाग (सम्पत्तिकर), झोन क्र. 05 में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकेगा, निर्धारित समय-सीमा के उपरान्त प्रस्तुत होने वाली आपत्ति मान्य नहीं होकर उक्त सम्पत्ति (भवन/भूमि) का नामांकन मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के प्रावधान अनुसार आवेदक 01 कविता पति सुनील 02 सुनील पिता प्रहलाद सिंह के पक्ष में कर दिया जावेगा तत्पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रमांक - 05, मक्सी रोड**
**नगर पालिक निगम, उज्जैन**

# कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा एवं अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक ली




**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों की समीक्षा एवं अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, योजनाओं की प्रगति तथा प्रशासनिक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन से संबंधित शिकायतों के संतोषजनक एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश देते हुए 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही ग्रेडिंग मंथ के अंतर्गत शत-प्रतिशत शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने प्रसूति सहायता एवं जननी सहायता योजनांतर्गत प्राथमिकता के आधार पर भुगतान कराते हुए शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण तथा शिविर आयोजित कर प्रकरणों के समाधान के निर्देश भी दिए।

बैठक में जैविक कृषि को लेकर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने उपसंचालक कृषि विभाग को निर्देशित किया कि जिले में जैविक खेती अपनाने वाले कृषकों हेतु सर्टिफिकेशन प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी वाली एडवाइजरी जारी की जाए। साथ ही केवीके में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से कृषकों को सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया समझाने एवं जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए।

दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान की समीक्षा में बताया गया कि 17 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक 11,230 पशुपालकों से गृह भेंट कर पोर्टल पर प्रविष्टि की गई है।

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग अंतर्गत ई-केवाईसी के कारण होल्ड हुई 4,066 पेंशनों में से 4,044 हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन पूर्ण कर लिया गया है। नगर परिषद राणापुर में 21 एवं थांदला में 1 प्रकरण शेष होने की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने कार्य की सराहना करते हुए शेष 22 प्रकरण शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उर्वरक वितरण हेतु प्रारंभ की जा रही ई-विकास प्रणाली के संबंध में कृषकों को फॉर्मर रजिस्ट्री डाटा से जोड़ने हेतु शिविर आयोजित कर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। छात्रवृत्ति से जुड़े लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने त्रुटिपूर्ण बैंक खातों में सुधार एवं एनपीसीआई प्रक्रिया के लिए स्कूल स्तर पर शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए, जिससे विद्यार्थियों को समय पर छात्रवृत्ति प्राप्त हो सके।

नगरीय क्षेत्रों में गीता भवन निर्माण की समीक्षा के दौरान नगर परिषद थांदला एवं राणापुर में भूमि चिन्हांकन शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तीनों चरणों के अंतर्गत प्रकरणों की समीक्षा कर संख्या बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए।

इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अंतर्गत शेष 208 प्रकरणों को शीघ्र पूर्ण कराने तथा स॥श्च क्ष्ह्ङ्ग पोर्टल के संबंध में कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में विभिन्न विभागों के निलंबन एवं लंबित विभागीय जांच प्रकरणों, भूमि आवंटन, भू-अर्जन एवं मुआवजा, कंटेम्प्ट ऑफ कोर्ट प्रकरण, समग्र ई-केवाईसी की अद्यतन स्थिति तथा सार्थक ऐप के माध्यम से उपस्थिति प्रणाली की भी समीक्षा की गई।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेन्द्र सिंह चौहान, अपर कलेक्टर श्री सी.एस. सोलंकी, डिप्टी कलेक्टर श्री महेश बड़ोले, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी. एस. बघेल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# रेन बसेरों में यात्रियों के लिए बेहतर व्यवस्था करें



**खण्डवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगरीय क्षेत्रों में स्थित रैन बसेरों में आने वाले यात्रियों के लिए बेहतर व्यवस्थाएं करें और शहरी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही लगातार जारी रखें। यह निर्देश कलेक्टर श्री ऋष्व गुप्ता ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में उपस्थित नगर निगम के अधिकारियों को दिए। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट श्री बजरंग बहादुर सिंह को निर्देश दिए कि शीत ऋतु में रात्रि काल में रेन बसेरों का समय-समय पर निरीक्षण करें, और अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही में नगर निगम के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ डॉक्टर नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर श्रीमती सृष्टि देशमुख गौड़ा, अपर कलेक्टर श्री अरविंद चौहान, अपर कलेक्टर श्री के आर बडोले सहित जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं अन्य विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा भी की और अपर कलेक्टर श्रीमती सृष्टि देशमुख गौड़ा को निर्देश दिए कि जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का समय-समय पर निरीक्षण कर वहां के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करें। उन्होंने सीएमओ ओंकारेश्वर को निर्देश दिए कि ओंकारेश्वर में सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर सख्ती से प्रतिबंध लगाएं। कलेक्टर श्री गुप्ता ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओंकारेश्वर को निर्देश दिए कि कम उम्र के बच्चों को नाव का संचालन न करने दें, यदि बच्चे नाव चलाते पाए जाएं तो उनकी नाव तत्काल जप्त करने की कार्यवाही करें।

उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि विकासखंड शिक्षा अधिकारियों और विकासखंड स्त्रोत समन्वयको के माध्यम से जिले के स्कूलों में स्मार्ट क्लास संचालन की स्थिति का जायजा लेते रहें, और देखें स्कूलों में टीवी चालू स्थिति में है कि नहीं और ये टीवी स्मार्ट क्लास में उपयोग में आ रहे हैं कि नहीं।

बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने जिला सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देश दिए कि सहकारी बैंक के सभी एटीएम को चालू करवाएं ताकि बैंक के उपभोक्ता परेशान ना हों। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत निर्मित कराए जा रहे आंगनबाड़ी के नए भवनों की प्रगति की भी समीक्षा की और सभी परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनकी परियोजना क्षेत्र में जिन आंगनबाड़ी भवनो के निर्माण में समस्या आए तो उसके संबंध में जिला प्रशासन को तत्काल अवगत करवाएं, ताकि समस्या का निराकरण किया जा सके।

# ग्राम खरडू बड़ी में पेयजल गुणवत्ता एवं रोग रोकथाम पर जल जागरूकता



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशन में जिले में जल जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मार्गदर्शन आज लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग झाबुआ द्वारा विकासखंड रामा के ग्राम खरडू बड़ी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं खरडू बड़ी पंचायत की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दूषित पेयजल से होने वाली जल-जनित बीमारियों, उनकी रोकथाम तथा शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल के महत्व के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही एफटीके (स्न्ञ्ञ्य) किट के माध्यम से पेयजल स्त्रोतों का जल परीक्षण कर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों को शुद्ध पेयजल का नियमित उपयोग करने एवं जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। उक्त जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन जिला सलाहकार श्री धूलिया बामनिया एवं विकासखंड समन्वयक सुश्री अंकिता पाठक द्वारा किया गया।

# एशियन वॉटर बर्ड गणना

**बडवानी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** एशियन वॉटर बर्ड एशिया के जलीय पक्षियों की गणना 03 एवं 04 जनवरी 2026 को वन मण्डल बडवानी एवं सेंधवा में 21 तालाबों सहित नर्मदा नदी के बेक वॉटर में गणना का कार्य किया गया, गणना का कार्य सुबह 07 बजे से 11 बजे तक वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीयों के द्वारा सम्पन किया गया। वनमण्डल अधिकारी श्री आशीष बनसोड़ के द्वारा बताया गया की गणना में पक्षियों की 16 प्रजातियॉ देखी गई, जिसमें रडी सेलडक, गॉरजेनी, इडियन स्पाट बिल्ड डक, रेड क्रिसटेड पोचर्ड, व्हाईट ब्रेसटेड वेटर्न, रेड वेटलेट लेपिंग, रिवर टर्न, एशियन वूली नेक्ड स्टॉक, स्टॉर्क, ऑरियन्टर डार्टर (स्नेक बर्ड), लिटिल कॉर्मोनेन्ट, ग्लोसी आईबीस, इडियन पोन्ड-हैरॉन, ग्रेट इगरेट, ग्रे-हैरॉन, कॉमन किंगफिशर, व्हाईट-थ्रोटेट किंगफिशर, इत्यादि प्रजातियां बडवानी जिले में पाई गई। एशियन वॉटर बर्ड की गणना मध्यप्रदेश में पहली बार की जा रही हैं। जिसका उदेश्य अंतर्राष्ट्रीय जलपक्षी गणना का एक हिस्सा हैं, जिसका उदेश्य जलपक्षी और अर्द्रभूमि के संरक्षण ओर प्रबंधन के लिए महत्वपुर्ण डेटा एकत्र करना और लोगो में पक्षियों के प्रति जागरूकता बड़ाना है। यह गणना पक्षियों के अबादी ओर उनके प्रवास पेटर्न और अर्द्रभूमियों की स्वस्थ्य की निगरानी करती है, जिसके संरक्षण में मदद मिलती है।

## राज्य के बाहर 5 दिवसीय कृषक भ्रमण

**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले के 21 कृषको को सब-मिशन ऑन एग्रीकलर एक्सटेशन आत्मा अंतर्गत 05 दिवसीय राज्य के बाहर गुजरात राज्य में हालोल में कृषि महाविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केन्द्र जाबुगाम की गतिविधियों का अवलोकन करेंगें । साथ ही वैज्ञानिक परिचर्चा प्राकृतिक खेती विश्वविद्यालय हालोल का अवलोकन, आणंद में कृषि विश्वविद्यालय का अवलोकन एवं वैज्ञानिक परिचर्चा, आणंद कृषि फार्म एवं आणद कृषि इंजिनियरिंग महाविद्यालय का अवलोकन एवं वैज्ञानिक परिचर्चा गोधरा में कृषि विज्ञान केन्द्र वेजलपुर पंचमहल की गतिविधियों का अवलोकन एवं वैज्ञानिक परिचर्चा कृषि विज्ञान केन्द्र गोधरा की गतिविधियों का अवलोकन एव वैज्ञानिक परिचर्चा प्राकृतिक खेती फार्म का अवलोकन करने हेतु कृति विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विश्वविद्यालय का भ्रमण एवं अवलोकन करने हेतु ग्राम चिकल्या, बोरी, चारपाटीया, देवालिया, पाडला, केरवा आदी।

# नीति आयोग के केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी की अध्यक्षता में आकांक्षी ब्लॉक की समीक्षा बैठक झाबुआ जिले की प्रगति की प्रस्तुति एवं आगामी कार्ययोजना पर मार्गदर्शन




**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आकांक्षी ब्लॉक प्रोग्राम के अंतर्गत नीति आयोग से प्रस्तावित तीन दिवसीय भ्रमण के परिप्रेक्ष्य में झाबुआ जिले के केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी (सीपीओ) श्री संदीप कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्टर नेहा मीना की उपस्थिति में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में श्री मिश्रा को आकांक्षी ब्लॉक प्रोग्राम के तहत जिले के विकासखण्ड रामा, राणापुर, थान्दला एवं मेघनगर में विभिन्न इंडिकेटर्स पर किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही वर्ष 2025 में नीति आयोग द्वारा जून 2025 एवं सितम्बर 2025 को जारी डेल्टा रैंकिंग तथा आकांक्षी ब्लॉक प्रोग्राम अंतर्गत जिले को प्राप्त अवॉर्ड के संबंध में भी अवगत कराया गया।

बैठक में कलेक्टर नेहा मीना ने बताया कि जिले में सम्पूर्णता अभियान के तहत विशेष प्रयास किए गए हैं। महिला एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण तथा शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महिला एवं शिशु स्वास्थ्य के अंतर्गत राणापुर में मेटरनिटी वेटिंग सह वार्ड के प्रस्ताव को नीति आयोग से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। शिक्षा के क्षेत्र में 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों में विगत वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। स्वास्थ्य एवं महिला-बाल विकास विभाग के समन्वय से जमीनी स्तर तक सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

साथ ही बैठक में मृदा स्वास्थ्य परीक्षण के अंतर्गत किए गए सैंपल कलेक्शन एवं विश्लेषण की जानकारी देते हुए बताया गया कि मृदा में जिंक, आयरन एवं बोरोन की कमी पाई गई है, जिसके उपचार हेतु प्राकृतिक एवं रासायनिक दोनों तरीकों की जानकारी कृषकों को दी जा रही है। इसके अतिरिक्त पशुपालन विभाग द्वारा घर-घर जाकर टीकाकरण अभियान, संस्थागत वित्त के विकास, ग्रामीण अर्थव्यवस्था में स्वयं सहायता समूहों की भूमिका तथा प्रधानमंत्री आवास योजना की अद्यतन स्थिति की जानकारी भी प्रस्तुत की गई।

सीपीओ श्री संदीप कुमार मिश्रा ने आकांक्षी ब्लॉक प्रोग्राम के अंतर्गत जिले को प्राप्त अवॉर्ड एवं रामा व राणापुर ब्लॉक को मिली प्रोत्साहन राशि को सराहनीय उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह कलेक्टर एवं उनकी टीम की मेहनत, लगन और इच्छाशक्ति का परिणाम है। ऐसे अचीवमेंट्स भविष्य के कार्यों के लिए प्रेरणा देते हैं। उन्होंने मोटी आई अभियान को डेटा-ड्रिवन, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं सामाजिक संरचना को ध्यान में रखते हुए फील्ड निरीक्षण आधारित बताया, जिसे उन्होंने अत्यंत सराहनीय कहा।

श्री मिश्रा ने शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़े इंडिकेटर्स पर और अधिक प्रभावी कार्य करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण, आशा कार्यकर्ताओं के साथ स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान देने के साथ-साथ नई शिक्षा नीति के अंतर्गत प्री-प्राइमरी शिक्षा प्रदान करने हेतु ओरिएंटेशन देने के निर्देश दिए। साथ ही पोषण आहार वितरण एवं उसकी मॉनिटरिंग में तकनीक के उपयोग हेतु सीसीटीवी, क्यूआर कोड एवं जियो-टैगिंग जैसी व्यवस्थाओं को प्रोत्साहित करने पर बल दिया।

इसके अतिरिक्त उन्होंने जिले में कृषि आधारित प्रोसेसिंग उद्योग के विकास, शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न क्षेत्रों में अचीवर्स को सम्मानित कर विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित करने तथा छात्र-छात्राओं को प्रेरित करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं ग्रामों में भारतनेट प्रणाली की पूर्ण कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के प्रयासों को तेज करने पर भी उन्होंने जोर दिया।

सीपीओ श्री मिश्रा ने कहा कि विभिन्न चुनौतियों के बावजूद जिले की टीम द्वारा किया जा रहा कार्य प्रशंसनीय है और आने वाले समय में इससे और बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेन्द्र सिंह चौहान, डिप्टी कलेक्टर सुश्री अवनधती प्रधान, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. एस. बघेल, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती सुप्रिया बिसेन एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खरगोन पुलिस के द्वारा तांत्रिक क्रियाओ के लिए अपहरण हुए 6 वर्षीय बालक के सफलता पूर्वक रेस्क्यू करने पर नागरिकों ने किया पुलिस टीम का सम्मान

## नागरिकों ने भारत माता की जय एवं वन्दे मातरम् के लगाए नारे







**खरगोन/ अंजु त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** खरगोन पुलिस द्वारा तांत्रिक क्रियाओं के लिए अपहरण किए गए 06 वर्षीय बालक के सफल एवं सकुशल रेस्क्यू के बाद जिले में पुलिस की कार्यशैली की व्यापक सराहना की जा रही है। इस सराहनीय कार्य के लिए नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं पत्रकार साथियों द्वारा पुलिस टीम का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर नागरिकों ने भारत माता की जय एवं वन्दे मातरम् के नारों के साथ पुलिस का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री रविन्द्र वर्मा स्वयं उपस्थित रहे जिनके साथ अति पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमति शकुन्तला रुहल, एसडीओपी बड़वाह श्रीमती अर्चना रावत, टीआई बड़वाह बलराम सिंह राठौड़, टीआई बेड़ियां उनि धर्मेन्द्र यादव, थाना सनावद का पुलिस स्टाफ, थाना बड़वाह का पुलिस स्टाफ एवं सायबर टीम मौजूद रही ।

प्रेस क्लब सनावद के सदस्यों एवं जयसवाल समाज बड़वाह द्वारा पुलिस टीम को सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि 02 दिवस पूर्व खरगोन पुलिस ने तांत्रिक क्रियाओं एवं धनवर्षा आदि करने के उद्देश्य से अपहरण किए गए 06 वर्षीय बालक को अपहरणकर्ताओं के कब्जे से समय रहते सकुशल मुक्त कराया था। इस प्रकरण में पुलिस द्वारा गिरोह के 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे मामले का सफलतापूर्वक खुलासा किया गया।

जांच में सामने आया कि आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से क्षेत्र की रेकी कर बालक को अपहरण के लिए चिह्नित किया था। बालक के साथ किसी भी प्रकार की बड़ी अनहोनी होने से पहले ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे सुरक्षित बचा लिया।

बालक की सकुशल दस्तयाबी हेतु जिले के विभिन्न थानों के 100 से अधिक पुलिसकर्मियों को लगाया गया था। पुलिस द्वारा हर एक पहलू की सूक्ष्मता से जांच की गई तथा लगातार 22 दिनों तक सर्चिंग ऑपरेशन चलाया गया, जिसके परिणामस्वरूप पुलिस टीम को यह महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

प्रकरण के खुलासे के उपरांत आम जनमानस में पुलिस के प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ है। नागरिकों ने इस जघन्य अपराध के पर्दाफाश एवं बालक की जान बचाने के लिए खरगोन पुलिस की कार्यकुशलता, समर्पण और संवेदनशीलता की मुक्तकंठ से प्रशंसा की ।

# पाले से फसलों की सुरक्षा के लिए कृषि विभाग ने दी किसानों को सलाह

**खण्डवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** रबी फसलों हेतु जनवरी माह में शीतलहर का दौर शुरू है। शीतलहर के कारण पौधे की पत्तियां व फूल झुलसते, बाद में झड़ जाते हैं। शीतलहर का अत्यधिक असर दलहनी -तिलहनी, धनिया, मटर व आलू की फसलों पर पड़ता है। उपसंचालक कृषि श्री नितेश यादव ने बताया कि रात के समय तापमान लगभग 4-5 डिग्री या इससे कम होता है तब धरातल के आसपास व फसलों -पौधों की पत्तियों पर बर्फ की पतली परत जम जाती है। इसी परत को पाला कहते हैं। पौधों की पत्तियों पर पाले का प्रकोप रात 12 से सुबह 4 बजे के बीच अधिकांश होता है। पाले से प्रभावित फसल व पौधों की पत्तियों पर पानी की बूंद जमा हो जाती है, पत्तियों की कोशिका भित्ती फट जाती है जिससे पत्तियां सूखकर झड़ने लगती है । उन्होंने पाले से बचाव के लिए किसान भाईयों को पाले से फसलों की सुरक्षा एवं सर्तकता हेतु सलाह दी है कि रात्रि में खेत की मेढ़ो पर लगभग 6 से 8 स्थानो पर कचरा तथा खरपतवार आदि जलाकर धुंआ करें। यह प्रयोग इस प्रकार किया जाना चाहिए कि धुआं सारे खेत में छा जाए तथा खेत के आसपास का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक आ जाए। इस प्रकार धुआं करने से फसल का पाले से बचाव किया जा सकता है। उन्होंने किसानों को सलाह दी है कि पाले की संभावना होने पर खेत की हल्की सिंचाई कर देना चाहिए। इससे मिट्टी का तापमान बढ़ जाता है तथा नुकसान की मात्रा कम हो जाती है। सिंचाई बहुत ज्यादा नहीं करनी चाहिए तथा इतनी ही करनी चाहिए जिससे खेत गीला हो जाए।

उपसंचालक कृषि श्री यादव नेबताया कि रस्सी का उपयोग भी पाले से काफी सुरक्षा प्रदान करता है। इसके लिए दो व्यक्ति सुबह- सुबह जितनी जल्दी हो सके एक लंबी रस्सी को उसके दोनों सिरों से पकड़ कर खेत के एक कोने से लेकर दूसरे कोने तक फसल को हिलाते चलना है।

# 17 मोतियाबिंद के मरीजों का होगा निःशुल्क लैंस प्रत्यारोपण




**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सी.एम. एच. ओ. डॉ सुरेखा जमरे और डॉ मनोज खन्ना के मार्गदर्शन में लगे नेत्र शिविर में बड़वानी जिले के ग्रामीण इलाकों के साथ साथ खरगोन व आलिराजपुर जिले से 74 नेत्र मरीज़ अपनी आंखों की जॉच कराने आए थे। शिविर में कुल 74 मरीजों का नेत्र परीक्षण कैम्प कोऑर्डिनेटर रविन्द्र टेकाम और डॉ ऋषिकेश ने किया। सिस्टर लक्ष्मी बेगा ने ब्लड प्रेशर और मनोज भगोरे ने ब्लड शुगर की जांच की। वार्ड बाय सुधीर सोनाने ओर धर्मेंद्र बिल्लौरे ने शिविर की व्यवस्था सम्भाली। लायन महेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि परीक्षण के पश्चात् 20 मरीज में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए।3 मरीजों का ब्लड शुगर अधिक होने से लैंस प्रत्यारोपण नहीं किया जा सकता था। अतः 17 मरीजों को लैंस प्रत्यारोपण हेतु बस द्वारा इंदौर भेजे गये। द्वितीय वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन राम जाट ने बताया कि शिविर में 3 मरीज ठंड के साधन से नही आए थे। उन्हें लायन सुनिल शर्मा के सौजन्य से कम्बल प्रदान किए गए।इस नेत्र शिविर में डीडी पीएम अनिल राठोड़ का विषेश सहयोग प्राप्त हुआ। अतः लायन सचिन शर्मा ने जिला अस्पताल बड़वानी के स्टाफ के साथ साथ अनिल राठोड़ का बहुत बहुत आभार माना। आगामी नेत्र परीक्षण शिविर दिंनाक 19 जनवरी सोमवार को पुनः आयोजित होगा।

# स्वास्थ्य विभाग ने शीत लहर के संबंध में जारी की एडवाईजरी

**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शीतलहर के कारण जन-मानस में शारीरिक क्षति एवं विषम परिस्थितियों में मौत की भी संभावना होती है। प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप प्रायः माह दिसंबर व जनवरी में प्रतिवेदित होती है जब कुछ प्रादेशिक क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान 5-7 डिग्री सेल्सियस दर्ज होता है।

ऐसी स्थिति में संवेदनशील समूह विशेषकर 65 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजन, 5 वर्ष से कम आयु के बच्चे, दीर्घकालिक हृदय अथवा श्वसन रोगों से पीड़ित व्यक्ति, बेघर व्यक्ति, निर्माण स्थल व खुली जगहों पर कार्य करने वाले श्रमिक, सड़क पर रहने लोग, खुले क्षेत्रों में व्यवसाय करने वाले छोटे व्यवसायियों द्वारा शीतलहर के दौरान विशेष सतर्कता बरतना आवश्क है। राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण द्वारा जारी की गई है ताकि तदानुसार जिलों में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। ज्ञातव्य हो कि शीत लहर एक मौसम संबंधी घटना है जिसमें सतह के पास हवा के तापमान में तेज गिरावट आती है, जिससे तापमान बेहद कम हो जाता है. वायुदाब एवं हवा की गति में तेज वृद्धि होती है तथा जो पाला अथवा बर्फ जमने जैसी मौसमी घटनाएं जुड़ी होती है। शीत लहर से संबंधित निम्न तथ्यात्मक जानकारी से अवगत होंरू- प्रदेश में शीत लहर का प्रकोप प्रायः माह दिसम्बर-जनवरी में परिलक्षित होता है। शीत लहर का स्वास्थ्य पर प्रभाव अत्याधिक ठंड से समुचित बचाव न करने पर जैसी शीत होना अथवा विषम परिस्थिति में मृत्यु की भी संभावना होती है।

लंबे समय तक ठंडे तापमान के संपर्क में रहने पर शारीरिक गर्मी व संग्रहित ऊर्जा में कमी होती है, जिससे शारीरिक तापमान और भी कम हो जाता है। 4. हाईपोथरमिया के लक्षण कंपकंपी थकावट या बहुत अधिक कमजोरी महसूस होना भ्रम हाथों का लड़खड़ाना वयस्क स्मृति हानि अस्पष्ट वाणी उनींदापन शिशु चमकदार लाल ठंडी त्वचा बहुत कम ऊर्जा होना हाईपोथरमिया होना चिकित्सकीय आपात स्थिति होती है। ऽ हाईपोथरमिया से पीड़ित व्यक्ति को किसी गरम कमरे अथवा आश्रय में ले जायें और कपड़े बदलें ध् गीले कपड़े उतार दें। ऽ तत्काल पीड़ित व्यक्ति को सूखे कंबल, कपड़ा, तौलिया, चादर आदि के सूखे परतों में लपेटें। ऽ शारीरिक तापमान में वृद्धि हेतु गरम पेय पदार्थ दें परन्तु मादक पेय का सेवन न कराए। बेहोश व्यक्ति को पेय पदार्थ न दें। शारीरिक तापमान बढ़ने के पश्चात पीड़ित व्यक्ति को सूखा रखें व उसके शरीर, सिर तथा गर्दन को गर्म कंबल में लपेटें। ऽ पीड़ित व्यक्ति को यथाशीघ्र चिकित्सकीय देखभाल हेतु निकटस्थ अस्पताल में ले जायें। ऽ गंभीर हाइपोथर्मिया से पीड़ित व्यक्ति बेहोश हो सकता है जिससे उसकी नाड़ीया साँस की गति धीमी हो जाती है ऐसी स्थिति में, तत्काल आपातकालीन सहायता प्राप्त की जाए। लंबे समय तक ठंड के संपर्क में रहने से त्वचा पीली, सख्त, सुन्न पड़ सकती है तथा शरीर के खुले हिस्सों जैसे उंगलियाँ, पैर के पंजें, नाक अथवा कानों पर काले छाले पड़ सकते हैं जो प्रायः शीतदंश के लक्षण होते हैं।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )

# हाकाल क्षेत्र में चला निगम का बुलडोजर... अवैध 4 मंजिला होटल ध्वस्त

## कलालसेरी में 100 साल पुरानी दीवार गिरी, बड़ा हादसा टला; निगम ने शेष हिस्सा भी गिरवाया



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महाकालेश्वर मंदिर क्षेत्र में अवैध निर्माण के खिलाफ नगर निगम ने सोमवार सुबह सख्त कार्रवाई की। सुबह करीब 7 बजे, जब शहर नींद से जाग ही रहा था, भारी पुलिस बल की मौजूदगी में महाकाल मार्ग स्थित एक 4 मंजिला अवैध होटल निर्माण को ध्वस्त किया गया।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, महाकाल मार्ग स्थित नेहा होटल के पास भवन क्रमांक 97/7/ए, जो नूरजहां पति गुलाम मोहम्मद के नाम दर्ज है, वहां बिना किसी वैध अनुमति के जी+3 (भूतल सहित तीन मंजिल) का निर्माण किया गया था। यह संपत्ति जोन क्रमांक-3 के अंतर्गत आती है। पूर्व में नोटिस जारी किए जाने के बावजूद निर्माण नहीं हटाए जाने पर सोमवार को रिमूवल की कार्रवाई की गई।

सुबह-सुबह निगम का रिमूवल अमला पोकलेन मशीनों और अन्य संसाधनों के साथ मौके पर पहुंचा। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए महाकाल थाना पुलिस का पर्याप्त बल तैनात किया गया। अधिकारियों की निगरानी में पोकलेन के माध्यम से अवैध ढांचे को ढहाया गया। कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में कुछ समय के लिए आवागमन भी प्रभावित रहा, लेकिन किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति नहीं बनी।

इधर, शहर के कलालसेरी इलाके में रविवार शाम एक पुरानी दीवार गिरने से हड़कंप मच गया। बोहरा समाज के जमातखाने की करीब 100 साल पुरानी दीवार अचानक भरभराकर ढह गई। घटना शाम लगभग 4.15 बजे की है। संकरी गली में हमेशा लोगों की आवाजाही रहती है, लेकिन गनीमत रही कि जिस समय दीवार गिरी, वहां कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार, नई सड़क से कलालसेरी पहुंचने वाली संकरी गली के मुहाने पर स्थित जमातखाने के भीतर नया निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान बाहर की पुरानी दीवार कमजोर होकर गिर पड़ी। सूचना मिलते ही नगर निगम का अमला मौके पर पहुंचा। सब इंजीनियर दीपक शर्मा के नेतृत्व में टीम ने सुरक्षा के लिहाज से दीवार के बचे हुए हिस्से को भी गिरा दिया।

निगम अधिकारियों ने बताया कि इस दीवार को लेकर पूर्व में दो बार प्रबंधन समिति को नोटिस जारी किए जा चुके थे। समय रहते कार्रवाई नहीं होने के कारण यह स्थिति बनी। निगम ने स्पष्ट किया है कि शहर में जर्जर और अवैध निर्माणों के खिलाफ आगे भी सख्त कदम उठाए जाएंगे, ताकि किसी भी तरह की जनहानि को रोका जा सके।

# कलेक्टर श्री सिंह द्वारा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के कार्यों की समीक्षा की गई



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह द्वारा सोमवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभागीय योजनाओं की जिले में प्रगति के बारे में विस्तार से बताया गया।

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित लक्ष्य 208 के विरुद्ध 230 प्रकरण वितरित किए गए जो निर्धारित लक्ष्य का 110.5 प्रतिशत है। साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 में 189 नवीन एमएसएमई इकाईयों की स्थापना की गई। जिनमें 945 लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है।

बैठक में बताया गया कि मध्यप्रदेश एमएसएमई प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में दिनांक 08 अगस्त 2024 से आज दिनांक तक विनिर्माण क्षेत्र की 145 इकाईयों को राशि रु. 32.21 करोड़ का उद्योग विकास अनुदान ऑनलाइन छ्र्क्ल्ल माध्यम से केंद्रीयकृत व्यवस्था द्वारा उद्योग संचालनालय भोपाल से इकाइयों के बैंक खाते में ट्रांसफर किए गए है।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह द्वारा विभागीय विकास कार्यों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। इसमें बताया गया कि मेसर्स जाह्नवी प्लास्टिक क्लसटर एसोसिएशन उज्जैन के द्वारा भूमि पर विकास कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। क्लस्टर विकास के लिए प्रथम चरण में सड़क निर्माण एवं नाली निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं पानी के लिए बोरिंग किया जा चुका है।औद्योगिक प्रयोजन के लिए विभाग को घट्टिया तहसील के ग्राम रुईगढा में 14.25 हेक्टेयर, ग्राम रुदाहेडा में 23 हेक्टेयर और बड़नगर तहसील के ग्राम बालोदाकौरन में 10 हेक्टेयर जमीन का हस्तांतरण किया गया है। जिले में कुल 957 औद्योगिक इकाईयां वर्तमान में संचालित की जा रही है। इनमें पैकेजिंग, फेब्रिकेशन, टेक्सटाईल, खाद्य प्रसंस्करण और कृषि उत्पाद आधारित इकाईया शामिल है।

# उज्जैन सीए बॉक्स क्रिकेट लीग - सीजन 2 का सफल आयोजन



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सीए आक्रित जैन (चेयरमैन), उज्जैन सीए शाखा ने जानकारी देते हुए बताया कि उज्जैन सीए बॉक्स क्रिकेट लीग ङ्क सीजन 2 का आयोजन दिनांक 4 जनवरी, रविवार को श्री माधव क्लब टर्फ, उज्जैन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस रोमांचक टूर्नामेंट में 50 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस क्रिकेट लीग का मुख्य उद्देश्य सभी चार्टर्ड अकाउंटेंट सदस्यों के बीच आपसी बॉन्डिंग, नेटवर्किंग को बढ़ावा देना तथा उन्हें शारीरिक रूप से सक्रिय रहने के लिए प्रेरित करना था।

टूर्नामेंट में खिलाड़ियों का चयन ऑक्शन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया, जिसमें विभिन्न चार्टर्ड अकाउंटेंट सदस्यों द्वारा बोली लगाकर अपनी-अपनी टीमें गठित की गईं।

सीए नितिन गरुड़ एवं सीए अरविंद होरा विक्रम वॉरियर्स

सीए राजेश अग्रवाल एवं सीए अरविंद मंत्री - उज्जैन टाइगर्स।

सीए सौरभ सोडानी एवं सीए जीतेंद्र थानी - उज्जैन सुपर किंग्स

सीए अवनीश गुप्ता एवं सीए रुचिन अग्रवाल - टैक्स टाइटन्स।

सीए आदित्य नामजोशी एवं सीए अंकुर गोयल - ऑडिटर्स चैलेंज।

सीए राजेश सिंघी एवं सीए वैभव मनवानी- देवास रॉयल्स।

लीग विजेता- देवास रॉयल्स।

उपविजेता- उज्जैन टाइगर्स।

लीग के आयोजन में वृंदावन धाम फार्म्स एवं एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

मैन ऑफ द सीरीज- सीए आतुष जैन।

सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज- सीए संदीप कुशवाहा

सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज- सीए अरविंद होरा।

सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक- सीए अंशुल विजयवर्गीय।

# नृसिंह घाट समानांतर ब्रिज का स्थान बदला, अब 200 मीटर दूर बनाएंगे

## भूमिपूजन के बाद निर्माण शुरू, सैकड़ों डंपर मलबा डाला गया, फिर एप्रोच रोड की कमी सामने आई



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच नृसिंह घाट पर बनने वाले समानांतर ब्रिज को लेकर बड़ा प्रशासनिक असमंजस सामने आया है। पहले से बने ब्रिज के ठीक बगल में नया पुल बनाने की योजना पर न केवल भूमिपूजन हो चुका था, बल्कि निर्माण कार्य भी शुरू हो गया था। शिप्रा नदी में सैकड़ों डंपर मलबा डालकर नींव की तैयारी कर दी गई थी, निर्माण सामग्री भी मौके पर पहुंचा दी गई थी, लेकिन अचानक पुल का स्थान बदलने का फैसला कर लिया गया। अब स्थिति यह है कि नदी में डाले गए मलबे को हटाने का काम शुरू कर दिया गया है।

सिंहस्थ की तैयारियों में यह पहला मामला है जब किसी बड़े प्रोजेक्ट का काम शुरू होने के बाद उसकी लोकेशन बदली गई हो। इससे न केवल समय की बर्बादी हुई है, बल्कि प्रशासनिक योजना पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

उल्लेखनीय है किसेतु निगम ने रामघाट क्षेत्र में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए क्राउड कंट्रोल के उद्देश्य से नृसिंह घाट पर पहले से बने ब्रिज के समानांतर एक और पुल बनाने की योजना तैयार की थी। इसके लिए गुजरात की बी.आर. अग्रवाल फर्म को 10.40 करोड़ रुपए का ठेका दिया गया। ठेका मिलते ही फर्म ने आसपास के ढाबे हटवाए और नदी में मलबा डलवाकर काम की शुरुआत कर दी। लेकिन काम आगे बढ़ने से पहले ही सबसे अहम पहलू एप्रोच रोड की कमी सामने आ गई। दत्त अखाड़ा की ओर तो पुल के लिए पर्याप्त जगह है, लेकिन रामघाट साइड पर एप्रोच रोड बनाने के लिए जगह ही नहीं है। माली समाज धर्मशाला और झालरिया मठ के बीच का मार्ग पहले से ही संकरा है, ऐसे में दो पुलों का दबाव झेल पाना मुश्किल होता। हैरानी की बात यह है कि यह व्यावहारिक समस्या अधिकारियों को तब समझ आई, जब पुल का काम शुरू हो चुका था। अब निर्णय लिया गया है कि नया पुल पहले से तय स्थान से करीब 200 मीटर दूर बनाया जाएगा और इसके लिए नया एप्रोच रोड भी विकसित किया जाएगा। इसके चलते पूरी प्लानिंग नए सिरे से करनी पड़ रही है।

उधर, निर्माण एजेंसी ने रविवार से नदी में डाले गए मलबे को हटाने का काम शुरू कर दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे फैसले सिंहस्थ जैसी महाआयोजना में समय और संसाधनों दोनों की भारी कीमत चुकवाते हैं।

### सिंहस्थ ब्रिज प्रोजेक्ट एक नजर में

सिंहस्थ-2028 के लिए कुल 19 ब्रिज प्रस्तावित

कुल लागत करीब 452 करोड़ रुपए

नृसिंह घाट समानांतर ब्रिज की लागत 10.40 करोड़ रुपए

पहले स्थान पर काम शुरू, अब 200 मीटर दूर नई लोकेशन

एप्रोच रोड की कमी बनी स्थान परिवर्तन की मुख्य वजह

# त्रिपाठीजी भारतीय काव्य शास्त्र के उद्भट विद्वान् थे - आचार्य बालकृष्ण शर्मा

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** क्लैसिकी शोध संस्थान एवं मध्यप्रदेश लेखक संघ उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में आचार्य राममूर्ति त्रिपाठी स्मरण प्रसंग एवं पूर्व आई.जी. डॉ. पन्नालाल की तीन कृतियों का लोकार्पण महाश्वेतानगर में एक भव्य समारोह में हुआ।

मारोह की अध्यक्षता करते हुए पूर्व कुलगुरु डॉ. मोहन गुप्त ने कहा कि जिसमें जैसी श्रद्धा होती है वह वैसा ही हो जाता है और त्रिपाठी जी ने अनौपचारिक आलोचना का सूत्रपात किया। आज उनके विचार यहीं पर स्थित होकर न रह जाए बल्कि अगली पीढ़ी को संक्रांत करके जाएँ। सारस्वत अतिथि पूर्व कुलगुरु आचार्य डॉ. बालकृष्ण शर्मा ने कहा कि त्रिपाठी जी भारतीय काव्य शास्त्र के उद्भट विद्वान् थे और आचार्यों की परंपरा में विलक्षण थे जो एक गहरी चिंतनधारा ,परम्परा से जुड़े थे। विशेष अतिथि सम्राट विविवि कार्यपरिषद सदस्य राजेशसिंह कुशवाह ने कहा कि उज्जैन तपस्वियों और मनीषियों की नगरी रही है तथा उन्हें याद करना हमारा कर्तव्य है। प्रमुख वक्ता कुलानुशासक डॉ. शैलेन्द्रकुमार शर्मा ने कहा कि त्रिपाठी जी प्राचीन शास्त्रों के पुनर्व्याख्याकार थे और वे शब्द शक्ति एवं रस विचार के अप्रितम व्याख्याकार थे। पूर्व आईजी डॉ. पन्नालाल की तीन पुस्तकों का लोकार्पण करते हुए अतिथियों ने कहा कि इन पुस्तकों में डॉ. पन्नालाल जी के प्रशासनिक अनुभवों का निचोड़ है जिससे नए प्रशासनिक अधिकारियों को प्रेरणा लेनी चाहिए। लेखक डॉ. पन्नालाल ने , त्रिपाठी जी को स्मरण करते हुए उनकी सादगी और विद्वता कीं चर्चा की।

विषय प्रवर्तन मध्यप्रदेश लेखक संघ के अध्यक्ष आचार्य प्रो. हरिमोहन बुधौलिया ने करते हुए त्रिपाठी जी से जुड़े रोचक संस्मरण प्रस्तुत किए। आचार्य प्रो. शैलेन्द्र पाराशर, तुलसी मनवानी ने भी समारोह में अपने विचार व्यक्त किये। आरम्भ में त्रिपाठी जी के चित्र पर माल्यार्पण और पंडित राजेश रावल की सरस्वती वंदना से आयोजन आरम्भ हुआ।

# पुलिस को पीछा करते देख भागे बदमाश की टूटी टांग



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** संगीन अपराधों में फरार चल रहा बदमाश सर्कल भ्रमण के दौरान पुलिस के सामने आ गया। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो भागने लगा। उसकी बाइक फिसल गई। टांग टूटने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पंवासा थाना क्षेत्र के ताजपुर में रहने वाला अमजद पिता रहीम खान कुख्यात बदमाश है। उसके खिलाफ कई थानों में 15 से अधिक संगीन अपराध दर्ज है। कुछ माह पहले वह साथियों के साथ डकैती की योजना बना रहा था। पुलिस सूचना मिलने पर पहुंची थी। उसके साथी हिरासत में आ गये थे लेकिन कुख्यात बदमाश अमजद भाग निकला था। जिसकी तलाश जारी थी, गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम भी रखा था। सोमवार देर शाम पंवासा थाना पुलिस सर्कल भ्रमण कर रही थी उसी दौरान इनामी फरार बदमाश पिंगलेश्वर के समीप बाइक से आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे पकड़ने के लिये पीछा किया लेकिन उसकी बाइक फिसल गई और पैर टूटने से बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंची। थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि बदमाश फरार इनामी है, वहीं उसके खिलाफ रासुका का कार्रवाई भी प्रस्तावित है। बदमाश के पास से जिंदा राउंड लगी पिस्टल भी बरामद हुई है। उसके खिलाफ गौवंश वध, अवैध शराब, अवैध हथियार, डकैती की योजना बनाने जैसे संगीन मामले दर्ज है।

# दामाद ने ईट से हमला कर सास का फोड़ा सर

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बेटी और जमाई के बीच विवाद -होता देख समझाने पहुंची सास पर जमाई ने ईंट से हमला कर दिया। सिर फूटने पर सास लहूलुहान हो गई जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस ने जमाई के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के सम्राट - नगर में रहने वाली मुस्कान और उसके पति शोएब अंसारी के बीच विवाद हो रहा था। घर के सामने रहने वाली मुस्कान की मां रूबीना पति सलीम खान ने दोनों को झगड़ते देखा तो वह समझाने के लिए पहुंची। जमाई छत पर चला गया। सास उसे नीचे खड़े होकर समझाने का प्रयास कर रही थी उसी दौरान आवेश में जमाई ने छत पर रखी ईंट से हमला कर दिया। रूबीना के सिर में चोट लगने पर वह लहूलुहान हो गई। रूबीना के पुत्र तत्काल मौके पर पहुंचे और मां को उपचार के लिए अस्पताल लेकर आए। इस दौरान जमाई घर से भाग निकला था। पुलिस के अनुसार मामले में प्रकरण दर्ज किया गया है। घायल महिला के बयान दर्ज किए गए हैं।

# ग्वालियर में उज्जैन के कमलेश चांगल बेस्ट पोजर एवं शोएब बेस्ट मोस्ट इंप्रूव्ड बॉडी के खिताब से नवाजे गए

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्य प्रदेश मुख्यालय उज्जैन के तत्वाधान में ग्वालियर जिला बॉडीबिल्डिंग संगठन एवं जीवाजी क्लब द्वारा 3 लाख केश प्राइज चंबल श्री मिस्टर एमपी बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप का भव्य ऐतिहासिक आयोजन किया गया.. राज्य चेयरमैन प्रेम सिंह यादव एवं पूर्व मिस्टर इंडिया सिविल सर्विसेज राज्य अध्यक्ष जितेंद्र कुशवाहा ने बताया कि... प्रदेश की 33 जिला इकाइयों के 250 से भी अधिक साधकों ने संगीत की धुन पर थिरकते हुए राष्ट्रभक्ति, स्वच्छता ,देश प्रेम, सद्भावना की अलख जगाकर व्यायाम से जुड़ने का संदेश प्रदान किया...कड़कड़ाती शीत लहर में मध्य रात्रि तक बॉडी बिल्डर ने मांस पेशियों के माध्यम से खेल प्रेमियों को शानदार खेल की दावत दी .... ग्वालियर में आयोजित स्पर्धा में उज्जैन को दो खिताब प्राप्त करने में सफलता अर्जित की बेस्ट पोज़र का खिताब उज्जैन के कमलेश चांगल ने हासिल किया....मोस्ट इंप्रूवड बॉडी का खिताब उज्जैन के मोहम्मद शोएब ने जीता वही समीर अंसारी व नरेंद्र आचार्य अपनी अपनी वेट ग्रुप में गोल्ड मेडल जीतने में कामयाब रहे वही वसीम खान 4th स्थान पर रहे।

# प्रतिबंध बेअसर... उज्जैन में चायना डोर बन रही गले का फंदा

## लालपुल पर पंडिताई करने वाले युवक का गला रेता, तीन लेयर में 12 टांके; एक माह में सात गंभीर हादसे



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रशासनिक प्रतिबंध, पुलिस की सख्ती और लगातार चेतावनियों के बावजूद उज्जैन में खूनी चायना डोर का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार शाम एक बार फिर यह जानलेवा डोर मौत बनकर दौड़ी और 22 वर्षीय युवक का गला रेत डाला। हालत इतनी गंभीर थी कि युवक के गले में तीन लेयर में 12 टांके लगाने पड़े। अधिक खून बहने से उसकी स्थिति चिंताजनक हो गई।

मूल रूप से जीरापुर निवासी विनय तिवारी (22), पिता घनश्याम तिवारी, जयसिंहपुरा में रहकर पंडिताई करते हैं। रविवार शाम करीब 5.30 बजे वे बाइक से निकले थे। लालपुल के पास अचानक चायना डोर उनके गले में उलझ गई। पल भर में डोर ने तेज धारदार हथियार की तरह गला काट दिया। विनय बाइक सहित सड़क पर गिर पड़े और लहूलुहान हो गए।

राहगीरों की सतर्कता से बची जान - घटना के वक्त मौजूद अर्जुन माली और गोलू माली ने बिना समय गंवाए मोर्चा संभाला। उन्होंने विनय के गले में फंसी डोर को देखा और तत्काल कपड़े से खून रोकने का प्रयास किया। इसके बाद दोनों युवक उन्हें बाइक पर बैठाकर सीधे चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों के मुताबिक यदि कुछ मिनट और देरी होती तो जान बचाना मुश्किल हो जाता।

दो घंटे चला ऑपरेशन, इंदौर किया रैफर- चरक अस्पताल में डॉ. अंशु वर्मा ने विनय को तत्काल ऑपरेशन थिएटर में लिया। गले की गहरी चोट को देखते हुए तीन लेयर में 12 टांके लगाए गए और डोर को काटकर बाहर निकाला गया। करीब दो घंटे तक ऑपरेशन चला। हालत नाजुक होने पर युवक को इंदौर रैफर किया गया, हालांकि परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां फिलहाल उसकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है।

डॉ. वर्मा ने बताया कि गला तेज धारदार हथियार की तरह कटा था और फव्वारे की तरह खून बह रहा था। समय पर खून रोके जाने से ही युवक की जान बच सकी।

एक माह में सात गंभीर हादसे, फिर भी बेखौफ उड़ान - चिंताजनक बात यह है कि दिसंबर के अंत से अब तक चायना डोर से जुड़े सात गंभीर हादसे हो चुके हैं। इसके बावजूद शहर में खुलेआम चायना डोर बिकने और उड़ने की शिकायतें थम नहीं रही हैं। हर बार हादसे के बाद सख्ती की बात होती है, लेकिन कुछ ही दिनों में मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है।

### एक नजर चायना डोर से हुए बड़े हादसों पर

27 दिसंबर 2025- इंदिरा नगर, गायत्रीनगर–तुलसीराम घायल, नाक पर 4 टांके

20 दिसंबर 2025- आगर रोड, खिलचीपुर पुलिया–छात्र योगेश आंजना का गला कटा, 10 टांके

9 दिसंबर 2025- जीरो पाइंट ब्रिज–छात्र विपुल महिवाल लहूलुहान

31 दिसंबर 2025- जयसिंहपुरा–प्रेम कुलवाडिया का गला कटा

27 नवंबर 2025- हरिफाटक ब्रिज–स्कूटी सवार महिला घायल, शरीर पर खरोंचें

30 नवंबर 2025- हरिफाटक ब्रिज–एक्टिवा सवार महिला के हाथ कटे

5 जनवरी 2026- लालपुल–विनय तिवारी गंभीर रूप से घायल

सवालों के घेरे में प्रशासन - लगातार हो रही घटनाओं ने प्रशासनिक दावों की पोल खोल दी है। प्रतिबंध के बावजूद चायना डोर की उपलब्धता कैसे बनी हुई है? हादसों के बाद कार्रवाई क्यों ढीली पड़ जाती है? इन सवालों के जवाब अब भी हवा में हैं, जबकि शहरवासी हर दिन इस अदृश्य मौत के खतरे के साए में चलने को मजबूर हैं।

# चायना डोर के साथ पकड़ाये युवक का निकाला जुलूस

## दो नाबालिगो के साथ ऑर्डर पर करता था सप्लाय



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जानलेवा साबित हो रही चायना डोर के साथ युवक को पुलिस में सोमवार सुबह हिरासत में लिया। जिससे प्रतिबंधित डोर बरामद करने के बाद उसका दोपहर में जुलूस निकाला। युवक दो नाबालिगो के साथ ऑर्डर पर चाइना डोर सप्लाय कर रहा था। दोनों नाबालिगो को भी पुलिस ने पकड़ा है।

चायना डोर पर दिसंबर माह में प्रतिबंध लगाया गया था। बावजूद चायना डोर से गला कटने के हादसे लगातार सामने आ रहे हैं। पुलिस द्वारा धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इसके चलते सोमवार सुबह महाकाल थाना पुलिस को सूचना मिली कि बेगमपुरा ब्रिज के नीचे एक युवक चायना डोर बेचने के लिए निकला है। थाना प्रभारी गगन बादल ने टीम के साथ युवक की घेराबंदी की और उसे हिरासत में लिया। पूछताछ में नाम सैफ अली होना सामने आया जो ऑर्डर पर चायना डोर बेचने का काम कर रहा था। उसके साथ दो नाबालिग भी अवैध कारोबार से जुड़े हुए थे। पुलिस ने दोनों नाबालिग साथियों को भी हिरासत में लिया। तीनों की निशानदेही पर 25 रील प्रतिबंधित डोर की जप्त की गई। पूछताछ में पता चला कि उक्त चायना डोर नीलगंगा क्षेत्र में रहने वाले युवक से बेचने के लिए लाए थे और ऑर्डर पर ही डोर सप्लाय कर रहे थे। थाना प्रभारी ने बताया कि हिरासत में आए युवक के खिलाफ जिलाधीश के

आदेश का उल्लंघन करने का प्रकरण दर्ज किया गया है। वही प्रतिबंधात्मक धारा में प्रकरण दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। उससे पहले युवक का बेगमबाग क्षेत्र में जुलूस भी निकाला गया। बरामद की गई चायना डोर जलाई गई है। थाना प्रभारी के अनुसार आने वाले दिनों में भी पुलिस द्वारा प्रतिबंधित चायना डोवर की तलाशी का अभियान जारी रहेगा वहीं चायना डोर से पतंगबाजी करने वालों को भी पकड़कर जेल भेजा जाएगा।

# वेद समस्त विद्याओं के मूलाधार हैं

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** विश्व के प्राचीनतम् साहित्य के रूप में प्रतिष्ठित हमारे चारों वेद न केवल इस देश की धरोहर है अपितु संसार की समस्त विद्याओं के मूलाधार है। इनकी रक्षा होने से ही समस्त विद्याओं कलाओं की रक्षा तथा हमारी सनातन संस्कृति की परम्परा जीवित रह सकेगी।

उपर्युक्त विचार श्री त्रिपुरसुन्दरी संस्थान के अधिष्ठाता वेदमूर्ति पं. उमेश शर्मा ने कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन द्वारा आयोजित कल्पवल्ली समारोह के द्वितीय दिवस पर व्यक्त किए। आपने कहा कि संसार के एकमात्र वेद ऐसे ग्रन्थ है जो सम्पूर्ण विश्व के कल्याण की कामना करते हैं। वेदों के प्रचार-प्रसार की आज के युग में अत्यन्त आवश्यकता है।

स्वागत भाषण देते हुए कालिदास संस्कृत अकादमी के निदेशक डॉ. गोविन्द गन्धे ने कहा कि वेदों की पूर्व में अनेक शाखाएँ विद्यमान थी किन्तु उन शाखाओं के अध्येताओं में निरन्तर कमी होने के कारण आज वेदों की अनेक शाखाएँ समाप्त प्रायः हो गई है। हमें अपनी इस प्राचीन विद्या परम्परा को धरोहर के रूप में सहेज कर रखना आवश्यक है अन्यथा आने वाले दिनों में आज जो शाखाएँ उपलब्ध हैं वे भी समाप्त प्रायः हो जाएगी और सम्पूर्ण विश्व इस ज्ञान की सम्पत्ति से वंचित हो जाएगा। आज के सत्र में सामवेद की राणायनीय, जैमिनी, कौथुम शाखा का स्वाध्याय हुआ तथा द्वितीय सत्र में शुक्ल यजुर्वेद की माध्यादिनी शाखा तथा काण्यशाख का एवं कृष्ण यजुर्वेद की तैतरीय, मैत्रायणी शाखा का स्वाध्याय हुआ।

# भगवान श्री महाकाल के आशीर्वाद से विश्वशांति और मानव कल्याण होगा

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ज्योतिर्लिंग स्वरूप में विराजमान भगवान श्री महाकाल काल के भी काल हैं। उनके चरणों में आज लाखों सेवकों द्वारा समर्पित की गई भस्म लिंगार्चन सेवा के कारण आने वाले समय में निश्चित ही विश्वशांति स्थापित होगी और समस्त मानव जाति का कल्याण होगा। ऐसे विचार अखिल भारतीय श्री स्वामी समर्थ सेवामार्ग के पीठाधीश परमपूज्य गुरुमाऊली श्री अण्णासाहेब मोरे ने व्यक्त किए। यह सुनते ही उपस्थित हजारों सेवकों ने एक स्वर में जय महाकाल का जयघोष किया, जिससे संपूर्ण कार्यक्रम स्थल गूंज उठा।

काल पर अधिराज्य रखने वाले, अकाल मृत्यु एवं भय का निवारण करने वाले, दक्षिणाभिमुख एकमात्र ज्योतिर्लिंग–श्री महाकालेश्वर की उज्जैन नगरी, परमपूज्य गुरुमाऊली के आगमन तथा स्वामी सेवकों के अपार उत्साह और सेवाभाव से गुंज उठी। हिंदू धर्म परंपरा में अवंतिका (उज्जैन) नगरी को मोक्षपुरी, ज्योतिर्लिंग क्षेत्र तथा महाकुंभ पर्वस्थल के रूप में विशेष महत्व प्राप्त है।

यह भस्मलिंगार्चन समारोह सभी के लिए अत्यंत पुण्यदायी है। सामूहिक उपासना के माध्यम से सेवकों को आध्यात्मिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा तथा जीवन की कठिनाइयों पर विजय पाने की शक्ति प्राप्त होगी–ऐसा आशीर्वाद गुरुमाऊली ने दिया।

श्री स्वामी समर्थ गुरुपीठ के उपव्यवस्थापक, गुरुपुत्र नितीनभाऊ मोरे के मार्गदर्शन में सेवामार्ग की ओर से श्रीक्षेत्र उज्जैन में ऐतिहासिक, अतिउच्च भस्मलिंगार्चन समारोह अभूतपूर्व प्रतिसाद और अद्वितीय उत्साह के साथ अत्यंत भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।